

राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा कहा- संसद के बजाय वाशिंगटन से क्यों मिल रही है जानकारी- 7



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से उद्योगों को तेज वृद्धि की उम्मीद - 10



ट्रंप के दावों का रूस ने दिया जवाब, भारत ने तेल क्रय से मना नहीं किया - 11



अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा भारत - 12


आज का मौसम

23.0° अधिकतम तापमान

10.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.58

सूर्यास्त 05.54


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com


2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 12:09 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 4 फरवरी 2026, वर्ष 35, अंक 365, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## विमानों के पंख एक दूसरे से टकराए...यात्री सुरक्षित



**मुंबई।** मुंबई हवाई अड्डे पर मंगलवार शाम एअर इंडिया और इंडिगो के दो विमानों के पंख एक दूसरे से टकरा गए, जिसके बाद विमानों को जांच के लिए खड़ा कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, एअर इंडिया का विमान रवाना हो रहा था, जबकि इंडिगो का विमान उतर रहा था। मुंबई एयरपोर्ट पर समानांतर रनवे हैं। दोनों ही विमान एयरबस ए320 थे। एअर इंडिया ने कहा, मुंबई से कोयंबटूर जाने वाली उड़ान एआई2732 में देरी हुई, क्योंकि टैक्सीवे पर प्रतीक्षा के दौरान एक अन्य कंपनी के विमान के संपर्क में आ गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

# व्यापार समझौते से झूमा बाजार, रुपया मजबूत, सोना-चांदी चढ़े

मुंबई, एजेंसी

भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने की घोषणा से उत्साहित भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को जबर्दस्त उछाल आया। सेंसेक्स 2,073 अंक और निफ्टी ने 639 अंक की छलांग लगाई। कारोबारी सत्र की शुरुआत के बाद सेंसेक्स 4,205.27 अंक यानी 5.14% उछलकर 85,871.73 अंक के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली होने से यह 2,072.67 अंक यानी 2.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,739.13 अंक पर बंद हुआ।


निफ्टी भी 639.15 अंक यानी 2.55% चढ़कर 25,727.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,252.80 अंक यानी 4.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,341.20 अंक तक पहुंच गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार रात को प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत के बाद कहा था कि भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा। हालांकि, अभी समझौते का विवरण सामने नहीं आया है।




### निवेशकों की संपत्ति 12.10 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** समझौते से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार की छलांग के साथ निवेशकों की पूंजी एक ही कारोबारी सत्र में 12.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। दिग्गज कंपनियों में बढ़त के बीच मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी खासी तेजी दर्ज की गई।

### कमजोर डॉलर के बीच चांदी 24 हजार चढ़ी



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के बीच चांदी और सोने की कीमतों में तीन दिन की तेज गिरावट का माहौल मंगलवार को खत्म हो गया और राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में इनमें मजबूत उछाल आया। इस दौरान चांदी 24,000 रुपये बढ़कर 2.84 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई तथा सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की ऊंचाई पर जा पहुंचा।

### रुपये ने 122 पैसे की लगाई ऊंची छलांग

**मुंबई।** भारतीय रुपये मंगलवार को सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा के रूप में उभरा, जिसने 122 पैसे या 1.33 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। अंत में रुपये डॉलर के मुकाबले 90.27 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि समझौते होने के बाद भारतीय रुपये ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसमें 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। घरेलू शेयर बाजार में भी लगभग 2.75 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## ब्रीफ न्यूज

### भारत ने अहम प्रौद्योगिकी एसएफडीआर का सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ ने मंगलवार को ठोस ईंधन डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रौद्योगिकी का सफल परीक्षण किया। इस उपलब्धि के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिनके पास यह अत्याधुनिक तकनीक है। यह प्रौद्योगिकी लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के विकास में सहायक होगी और शत्रु पर रणनीतिक बढ़त प्रदान करेगी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ओडिशा अपतटीय क्षेत्र स्थित चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज में किया गया। रक्षा मंत्री ने एसएफडीआर प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए डीआरडीओ और उद्योग जगत की सराहना की।

### 18 फरवरी से 12 मार्च तक यूपी बोर्ड परीक्षाएं

**प्रयागराज।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से आरंभ होकर 12 मार्च तक चलेंगी। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि परीक्षाओं को पारदर्शी ढंग से कराने के लिए विशेष तैयारी की है। प्रदेश के 18 जिलों के विभिन्न केंद्रों को संवेदनशील और अति संवेदनशील घोषित किया गया है। इनमें आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, प्रयागराज, कौशांबी आदि जनपद शामिल हैं। 20, 23 और 25 फरवरी को परीक्षा के दौरान उच्च सतर्कता बरती जाएगी। 26 के प्रथम पाली में हाई स्कूल गणित और इंटरमीडिएट भूगोल इसके साथ ही 27 की ड्यूटी पाली में विशेष निगरानी रहेगी।

# मेटा-वॉट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें, डेटा शेयर की इजाजत नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने गोपनीयता नीति पर लगाई फटकार, कहा- देश की निजता सबसे ऊपर

- नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगी कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ का जुर्माना लगाने के सीसीआई के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सएप को मंगलवार को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि दिग्गज कंपनियों को डेटा साझा करने के नाम पर निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं करने देंगे। उन्हें देश का कानून का मानना ही होगा, भले ही देश छोड़ दें।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि वह नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को याचिकाओं में पक्षकार बनाया जाए। पीठ मेटा और व्हाट्सएप की उन अपीलों पर सुनवाई कर रही थी, जो एनसीएलएटी के उस फैसले के खिलाफ दायर की गई हैं, जिसने विज्ञापन से जुड़े डेटा साझा करने के मामले में सीमित राहत देते हुए प्रभुत्व के दुरुपयोग संबंधी सीसीआई के निष्कर्षों को बरकरार रखा था। सीजेआई ने कहा, आप डेटा साझा करने के नाम पर इस देश के निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकते। हम आपको डेटा का एक शब्द भी साझा करने की अनुमति नहीं देंगे, या तो आप लिखित वचन (अंडरटेकिंग) दें, आप नागरिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं कर सकते।



### गोपनीयता शर्तें चालाकी से तैयार की गईं, आम आदमी समझ ही नहीं सकता

उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा कि इस देश में निजता के अधिकार की सख्ती से रक्षा की जाती है। कहा कि गोपनीयता संबंधी शर्तें इतनी चालाकी से तैयार की गई हैं कि आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं सकता। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह निजी जानकारी की चोरी करने का एक सभ्य तरीका है, हम आपको ऐसा नहीं करने देंगे... आपको लिखित वचन देना होगा, अन्यथा हमें आदेश पारित करना होगा।

### उच्च न्यायालयों में महीनों फैसलों को सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रखे जाने की प्रथा एक चिह्नित बीमारी, इसे खत्म किया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने समय पर न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि हाईकोर्ट द्वारा महीनों तक फैसलों को सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रखे जाने की प्रथा 'एक चिह्नित बीमारी' है, जिसे खत्म किया जाना चाहिए। पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले साल चार दिसंबर को एक याचिका खारिज करते हुए मौखिक रूप से फैसला सुनाया था और वह फैसला अब तक अपलोड नहीं किया गया है। पीठ ने कहा कि अगले सप्ताह के आखिर तक वकील को पूरा फैसला उपलब्ध कराया जाए। देरी का जिक्र करते हुए, याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, ऐसा लगता है कि सिर्फ जुबानी जमा खर्च किया जा रहा है, कोई संदेश जाना चाहिए। यह कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मोटे तौर पर दो तरह के न्यायाधीश होते हैं। उन्होंने कहा, एक मेहनती न्यायाधीश होते हैं, जो सबकी बात सुनते हैं और 10-15 मामलों में भी फैसला सुरक्षित रख लेते हैं। कुछ न्यायाधीश ऐसे होते हैं, जो इसके बाद फैसले नहीं सुनाते। हम किसी एक व्यक्ति की बात नहीं कर रहे हैं। यह कोर्ट के सामने एक चुनौती है और यह पहचानी हुई बीमारी है। इसका इलाज होना चाहिए।

# संसद में टूटी मर्यादा, विपक्षी सांसदों ने कागज उछाले, आठ निलंबित

- सत्तापक्ष-विपक्ष में टकराव बढ़ा हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद अगले दिन तक के लिए स्थगित की गई

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय को लेकर जारी गतिरोध के बीच मंगलवार को उस वक्त सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव का नया मोर्चा खुल गया जब आसन के समीप कागज उछालने के मामले में आठ विपक्षी सांसदों को वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस के सात सदस्यों और माकपा के एक सांसद को सदन से निलंबित किया गया है।

सदन में गतिरोध के बीच नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार की तरह मंगलवार को भी पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण पर आधारित लेख का हवाला देकर चीन का विषय उठाने का प्रयास किया, लेकिन आसन से इसकी अनुमति नहीं मिली। हालांकि उन्होंने इस लेख को सत्यापित किया और सदन के पटल पर रखा। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आसन की अवज्ञा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरदीप सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मणिकम टैगोर तथा माकपा सांसद एस वेंकटेशन के नाम लिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने आठों सदस्यों का नाम लेते हुए सदन में प्रस्ताव रखा कि सदन की अवमानना करने और महासचिव तथा लोकसभा अधिकारियों की मेजों के पास आकर कागज उछालकर आसन की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए उक्त सभी सदस्यों को नियम 374 (2) के तहत संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाए।



सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी पर उछाले गए कागज के टुकड़े।



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और नेता प्रतिपक्ष राहुल के बीच हुई बहस।

### आसन के समीप कागज उछालकर फेंके थे

इससे पहले, राहुल गांधी के चीन का विषय उठाने का प्रयास करने, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते तथा कुछ अन्य विषयों को लेकर सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी थी। विपक्षी सदस्यों ने सदन में राहुल गांधी को बोलने की अनुमति नहीं मिलने के मुद्दे पर नारेबाजी करते हुए आसन के समीप कागज उछालकर फेंके थे। उस समय आसन पर पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी बैठे थे।

# भारत-अमेरिका समझौता बड़ा फैसला : प्रधानमंत्री



नई दिल्ली में संसदीय दलों की बैठक में शिरकत करने जाते प्रधानमंत्री मोदी।

नई दिल्ली, एजेंसी

- मोदी ने राजग की संसदीय दल की बैठक में कहा- हर देशवासी के लिए व्यापार समझौता लाभदायक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राजग संसदीय दल की बैठक में कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा फैसला है जो हर देशवासी के लिए लाभदायक होगा। बैठक में शामिल सांसदों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने राजग के संसदीय दल की बैठक में सदस्यों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि उनकी सरकार हमेशा राष्ट्र के हित में काम करती है।

राजग के घटक दलों के सदस्यों ने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के लिए प्रधानमंत्री को बधाई भी दी और कहा कि इससे भारतीय विनिर्माताओं, निर्यातकों और उद्यमियों को मजबूती मिलेगी। बैठक में शामिल सांसदों के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा फैसला है और देश में सभी को इससे लाभ मिलेगा। भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए है जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय उत्पादों पर शुल्क को कुल 50 प्रतिशत से कम करके 18 प्रतिशत करेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि पूरे देश में इस समझौते को लेकर उत्साह है। उन्होंने कहा, सांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नौ व्यापार समझौते पूरे हुए हैं। कुल 39 देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह ऐतिहासिक है। ये सभी 39 देश विकसित देश हैं जो ऐतिहासिक है। देश में बहुत अच्छा माहौल है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'राजग संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लिया, जहां हमने अनेक मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सदस्यों ने भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

# 60 हजार करोड़ के घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ, एजेंसी



- शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट लि. में बतौर निदेशक तैनात था आरोपी अतुल

शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े बहुचर्चित 60 हजार करोड़ के निवेश घोटाले में कंपनी के निदेशक अतुल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) टीम ने गुडंबा इलाके से मंगलवार को दबोचा।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के अनुसार, शाइन सिटी कंपनी ने प्रदेश के कई जनपदों में सस्ते भूखंड और अन्य प्रलोभनकारी योजनाओं के नाम पर निवेशकों से 60 हजार करोड़ रुपये निवेश कराए। रुपये लेने के बाद न तो भूखंड दिए गए और न ही निवेश की गई धनराशि वापस की। कंपनी के निदेशक और अधिकारी कार्यालय बंद कर फरार हो गए थे। अतुल सिंह लखनऊ स्थित शाइन सिटी के आर स्क्वायर, विपुल खंड कार्यालय में प्रॉपर्टी सेल्स का काम संभालता था। निवेशकों को लुभावनी योजनाओं में फंसाकर निवेश कराने में सक्रिय भूमिका निभाता था। उसके खिलाफ थाना गोमतीनगर में वर्ष 2021 में दो एफआईआर दर्ज किए गए थे। जिसकी जांच ईओडब्ल्यू कर रही है। ईओडब्ल्यू अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ कोर्ट से गैर-जमानती वारंट जारी था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला का मल निवासी अतुल गुडंबा के स्मिथ अपार्टमेंट में रहता था, जहां से ईओडब्ल्यू की क्रैक टीम ने उसे दबोच लिया।

# सिपाही भर्ती परीक्षा 8 से 10 जून तक

- 32,679 पदों के लिए तीन दिन, दो पालियों में परीक्षा, आयु सीमा में तीन वर्ष की बड़ी राहत

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में सिपाही बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। योगी सरकार ने आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत होने वाली लिखित परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी सूचना के अनुसार सिपाही भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा आठ जून (सोमवार), नौ जून (मंगलवार) और 10 जून (बुधवार) को आयोजित की जाएगी। परीक्षा तीनों दिनों में दो-दो पालियों में कराई जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश में कुल 32,679 पदों को भरा जाएगा। परीक्षा केंद्र, एडमिट कार्ड, शिफ्ट टाइमिंग और अन्य दिशा-निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर समय से जारी किए जाएंगे। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट पर अपडेट चेक करते रहें। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सिपाही भर्ती-2025 में अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त तीन वर्ष का शिथिलीकरण दिया गया है। गौर है कि वर्ष 2024 में उप्र पुलिस में 60,244 सिपाही पदों पर भर्ती की गई थी, जो अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती थी।

**उपलब्धि** देश-विदेश की फार्मा कंपनियों के साथ 5525 करोड़ रुपये के हुए 11 समझौते, हजारों लोगों के रोजगार की उम्मीद, फार्मा इकोसिस्टम को नई मजबूती

# यूपी फार्मा कॉन्क्लेव में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का एलान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** 'उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' के दौरान प्रदेश के फार्मास्यूटिकल सेक्टर को बड़ी निवेश सौगात मिली। कुल 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी, जबकि मंच से औषधि, मेडिकल डिवाइस और संबद्ध क्षेत्रों में 5,525 करोड़ रुपये के 11 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का औपचारिक आदान-प्रदान किया गया। इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश के फार्मा इकोसिस्टम को नई मजबूती मिलने के साथ ही हजारों नए रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है।

प्रमुख निवेशकों में अर्ना फार्मा और बायोजेंटा लाइफ साइंसेज ने 1,250-1,250 करोड़, शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स ने 737 करोड़, वाल्टर बुशनेल एंटरप्राइज ने 590 करोड़ रुपये, ज्ञानविका लैब्स ने 553 करोड़ रुपये और कोरो हेल्थ ने 418 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। इसके अलावा मार्क लेबोरेटरीज (300 करोड़), हाई ग्लांस लैबोरेटरीज (120 करोड़), रासपा फार्मा (107 करोड़), रोमसंस मेडवर्ल्ड (100 करोड़) और कोटक हेल्थकेयर (100 करोड़) ने भी यूपी में निवेश के लिए एमओयू किए। इन निवेशों से फार्मा मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च, मेडिकल डिवाइस और हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कॉन्क्लेव 1.0' में रामकी ग्रुप के चेयरमैन अयोध्या रामी रेड्डी, टोरेंट ग्रुप के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता, मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के चेयरमैन सतीश रेड्डी, जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पद्मभूषण पंकज रमनभाई पटेल व सन फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन पद्मश्री दिलीप सांघवी प्रमुख रूप से मौजूद थे।



फार्मा कॉन्क्लेव में उपस्थित मुख्यमंत्री योगी। साथ में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व अन्य।

### भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा : योगी

योगी ने कहा कि भारत अपनी नीतियों पर अडिग रहकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को आज एक विश्वसनीय वैश्विक साझेदार के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत किसी दबाव में झुकने वाला देश नहीं है और 'सत्यमेव जयते' के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। यह आत्मविश्वासी भारत की पहचान है।

### 24 घंटे में खाली हुई 65 हजार एकड़ जमीन

मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद किए गए भूमि सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। भू-माफिया टास्क फोर्स के गठन के बाद 24 घंटे के भीतर 65 हजार एकड़ सरकारी जमीन कब्जामुक्त कराई गई, जो आज प्रदेश का मजबूत लैंड बैंक बनी है। इसी के माध्यम से उद्योगों और निवेश को जमीन उपलब्ध कराई जा रही है।

### पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए

कॉन्क्लेव के दौरान योगी ने एनकाउंटर पर सवाल उठाने वालों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती जरूरी है। कहा कि अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उसके लिए भी वही कानून लागू होगा, जो माफिया और अपराधी के लिए है। बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए?

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. नारायण दास बने कार्यवाहक निदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार डॉ. नारायण दास, अपर निदेशक, आयुर्वेद सेवायें, उत्तर प्रदेश को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक कार्यवाहक निदेशक, आयुर्वेद सेवायें, उत्तर प्रदेश का प्रभार सौंपा गया है। शासनादेश के तहत डॉ. नारायण दास को कार्यवाहक निदेशक पद के साथ-साथ आहरण-वितरण एवं प्रशासकीय अधिकार भी प्रदान किए गए हैं। हालांकि, इस अतिरिक्त दायित्व के निर्वहन के लिए उन्हें किसी प्रकार का अतिरिक्त वेतन, भत्ता अथवा अन्य सेवा लाभ देय नहीं होगा।

### विधानसभा के सामने प्रदर्शन करेंगे अधिवक्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोनभद्र जनपद के लोढ़ी तथा बाराबंकी के हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर अधिवक्ताओं के साथ मारपीट की घटनाओं से अधिवक्ता संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। आल इंडिया स्थल बार एसोसिएशन ने मामले की उच्चस्तरीय समिति से जांच कराने की मांग की है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल और राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि सरकार ने कठोर कार्रवाई नहीं की तो रूरल बार एसोसिएशन सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन करेगा। बजट सत्र के दौरान विधानसभा के सामने विरोध दर्ज कराया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सरकार से यह भी मांग की कि बजट सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर संसद में संकल्प प्रस्ताव भेजा जाए। इस संबंध में मंगलवार को कचहरी परिसर में हुई बैठक में आंदोलन पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला इकाई अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने की, संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी सिंह ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### समयबद्ध तैयारी से होगा बाढ़ प्रबंधन : योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में संभावित बाढ़ और अतिवृष्टि की चुनौती को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बाढ़/अतिवृष्टि पूर्व-प्रबंधन की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जितनी बेहतर तैयारी होगी, उतने ही प्रभावी ढंग से चुनौती का समाधान किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने सतर्कता, विभागीय समन्वय और समयबद्ध कार्यों को सफल बाढ़ प्रबंधन की मूल कुंजी बताया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी तटबंधों, ड्रेनों और संवेदनशील स्थानों की मरम्मत, सुदृढ़ीकरण और सफाई कार्य तय समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूरे किए जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अखबार बेचने वाला बन गया इंटरनेशनल यूथ आइकॉन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांवड़ यात्रा ऐप से चुनावी जागरूकता तक, प्रशासन के साथ किए जनहित के समाधान
- योगी सरकार का डिजिटल नवाचार, 84 लाख युवाओं तक पहुंची कॅरियर-सूचना वेबसाइट

**अमृत विचार:** कभी साइकिल पर अख़बार बेचकर घर का खर्च चलाने वाला उत्तर प्रदेश के बागपत के गांव ट्यौढी का अमन कुमार आज राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का नाम रोशन कर रहा है। बाल मजदूरी और गरीबी की कठिन परिस्थितियों से निकलकर अमन ने संघर्ष, संकल्प और नवाचार के बल पर खुद को इंटरनेशनल यूथ आइकॉन के रूप में स्थापित किया है। वह कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की युवा-केंद्रित नीतियों और डिजिटल पहलों ने उन्हें आगे बढ़ने का भरोसा दिया।

अमन कुमार आज यूपी सरकार के युवा कल्याण विभाग से संबद्ध उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष हैं। अवसरों के अभाव में पले-बढ़े अमन ने तय किया कि कोई भी होनहार युवा केवल जानकारी न होने की वजह से पीछे न रहे। इसी सोच के साथ 12वीं के बाद उन्होंने एक व्हाट्सऐप ग्रुप शुरू किया, जो आगे चलकर वेबसाइट प्रोजेक्ट 'कॉन्टेस्ट 360' बना। एक क्लिक पर शिक्षा, स्कॉलरशिप, करियर और सरकारी अवसरों की जानकारी देने वाली इस वेबसाइट का अब तक 84 लाख से अधिक युवा उपयोग कर चुके हैं।

डिजिटल समाधान के क्षेत्र में अमन की पहल यहीं नहीं रुकी। वर्ष 2022 में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उन्होंने प्रशासन के साथ मिलकर कांवड़ यात्रा ऐप विकसित किया। यात्रा मार्ग, चिकित्सा सहायता, शिविर, आपात संपर्क और प्रशासनिक सहयोग जैसी सुविधाओं से युक्त इस ऐप को साढ़े तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने इस्तेमाल किया। इसके बाद लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने स्वीप बागपत ऐप बनाकर भारत निर्वाचन आयोग से जुड़ी जानकारियां सवा लाख मतदाताओं तक पहुंचाईं।

### डीएम के मार्गदर्शन में बनाया सूचना एप

- बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल के मार्गदर्शन में अमन ने सूचना विभाग के सहयोग से सूचना सेतु ऐप तैयार किया, जिससे आम नागरिक एक क्लिक पर अधिकारियों और सरकारी योजनाओं से जुड़ सके। इसके अलावा बागपत फॉर एनिमल्स ऐप और ग्राम पंचायत फैजपुर निनाना की वेबसाइट बनाकर डिजिटल पंचायत की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की। अब वह प्रदेशभर के युवाओं को नवाचार और तकनीक से जोड़ने की तैयारी में हैं। अमन के कार्यों को राष्ट्रीय पहचान तब मिली जब उन्हें स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वह यूनेस्को की विभिन्न वैश्विक युवा पहलों, यूनिसेफ नेशनल यूथ एंबेसडर कार्यक्रम और कई अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हैं। वर्ष 2026 के विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में अमन ने नरेंद्र मोदी के समक्ष टीम यूपी के ग्रुप कैप्टन के रूप में युवाओं का प्रतिनिधित्व किया।



यूथ आइकॉन अमन कुमार को सम्मानित करतीं बागपत की डीएम अस्मिता लाल।

### कैलाश सत्यार्थी के साथ भी किया काम

- अमन ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के साथ भी काम किया है। वर्ष 2025 में उन्हें आई वॉलंटियर अवॉर्ड, इंडियाज मोस्ट वैल्यूएबल यू रिपोर्टर और यंग ट्रांसफॉर्मर्स अवॉर्ड सहित कई सम्मान मिले। अमन कुमार की कहानी बताती है कि सही नेतृत्व, अवसर और संकल्प मिल जाए तो साधारण परिस्थितियों से निकला युवा भी असाधारण मुकाम हासिल कर सकता है।

# हर निवेशक को सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की पूरी गारंटी: योगी

## निवेशकों को जीरो पॉलिटिकल इंटरफेयर, मजबूत कानून व्यवस्था का दिया भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ में वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के महासंगम 'उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' की शुरूआत करते हुए कहा कि प्रदेश आज केवल एक राज्य नहीं, बल्कि निवेशकों के लिए भरोसे की गारंटी बन चुका है। प्रदेश सरकार हर निवेशक को ट्रिपल-एस यानी सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की पूर्ण गारंटी दे रही है और ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमली डिलीवरी का रोल मॉडल बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में रूल ऑफ लॉ पूरी मजबूती से लागू है। कानून से खिलवाड़ करने की किसी को छूट नहीं है। यदि कोई कानून को चुनौती देता है, तो कानून अपने दायरे में रहकर उसे उसी की भाषा में जवाब देता है। यही कारण है कि आज प्रदेश में भयमुक्त वातावरण है और निवेशकों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में प्रदेश असुरक्षा, अराजकता और अविश्वास का पर्याय बन चुका था। 2012 से 2017 के बीच 900 से अधिक दंगे हुए, शायद ही कोई शहर रहा हो जहां कर्फ्यू न लगा हो। उद्योग और व्यापार से जुड़े लोगों को गुंडा टैक्स देना पड़ता था और निवेशक प्रदेश छोड़ने को मजबूर थे। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं और प्रदेश में स्थिर, सुरक्षित माहौल है।



देश-विदेश के फार्मा उद्योगपतियों से बातचीत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### डी-रेगुलेशन में नंबर वन, ईज ऑफ डूइंग में टॉप अचीवर

- योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज डी-रेगुलेशन रैंकिंग में देश में नंबर वन है और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में टॉप अचीवर बन चुका है। 13 राज्य अधिनियमों में आपराधिक प्रावधानों को समाप्त किया गया है। एमएसएमई सेक्टर में निवेश करने वाले उद्यमियों को 1000 दिनों तक निरीक्षण से छूट दी गई है। सरकार का उद्देश्य उद्योगों को डराना नहीं, बल्कि सुविधा देना है।

### फार्मा सेक्टर को बनाया जा रहा ग्लोबल हब

- मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का अग्रणी केंद्र बनाया जा रहा है। ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। गौतम बुद्ध नगर में मेडिकल डिवाइस पार्क और यूएस-एफडीए टेस्टिंग लैब के जरिए ग्लोबल स्टैंडर्ड स्थापित किए जा रहे हैं। फैक्ट्री से फार्मेसी तक निर्बाध सप्लाई चेन विकसित की जा रही है, जिससे यूपी एआई, मेड-टेक, हेल्थ-टेक और क्लिनिकल रिसर्च का बड़ा केंद्र बनेगा।

### यूपी फार्मा सेक्टर में बनेगा वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब : नड्डा

- कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने वीडियो संदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर में भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने वाला प्रमुख राज्य बनकर उभर रहा है। ललितपुर का बल्क ड्रग फार्मा पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क और राज्य की फार्मास्यूटिकल नीति उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय मैन्युफैक्चरिंग हब बना रही है। बेहतर कनेक्टिविटी, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर और निवेशक-अनुकूल वातावरण के कारण यूपी तेजी से फार्मा निवेश का पसंदीदा गंतव्य बन रहा है।

## असुरक्षा के कारण मुझे यूपी छोड़ना पड़ा था: जुनेजा

- पुराना दौर याद कर भावुक हो गए उद्यमी

**अमृत विचार, लखनऊ :** फार्मा कॉन्क्लेव में मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा ने भावुक अंदाज में कहा कि एक समय ऐसा भी था जब असुरक्षा के कारण उन्हें उत्तर प्रदेश छोड़ना पड़ा था। 2001 की एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तब माहौल निवेश और उद्योग के अनुकूल नहीं था। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में वह "अच्छी सुबह" आई है, जब लोग देर रात भी खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। यही वजह है कि आज निवेशक पूरे विश्वास के साथ यूपी लौट रहे हैं और उनकी कंपनी भी यहां निवेश के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के चेयरमैन सतीश रेड्डी ने कहा कि कोविड काल में भारत ने वैश्विक स्तर पर फार्मा सेक्टर में अपनी ताकत साबित की। उत्तर प्रदेश की नीतियां प्रभावी हैं और राज्य वैश्विक फार्मा लीडर्स के लिए आकर्षक गंतव्य बन चुका है।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान, जसवंत सैनी, राज्यसभा सदस्य एवं रामकी ग्रुप के फाउंडर अयोध्या रामी रेड्डी, नीति आयोग के सदस्य डॉ विनोद कुमार पॉल, संदीप जैन, वी कृष्ण मोहन, आदित्य वर्मा, अमिताभ दुबे समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निवेशकों ने यूपी को माना उभरता फार्मा पावरहाउस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 'उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव 1.0' में देश और दुनिया की दिग्गज फार्मा कंपनियों के चेयरमैन और शीर्ष नेतृत्व ने एक स्वर में उत्तर प्रदेश को भारत का उभरता हुआ फार्मा पावरहाउस बताया। उद्योग जगत के नेताओं ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने शासन, कानून-व्यवस्था और नीतिगत स्थिरता के मोर्चे पर ऐतिहासिक बदलाव किए हैं, जिसने उत्तर प्रदेश को निवेशकों की पहली पसंद बना दिया है।

राज्यसभा सदस्य एवं रामकी ग्रुप के चेयरमैन अयोध्या रामी रेड्डी ने मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व को "उत्कृष्ट कमिटमेंट" करार देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का वर्तमान और भविष्य—दोनों का रोडमैप स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों में उन्होंने यूपी में ऐसा सकारात्मक और भरोसेमंद माहौल पहले कभी नहीं देखा। मजबूत कानून-व्यवस्था, जवाबदेही और ईमानदारी प्रदेश के दीर्घकालिक विकास की आधारशिला बन चुकी है। एक मजबूत नेतृत्व किस तरह पूरे सिस्टम को बदल सकता है, उत्तर प्रदेश इसका जीवंत उदाहरण है।

टोरेंट ग्रुप के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और लॉ एंड ऑर्डर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने यूपी के करीब 20 जिलों में काम किया, लेकिन कहीं भी रेड टेप या कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं आई। यूपी अब निवेशकों को रेड टेप नहीं, बल्कि रेड कार्पेट ट्रीटमेंट दे रहा है।

सन फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन पद्मश्री दिलीप सांघवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर में जो सुधार हुआ है, उसने इसे देश का सबसे सुरक्षित स्थान बना दिया है। आने वाले वर्षों में यूपी फार्मा मैन्युफैक्चरिंग के वैश्विक मानचित्र पर और मजबूती से उभरेगा। कॉन्क्लेव में उद्योग जगत की इस एकजुट राय ने साफ कर दिया कि उत्तर प्रदेश अब केवल संभावनाओं का राज्य नहीं, बल्कि भरोसेमंद निवेश गंतव्य और भारत की फार्मा ग्रोथ का नया इंजन बन चुका है।

### उद्यमी बोले

- योगी के नेतृत्व में बदली कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस ने बढ़ाया भरोसा

### इंडस्ट्री के लिए जरूरी सभी संसाधन यहां मौजूद : रमनभाई

- जाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पद्मभूषण पंकज रमनभाई पटेल ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री के लिए भूमि, बिजली, पानी और प्रशिक्षित मानव संसाधन जरूरी होते हैं, और ये सभी सुविधाएं उत्तर प्रदेश में पर्याप्त रूप से उपलब्ध हैं। यही कारण है कि फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर के लिए यूपी आदर्श राज्य बनकर उभर रहा है।

# मतदाता सूची सुधारने के लिए बूथ पर रोज दो घंटे रहेंगे बीएलओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 27 फरवरी तक फॉर्म 6, 7, 8 के साथ उपलब्ध रहेंगे बीएलओ

**अमृत विचार :** प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को प्रभावी बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने अहम निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत आगामी 27 फरवरी तक प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अफसर (बीएलओ) प्रतिदिन दो घंटे मौजूद रहेंगे। यह व्यवस्था सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लागू रहेगी, ताकि मतदाताओं को फॉर्म भरने और सूची से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सहूलियत मिल सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को बताया कि इस अवधि में सभी बूथों पर बीएलओ के पास फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ने), फॉर्म-7 (नाम हटाने) और फॉर्म-8 (संशोधन) के साथ ड्राफ्ट मतदाता सूची, मतदाता सूची से हटाए गए नामों की सूची और वर्ष 2003 की मतदाता सूची भी उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा प्रत्येक बूथ पर वोटर असिस्टेंट बूथ भी स्थापित किए जाएंगे, जहां मतदाता अपनी मैपिंग भी करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। जिन मतदाताओं की मैपिंग अब तक नहीं हो पाई है, उन्हें नोटिस भेजकर अभिलेखीय साक्ष्य मांगे जा रहे हैं। 6 से 27 फरवरी तक नोटिस चरण में सुनवाई, सत्यापन और दावों-आपत्तियों का निस्तारण, 6 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# जाति-धर्म के आधार विभाजन की राजनीति करने वाले दलों पर रोक का प्रावधान नहीं

विधि संवाददता,लखनऊ

- हाईकोर्ट ने कहा, यह विषय विधायिका का
- चुनाव आयोग को किसी दल का पंजीकरण रद् करने का भी अधिकार नहीं

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राजनीतिक दलों द्वारा जातीय रैली के के विरुद्ध दाखिल एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए स्पष्ट किया है कि वर्तमान कानून के तहत किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल को केवल इस आधार पर चुनाव लड़ने से पूरी तरह प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता कि वह जाति या धर्म के आधार पर मतदाताओं को प्रभावित कर रहा है। कोर्ट ने कहा है कि यह विषय विधायिका का है कि वह इस संबंध में कानून बनाए। चुनाव आयोग भी किसी भी राजनीतिक दल का पंजीकरण इस आधार पर समाप्त नहीं कर सकता।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की ओर से वर्ष 2013 में दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। कोर्ट ने याचिका पर विस्तृत निर्णय पारित करते हुए कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8-ए ही एकमात्र प्रावधान है। जिसके तहत चुनावी कदाचार के मामलों में अयोग्य ठहराया जा सकता, वह भी तब जब संबंधित व्यक्ति को दोषसिद्ध करार दिया जा चुका हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति पर पूर्व-प्रतिबंध लगाने का अधिकार वर्तमान में कानून में उपलब्ध नहीं है। यह विषय पूर्णतः विधायिका के क्षेत्राधिकार में आता है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव आयोग को भी किसी राजनीतिक दल का पंजीकरण समाप्त करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। सिवाय उन सीमित परिस्थितियों के जो सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित की गई हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल की मान्यता को चुनाव चिन्ह (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश, 1968 के पैरा 16-ए के तहत निलंबित या वापस लिया जा सकता है। हालांकि, इस संबंध में भी नए या अतिरिक्त प्रावधान जोड़ने का अधिकार सिर्फ विधायिका को है, न कि न्यायालय को। कोर्ट ने अपने निर्णय में एक व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि जाति और धर्म आधारित संकीर्ण सोच का स्थायी समाधान सिर्फ कानूनों के माध्यम से संभव नहीं है, इसके लिए परिवार और शिक्षा प्रणाली में सही मूल्यों का संचार आवश्यक है।

### जातीय रैलियों पर प्रदेश में है प्रतिबंध

- कोर्ट ने पाया कि 21 सितंबर 2025 को एक शासनादेश जारी करते हुए, राज्य सरकार ने प्रदेश में जातीय रैलियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। उक्त शासनादेश में कहा गया है कि राजनीतिक उद्देश्यों से आयोजित जातीय रैलियां समाज में जातीय संघर्ष को बढ़ावा देती हैं जो लोक व्यवस्था और राष्ट्रीय एकता के विपरीत है लिहाजा इन पर उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कोर्ट ने कहा कि यदि उक्त शासनादेश का अनुपालन नहीं हो रहा तो याची पर्याप्त आंकड़े एकत्रित कर, जनहित याचिका दाखिल कर सकता है।

**पत्रकार वार्ता**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने बजट को विकसित भारत की दिशा में मजबूत नींव बताया

# टैक्स और केंद्रीय सहायता से यूपी को मिलेंगे 4 .18 लाख करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा-इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाई-स्पीड रेल, रक्षा और मैन्युफैक्चरिंग में ऐतिहासिक निवेश

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि आम बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत-2047' और 'आत्मनिर्भर भारत' के दूरदर्शी विजन डॉक्यूमेंट है। उन्होंने कहा कि टैक्स डिवोल्यूशन और केंद्रीय सहायता के माध्यम से उत्तर प्रदेश को लगभग 4.18 लाख करोड़ रुपये का वित्तीय समर्थन मिलेगा। यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना को साकार करते हुए देश और प्रदेश को तेज़ी से विकास की राह पर आगे ले जाएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। पंकज चौधरी ने कहा कि बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने आमजन की सुविधाओं, नवाचार, आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और समावेशी विकास को प्राथमिकता दी है। इसी सोच का स्पष्ट प्रतिबिंब बजट में दिखाई देता है, जिसे किसान, युवा, महिला, उद्यमी और मध्यम वर्ग सभी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि आधारभूत संरचना को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हुए सरकार ने इसमें निरंतर और मजबूत निवेश किया है। वर्ष 2014-15 में जहां इन्फ्रा बजट 2 लाख करोड़ रुपये था, वहीं अब इसे बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, साथ में अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

### हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर से यूपी को विशेष लाभ

- वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि बजट में सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की गई है। इनमें दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी कॉरिडोर उत्तर प्रदेश के लिए विशेष रूप से लाभकारी होंगे। इससे नोएडा, आगरा, लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, यात्रा समय घटेगा और पर्यटन व व्यापार को गति मिलेगी। इसके साथ ही डांकुनी से सूरत तक प्रस्तावित डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का एक बड़ा हिस्सा उत्तर प्रदेश से होकर गुजरेगा। अगले पांच वर्षों में 20 नए जलमार्ग शुरू किए जाएंगे तथा वाराणसी में गंगा जलमार्ग पर शिप-रिपेयर और मरम्मत केंद्र विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होगा। चौधरी ने बताया कि पांच लाख से अधिक आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों में सिटी इकोनॉमिक रीजन विकसित किए जाएंगे, जिन पर प्रति शहर 5000 करोड़ रुपये तक का निवेश प्रस्तावित है। पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए पांच प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में सारनाथ और हस्तिनापुर को अनुभवात्मक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है।

### पारंपरिक उद्योगों को विशेष समर्थन

- रक्षा क्षेत्र पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला बजट है, जिसमें रक्षा बजट को 15 प्रतिशत बढ़ाकर 7 .85 लाख करोड़ रुपये किया गया है। मैन्युफैक्चरिंग को रोजगार का मुख्य आधार बताते हुए उन्होंने मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं के तहत बायोफार्मा शक्ति परियोजना, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2 .0 और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में बड़े प्रावधानों की जानकारी दी। एमएसएमई के लिए 10,000 करोड़ रुपये का ग्रोथ फंड और पारंपरिक उद्योगों को विशेष समर्थन दिया गया है। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र के लिए 1.62 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, ये किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, आयुष व स्किल डेवलपमेंट में भी बड़े प्रावधान किए गए हैं।

# पंचायत चुनाव अप्रैल से जुलाई के बीच : राजभर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 28 को आएगी मतदाता सूची, मंत्री बोले- बैलेट पेपर से चुनी जाएगी 'गांव की सरकार'

**अमृत विचार:** यूपी सरकार ने पंचायत चुनाव को लेकर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने मंगलवार को वाराणसी में इस संबंध में बड़ा बयान देते हुए कहा कि पंचायत चुनाव अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच संपन्न कर लिए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया दो चरणों में होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचायत चुनाव ईवीएम नहीं बल्कि मतपत्रों के माध्यम से होंगे।

ओमप्रकाश राजभर ने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी 2026 को होगा। उन्होंने संभावित उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे अंतिम सूची आने से पहले अपने समर्थकों के नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि यूपी के हर जिले में चुनाव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और बैलेट पेपर सभी जिलों में पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच संपन्न कर लिए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहले चरण में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और जिला पंचायत सदस्यों के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के अप्रत्यक्ष चुनाव होंगे। इस दौरान ओपी राजभर ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देश संविधान के अनुसार चलता है और किसी शंकराचार्य के बयान से संविधान नहीं बदलेगा। सरकार संविधान के अनुसार ही चल रही है और किसी के कहने से नया कानून नहीं बनेगा। पंचायती राज मंत्री ने साफ किया कि पंचायत चुनाव तय समय पर होंगे और यूपी सरकार इसकी पूरी तैयारी कर चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### कमरे में मिला वृद्ध का शव, पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार, आलमबाग :** थाना क्षेत्र के सुजानपुरा इलाके में मंगलवार सुबह घर में 75 वर्षीय राम स्वरूप शुक्ला का शव पड़ा मिला। भतीजे ने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार्यवाहक निरीक्षक रविन्द्र नाथ भदौरिया ने बताया कि राम स्वरूप अविवाहित थे और अकेले ही रहते थे। दो अन्य भाई विजय शुक्ला कृष्णानगर के पंडित खेड़ा और राकेश शुक्ला भोलाखेड़ा में अपने परिवार संग रहते है जबकि तीसरे भाई का परिवार शुभम सिटी कृष्णा नगर में रहता है। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे भतीजा करन शुक्ला अपने चाचा के घर पहुंचा तो मृत अवस्था में देख पुलिस को सूचना दी।

### घर में घुसकर दबंगों ने महिला को पीटा

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी इलाके के एक गांव में घर में घुसे दबंगों ने महिला को पीट दिया। महिला ने बताया कि एक फरवरी की सुबह गांव का ही एक दबंग अपने बेटे और साथियों के साथ घर में घुसकर उन्हें मारने लगा। शोर सुनकर उनकी बेटी उन्हें बचाने के लिए दौड़ी। आरोप है कि दबंग का बेटा उनकी बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े। भीड़ को आता देखकर आरोपी मां-बेटी को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित मां-बेटी काकोरी थाने पहुंची। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर के मुताबिक पीड़िता मां-बेटी ने तहरीर दी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### वजीरगंज में गैंगस्टर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अनमोल अवस्थी बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला का रहने वाला है। 3 अक्टूबर 2025 को गिरोह के सरगना राजीव श्रीवास्तव व अन्य के खिलाफ यूपी गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उसके बाद से अनमोल फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ पूर्व में दो मामले दर्ज हैं।

### आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेकाबू ट्रक की टक्कर से बाइक सवार शुभम कश्यप की मौत के मामले में रहीमाबाद पुलिस ने आरोपी चालक सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सचिन यादव हरदोई संडीला का रहने वाला है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि 2 फरवरी की शाम हुए हादसे में शुभम कश्यप की मौत हो गयी थी। ग्रामीणों ने ट्रक को घेरकर चालक को पकड़ लिया था।

### पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध मजदूर ने की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज के गनेशखेड़ा गांव में मंगलवार को मजदूर का शव पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों ने शव देख सूचना पुलिस और परिवारवालों को दी। छानबीन में पता चला कि कलह में पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध होकर मजदूर ने जान दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गनेशखेड़ा निवासी किसान छोटेलाल ने बताया कि बेटा सुभाष चंद्र (40) मजदूरी करता था। सोमवार शाम सुभाष काम कर घर लौटा और कमरे चला गया। वहां किसी बात को लेकर सुभाष का पत्नी से झगड़ा हुआ। बात बढ़ने पर पत्नी गुस्से में निकलकर मायके चली गई। पत्नी के मायके जाने की जानकारी मिलते ही सुभाष भी गुस्से में घर से बाहर चला गया।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला जलाया

## सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह पर टिप्पणी करने से भड़के समर्थक, कानपुर रोड पर लगा रहा जाम

संवाददाता सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह पर टिप्पणी करने के विरोध में मंगलवार को विधायक समर्थकों ने शहीदपथ तिराहे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद पुतला भी जलाया। विधायक समर्थक शिवशंकर सिंह शंकरी ने सरोजनीनगर थाने में अजय राय के खिलाफ तहरीर भी दी है। प्रदर्शन के कारण काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा।

भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह के नेतृत्व में दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में विधायक समर्थक शहीद पथ तिराहे पर इकट्ठा हुए और नारेबाजी शुरू कर दी। शंकरी ने कहा कि डॉ. राजेश्वर पर टिप्पणी पूरी तरह निराधार, आपत्तिजनक और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। इसके लिए अजय राय को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक पर ईडी में रहते हुए देश और प्रदेश को लूटने का गंभीर आरोप लगाया, लेकिन इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं दिया गया। इस तरह का बयान न केवल एक जनप्रतिनिधि की छवि को धूमिल करने बल्कि ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं और प्रशासनिक सेवाओं का भी अपमान है। राजेश ने कहा कि डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, सख्ती और कानून के दायरे में रहकर कार्य किया है और उनकी साफ-सुथरी छवि से घबराकर कांग्रेस इस तरह के आरोप लगा रही है। प्रदर्शन के कारण कानपुर से लखनऊ की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात बाधित हो गया। सूचना पर पहुंचे एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने स्थिति को संभाला। इसके बाद करीब 1 बजे यातायात सुचारू हो सका।



भाजपा विधायक पर टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन करते विधायक के समर्थक। अमृत विचार

### डंपर में घुसा कंटेनर लगा जाम

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार डंपर के चालक ने कटी बगिया के पास अचानक ब्रेक लगा दी। इससे पीछे चल रहा कंटेनर अनियंत्रित होकर डंपर में जा घुसा। कंटेनर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन लेकर भाग निकला। दुर्घटना के कारण कानपुर रोड पर यातायात ठप हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पर पहुंची बंथरा थाने की पुलिस ने क्रेन की मदद से कंटेनर सड़क से हटवाकर करीब 12 :30 बजे यातायात बहाल कराया।

### 25 हजार का इनामी जालसाज गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** निगोहां के ग्राम भदेसुवां स्थित नौ बीघा जमीन हड़पने के लिए दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर रजिस्ट्री करने वाले जालसाज को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मूल रूप से बाराबंकी निवासी अमरीश तिवारी कृष्णानगर के सैनिकनगर में रह रहा था। उसपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ठाकुरगंज निवासी राजकुमार वर्मा और मंजू वर्मा ग्राम भदेसुवां स्थित नौ बीघा कृषि योग्य भूमि के संयुक्त स्वामी हैं। आरोप था कि जालसाजों ने उनके जगह किसी को खड़ा कर जाली दस्तावेज की मदद से जमीन की रजिस्ट्री कर दी। राजकुमार की जमीन की रजिस्ट्री नवंबर 2022 और 25 सितंबर 2023 को उनकी पत्नी की जगह दूसरी महिला को खड़ाकर फर्जीवाड़ा किया गया।

## मंडी के लिए निकला गल्ला व्यापारी संदिग्ध हालात में लापता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन ने अनहोनी की जताई आशंका, रहीमाबाद थाने में रिपोर्ट

**अमृत विचार :** घर से हरदोई गल्ला मंडी जाने को निकला व्यापारी संदिग्ध हालात में लापता हो गया। परिवारवालों ने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। अनहोनी की आशंका जताते हुए व्यापारी के पिता ने रहीमाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि लापता व्यापारी के मोबाइल की आखिरी लोकेशन बरेली रेलवे स्टेशन की मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

जमुलिया निवासी गल्ला व्यापारी सुरेंद्र कुमार (40) के परिवार में पत्नी रीना, तीन बेटे अतुल, मान और कृष्णा हैं। पत्नी रीना ने बताया कि सुरेंद्र 1 फरवरी की सुबह करीब दस बजे घर हरदोई गल्ला मंडी रुपये लेने के लिए निकले थे।

पति ने 29 जनवरी को गल्ला मंडी में धान बेचा था। बड़े व्यापारी ने रुपये बाद में देने को कहा था। इसके चलते सुरेंद्र रविवार को बड़े व्यापारी से रुपये लेने के लिए घर से निकले थे। देर शाम तक सुरेंद्र के घर नहीं पहुंचे। देर रात होने पर पत्नी रीना ने सुरेंद्र के मोबाइल नंबर पर कॉल की लेकिन संपर्क नहीं हुआ। परिजन किसी अप्रिय घटना की आशंका जताने लगे। परिवार के लोगों ने सुरेंद्र की तलाश की। कुछ पता नहीं चलने पर पिता राम गोपाल ने रहीमाबाद थाने पहुंचे और बेटे के लापता होने की तहरीर दी। पुलिस ने व्यापारी के पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

## ऑटो का इंतजार कर रहे दिव्यांग को बेकाबू वाहन ने रौंदा, मौत

संवाददाता, सरोजनीनगर

- बेटी का जन्मदिन मनाकर वापस घर जाने के लिए कर रहा था ऑटो का इंतजार
- बंथरा के बनी-मोहनलालगंज रोड स्थित जुनाबगंज चौराहे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार:** बंथरा में सोमवार देर रात को बनी-मोहनलालगंज रोड स्थित जुनाबगंज चौराहे पर ऑटो का इंतजार कर रहे युवक को बेकाबू वाहन ने रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। वहीं, चालक वाहन लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक युवक बेटी का जन्मदिन मनाकर ससुराल से घर जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रहा था।

खसरवारा निवासी कुंजन गौतम (35) को दांए पैर से दिव्यांग था। परिवार में पत्नी पूनम, बेटी पूजा और बेटा राज है। पिता ने बताया कि बहू दोनों बच्चों संग एक साल अपने मायके जुनाबगंज के पास सराय शहजादी गांव में रहती है। सोमवार को कुंजन की बेटी पूजा का जन्मदिन था। वह बेटी के जन्मदिन में शामिल होने के लिए ससुराल गया था। वह रात में घर लौटने के लिए जुनाबगंज तिराहे के पास बनी-मोहनलालगंज रोड पर खड़े होकर ऑटो का इंतजार कर रहा था। तभी रात करीब साढ़े 11 बजे किसी तेज रफ्तार वाहन ने कुंजन को रौंद दिया। भागने के चक्कर में चालक ने वाहन को कुंजन के उपर से निकलकर भाग गया। हादसा देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। इस बीच किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम पर हादसे की जानकारी दी। सूचना पाकर बंथरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सरोजनीनगर सीएचसी लेकर गई।

वहां डॉक्टर ने कुंजन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को तलाशी के दौरान युवक के पास से मिले मोबाइल फोन से परिजनों को घटना की जानकारी दी। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। कुंजन का शव देखकर पिता बेसुध हो गए। मृतक के पिता ने बंथरा थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## गाड़ी टकराने के विवाद में वकील को पीटकर किया मरणासन्न

संवाददाता, आलमबाग

- घायल गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया
- साथी की तहरीर पर स्कूटी नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कृष्णानगर में साथी अधिवक्ताओं के साथ कार से घर लौट रहे एक अधिवक्ता की गाड़ी में पीछे से स्कूटी सवार ने टक्कर मार दिया। विवाद होने पर स्कूटी सवार अपने कई साथियों को बुला लिया और अधिवक्ताओं पर हमलावर हो गए। एक अधिवक्ता की बुरी तरह पिटाई कर अपनी गाड़ी में जबरन लाद लिए और मारपीट कर मरणासन्न अवस्था में रेलवे लाइन के किनारे फेंक कर दबंग फरार हो गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

यातायात पार्क विजयनगर आरडीपी सिटी में रहने वाले अधिवक्ता दुर्गेश प्रजापति ने बताया कि एक फरवरी की रात करीब 11 बजे अपने चैंबर से अपने साथी अधिवक्ता यश चौहान ,रौनक राम और गोलू के साथ घर जा रहे थे। कनौसी रेलवे क्रांसिग बंद थी। जिसकारण वह लोग अपनी कार में बैठे थे। तभी सफेद रंग की एक स्कूटी ने पीछे से कार में टक्कर मार दी। विवाद होने पर अधिवक्ता डॉयल-112 पर कॉल करने लगे। तभी स्कूटी सवार ने मोबाइल छीनकर साथियों को बुला लिया।

कुछ ही देर में तीन और युवक वहां पहुंचे। रॉड व डंडों से वकीलों को पीटा। उसके बाद यश सिंह चौहान को गाड़ी में उठा लिए। अन्य अधिवक्ता भागने लगे तो आरोपियों ने उनपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। पीड़ित के अनुसार साथी गोलू ने कंट्रोल नंबर पर सूचना दी तो पुलिस पहुंची। खोजबीन के दौरान यश को बेहोशी हालत में रेलवे पटरी के पास मिला।


लखनऊ दर्शन के दौरान विधान भवन का भ्रमण करते कैंसर रोगी, साथ में अधिकारी। अमृत विचार

### 30 कैंसर मरीजों को कराया 'लखनऊ दर्शन'

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व कैंसर दिवस से पूर्व मानवीय संवेदना और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने एक विशेष पहल की। उपचार के कठिन दौर से गुजर रहे एक अस्पताल के 30 कैंसर मरीजों को 'लखनऊ दर्शन' डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस के माध्यम से शहर भ्रमण कराया गया। यह विशेष टूर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित हुआ, जो नियमित सेवाओं से अलग था। इस यात्रा का उद्देश्य मरीजों को इलाज के तनाव से कुछ पल की राहत देना और उन्हें लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना था। डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की मौजूदगी में आयोजित इस भ्रमण के दौरान मरीजों के चेहरों पर सुकून और उम्मीद साफ नजर आई।

## प्रबंध निदेशक ने समीक्षा में दिया सुरक्षा पर जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाना प्राथमिक लक्ष्य
- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से 20 क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ की समीक्षा

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह ने मंगलवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर सभी 20 क्षेत्रों के क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधक और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ साप्ताहिक समीक्षा की। इसमें बिंदुवार विषयों की समीक्षा कर संचालन, आय, सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया।

प्रबंध निदेशक ने सुगम ऐप के माध्यम से क्रू-ड्यूटी की जानकारी ली। निर्देश दिए कि सभी चालक और परिचालकों की ड्यूटी सॉफ्टवेयर से ही लगाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्यूटी व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

2 फरवरी तक के संचालन प्रतिफलों की समीक्षा में बस उपयोगिता, लोड फैक्टर, प्रति बस प्रतिदिन आय और ईंधन औसत में गतवर्ष की तुलना में जिन क्षेत्रों व डिपो में सर्वाधिक गिरावट पाई गई, वहां के अधिकारियों को सचेत किया गया। सभी क्षेत्रों को आय लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। खराब प्रतिफल वाले डिपो का क्षेत्रीय व सेवा प्रबंधकों को निरीक्षण कर सुधार सुनिश्चित करने को कहा गया।

### पतंजलि स्टोर में चोरी करने वाले दो धरे गए

**अमृत विचार, लखनऊ:** पतंजलि स्टोर में चोरी करने वाले दो और आरोपियों को महानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अनूप मौर्य उर्फ मोनू निवासी बरेठी बाराबंकी हालपता बड़ी पकड़िया रूपपुर खदरा मदेयगंज और शमशुद्दीन उर्फ माठा निवासी बड़ी पकड़िया खदरा मदेयगंज हैं।

पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के 3675 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस वारदात में शामिल आयुष को 9 जनवरी को जेल भेज चुकी है। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 31 दिसंबर को मलय अग्रवाल ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

## शक्ति रसोई ने बनाया सशक्त, बढ़ेगा दायरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 40 जिलों में 50 रसोई संचालित, तीसरे चरण में अन्य जिलों में खोलने की तैयारी
- पिछले वर्ष महिला समूह ने खोली थी रसोइयां, 4,45,99,464 रुपये की बिक्री

**अमृत विचार :** राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) ''शक्ति रसोई'' का दायरा बढ़ाकर डे-एनयूएलएम के महिला स्वयं सहायता समूह को सशक्त और स्वावलंबी बनाएगा। 40 जिलों के शहरी क्षेत्रों में 50 शक्ति रसोई के सफल संचालन पर तीसरे चरण में अन्य जिलों में संचालन की तैयारी है। जहां लोगों को कम कीमत पर स्वच्छ गुणवत्तापूर्ण एवं पोषण युक्त भोजन मिलेगा। रसोई का संचालन करने से समूह की महिला सदस्य रोजगार से जुड़कर आजीविका चलाएंगी।

डे-एनयूएलएम के तहत मार्च 2024 में शहरी क्षेत्रों के सरकारी परिसरों में शक्ति रसोई की शुरुआत हुई थी। लोगों को कम कीमत पर अच्छा खाना मिला तो रसोई की मांग बढ़ती गई। धीरे-धीरे 40 जिलों में 50 रसोई संचालित होने लगी। इससे जुड़ी 204 महिलाएं को रोजगार मिलने लगा। जो 10 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह कमाती है। इससे प्रेरित होकर अन्य समूहों ने भी रसोई संचालित करने की मांग की है, जहां तीसरे चरण में सूडा द्वारा रसोई संचालित कराई जाएंगी। शक्ति रसोई में श्री अन्न (मिलेट्स) एवं स्थानीय प्रसिद्ध भोज्य पदार्थ मैन्यू शामिल है।


शाक्ति रसोई में अध्यक्षा कामिनी मिश्रा व अन्य। अमृत विचार

### पकवान बनाने से लेकर होटल मैनेजमेंट का पाया प्रशिक्षण

इसकी स्थापना में किचन यूटेन्सिल, फर्नीचर, ब्रांडिंग आदि के लिए एक निजी बैंक फाउंडेशन ने सहयोग किया है। साथ ही सदस्यों को प्रतिष्ठित होटलों में प्रसिद्ध मास्टरशेफ द्वारा तरह-तरह के पकवान बनाने और परोसने से लेकर मैनेजमेंट तक का पूरा प्रशिक्षण दिया गया है। अगस्त, 2024 के प्रथम सप्ताह में इन्सटीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट के माध्यम से भी सघन प्रशिक्षण दिया गया है। मार्च 2024 से जनवरी तक 4,45,99,464 रुपये की बिक्री हुई है।

### मिला रोजगार, आजीविका में आया सुधार

19 फरवरी 2024 को कलेक्ट्रेट परिसर में रसोई संचालित की थी। साथ में सात महिलाएं जुड़ी हैं। अच्छी खासी आमदनी होने से आजीविका में सुधार आया है।

**– कामिनी मिश्रा, अध्यक्ष** श्री स्वयं सहायता समूह, लखनऊ

लखनऊ के सूडा भवन मुख्यालय में संचालित शक्ति रसोई ने न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाया है बल्कि समाज में नई पहचान भी दी है। कई महिलाओं को इससे रोजगार मिला है।

**– चंदा, कोषाध्यक्ष,** उत्थान महिला क्षेत्र स्तरीय समिति, लखनऊ

**चिंता** | धूम्रपान, शराब का सेवन और असंतुलित जीवनशैली गंभीर बीमारी की सबसे बड़ी वजह

# देश में हर वर्ष कैंसर से होती नौ लाख लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और आईएआरसी के आंकड़ों के अनुसार, प्रतिवर्ष दुनिया में लगभग 2 करोड़ नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। देश में प्रतिवर्ष 14 से 15 लाख नए कैंसर मरीज सामने आते हैं, लगभग 8.5 से 9 लाख मरीजों की मृत्यु हो जाती है। कैंसर का प्रमुख कारण बिना तंबाकू सेवन है।


प्रो. वेद प्रकाश।

विश्व कैंसर दिवस के एक दिन पूर्व मंगलवार को केजीएमयू के पल्मोनरी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. वेद प्रकाश ने पत्रकारों से ये जानकारी साझा की। प्रो. वेद ने बताया कि तंबाकू और शराब के सेवन, मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता और वायु प्रदूषण कैंसर के मुख्य जोखिम कारक हैं। इसके अलावा संक्रमण, जैसे एचपीवी और हेपेटाइटिस बी और सी वायरस भी 15 से 20 प्रतिशत कैंसर मामलों के लिए जिम्मेदार हैं।

उन्होंने कहा फेफड़े और अन्य अंगों के कैंसर के बढ़ते मामलों के बीच धूम्रपान, शराब सेवन और असंतुलित जीवनशैली को रोकना सबसे प्रभावी कदम साबित हो सकता है कहा कि समय पर निदान और विशेषज्ञ टीम आधारित उपचार कैंसर से बचाव और बेहतर जीवन की कुंजी हैं। इस मौके पर पद्म श्री प्रो. राजेन्द्र प्रसाद को सम्मानित किया गया।

### बायोप्सी जांच अहम

लोहिया संस्थान में मेडिकल आंकोलॉजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गौरव गुप्ता ने बताया कि बायोप्सी जांच कराने में 80 प्रतिशत मरीज कतराते हैं। जबकि बायोप्सी जांच इलाज की दिशा तय करती है। इससे ट्यूमर व कैंसर के प्रकार का पता लगाया जाता है। जिससे सटीक इलाज शुरू करने में मदद मिलती है।

### समय पर इलाज जरूरी

केजीएमयू सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग के डॉ. नसीम अख्तर ने बताया कि तंबाकू छोड़ने से इसका जोखिम 80 प्रतिशत तक कम हो जाता है। और यदि बीमारी शुरुआती अवस्था में पकड़ में आ जाए, तो 90 प्रतिशत से अधिक मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं।

### तंबाकू और पान मसाला की लत युवाओं को बना रही कैंसर का शिकार

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों की ओपीडी में हर चौथा कैंसर मरीज तंबाकू या पान मसाला का उपयोग करने वाला पाया गया है। पीजीआई, केजीएमयू, लोहिया संस्थान और कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में रोजाना करीब 400 नए और पुराने मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें लगभग 30 फीसदी मरीज माउथ कैंसर के होते हैं। इनमें अधिकतर मरीज 30 से 50 साल की उम्र के हैं। कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के रेडियो ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले एक साल में संस्थान में सात हजार मरीज देखे गए। इनमें औसतन साढ़े तीन हजार मरीज मुंह और गले के कैंसर के थे। अकेले रेडिएशन विभाग की ओपीडी में रोजाना 100 से अधिक मरीज आते हैं, जिनमें लगभग 50 फीसदी मरीज मुंह और गले के कैंसर के होते हैं। पीजीआई के रेडियोथेरेपी विभाग की डॉ. पुनीता लाल ने बताया कि विभाग में रोजाना 100 से ज्यादा मरीज आते हैं, जिनमें नए मरीजों की संख्या औसतन 30 होती है। इनमें से करीब 10 मरीज मुंह और गले के कैंसर के होते हैं। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि लगभग 30 फीसदी मरीज आखिरी स्टेज में पहुंचकर आते हैं, जिससे ऑपरेशन या अन्य उपचार करना मुश्किल हो जाता है।

### फ्री रेडिकल अस्थिर और हानिकारक अणु

डॉ. अर्चना श्रीवास्तव का कहना है कि शरीर में लगातार एक अदृश्य युद्ध चलता रहता है। फ्री रेडिकल अस्थिर और हानिकारक अणु होते हैं। ये कोशिकाओं के डीएनए को क्षतिग्रस्त कर सकते हैं और उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दिशा में ले जा सकते हैं। प्रदूषण, तंबाकू, मानसिक तनाव, असंतुलित आहार और अनियमित जीवनशैली इन खतरनाक अणुओं की संख्या को तेजी से बढ़ा देते हैं। एंटीऑक्सीडेंट इस युद्ध में शरीर के सच्चे रक्षक हैं। ये फ्री रेडिकल को निष्क्रिय कर कोशिकाओं की मरम्मत कर कैंसर का खतरा कम करने करते हैं।


डॉ. अर्चना

अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार, 4 फरवरी 2026



## न्यूज ब्रीफ

### लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई: स्वतंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय कार्यों और निर्माण योजनाओं में गुणवत्ता व समयबद्धता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग मुख्यालय में शारदा संगठन की बैठक के दौरान मंत्री ने विभिन्न निर्माण कार्यों की पूर्व और पश्चात स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सिंचाई परियोजनाओं को समय से पूरा कर किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाना है। मंत्री ने बताया कि वे शीघ्र ही निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण करेंगे, ताकि जमीनी हकीकत का आकलन हो सके। बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता संदीप कुमार तथा प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन अशोक कुमार सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### दावा अधिकरणों के अध्यक्ष नियुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश लोक व निजी सम्पत्ति क्षति वसूली नियमावली, 2020 के नियम-9(9) के अंतर्गत राज्य सरकार ने दावा अधिकरणों के अध्यक्ष पद पर नई नियुक्तियों को स्वीकृति प्रदान की है। शासनादेश के अनुसार, सरकार द्वारा संस्तुत अभ्यर्थियों की विश्वसनीयता एवं पूर्ववृत्तों का सत्यापन कराए जाने के उपरांत यह नियुक्तियां की गई हैं। जारी आदेश में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को विभिन्न दावा अधिकरणों का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हरिनाथ पाण्डेय, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, को लखनऊ दावा अधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया है। राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, को प्रयागराज दावा अधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं लड्डू सिंह, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, को मेरठ दावा अधिकरण के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।नियुक्तियों से लोक एवं निजी सम्पत्ति को हुई क्षति की वसूली से जुड़े मामलों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण में मदद मिलेगी। दावा अधिकरणों के माध्यम से ऐसे मामलों की सुनवाई कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

# पश्चिमी विक्षोभ से यूपी में आंधी-बारिश

## 21 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट, हमीरपुर में सर्वाधिक 9 मिमी बारिश, कई जिलों में हुई ओले भी पड़े

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम ने अचानक करवट ली। मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश और आंधी चलीं। पश्चिमी जिलों से शुरू हुई बारिश का दायरा बुंदेलखंड, मध्यांचल और अवध क्षेत्र तक फैल गया। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए प्रदेश के 21 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मंगलवार तड़के बुंदेलखंड के हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, झांसी और ललितपुर में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इसके बाद कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, अयोध्या और रायबरेली में भी मध्यम बारिश हुई। कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलीं, जिससे ठंडक में इजाफा हुआ। उन्नाव, चित्रकूट, हरदोई और इटावा में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी सूचना मिली है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से पश्चिमी विक्षोभ का असर धीरे-धीरे कमजोर पड़ जाएगा और प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि तराई क्षेत्रों में सुबह के समय कोहरा बना रह सकता है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बारिश की संभावना कम होने के बावजूद कोहरे के कारण दृश्यता प्रभावित हो सकती है, इसलिए सतर्कता जरूरी है।



गमछे से खुद को बारिश के पाने से बचाने की कोशिश करते राहगीर।

### इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट

- बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, कानपुर देहात, कानपुर नगर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में अत्यधिक घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रहने की संभावना है।

### बेमौसम बारिश पर मुख्यमंत्री के निर्देश

- बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सतर्क रहने और त्वरित राहत-बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रकार की जनहानि या पशुहानि की स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करने और शासन को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से किसानों के हितों पर जोर देते हुए कहा कि अन्नदाता किसान आश्वस्त रहें, राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है। निर्देश दिए कि कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें खेतों का सर्वे कर नुकसान का आंकलन करें, ताकि प्रभावित किसानों को समय से मुआवजा और राहत दी जा सके।

### बुलंदशहर जिला रहा सबसे ठंडा

- मंगलवार को हमीरपुर में सर्वाधिक 9 मिमी बारिश दर्ज की गई। जालौन में 7.2 मिमी बारिश हुई। अलीगढ़, आगरा, बरेली और गोरखपुर में घने कोहरे के कारण दृश्यता शून्य तक सिमट गई। 26.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वाराणसी और गाजीपुर सबसे गर्म रहे, जबकि 9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बुलंदशहर सबसे ठंडा जिला रहा।

# दिव्यांगजनऔर पिछड़ा वर्ग का सशक्तीकरण को प्राथमिकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बजट सत्र से पहले योजनाओं और बजट मांगों की गहन समीक्षा

**अमृत विचारः** सचिवालय के नवीन भवन में मंगलवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में बजट सत्र से पूर्व विभागीय योजनाओं की समीक्षा और आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तावित बजट मांगों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पहुंचे।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार की यह स्पष्ट नीति है कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचे और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंत्री कश्यप ने डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि ये संस्थान दिव्यांगजनों के लिए उच्च शिक्षा के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडल स्तर पर कार्यशालाओं, जागरूकता अभियानों और प्रचार-प्रसार गतिविधियों के माध्यम से इन विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक सुविधाओं, पाठ्यक्रमों और अवसरों की जानकारी दिव्यांगजनों तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से जुड़ सकें।

## कैसरबाग बस अड्डे पर हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊः** कैसरबाग बस अड्डे पर मंगलवार तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अनुबंधित बस के समर्थन में दर्जनों लोग डिपो कार्यालय पहुंचकर हंगामा करने लगे। कर्मचारियों के विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और साथ आई महिलाओं के जरिए छेड़खानी के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। इस हंगामे के कारण करीब डेढ़ घंटे तक बसों का संचालन बाधित रहा।

सुबह करीब 5.30 बजे 12 से 15 पुरुष और 4-5 महिलाएं बस डिपो परिसर स्थित कार्यालय में पहुंचीं। खुद को लखनऊ-धौरहरा मार्ग पर चलने वाली एक अनुबंधित बस से जुड़ा बताते हुए उन्होंने वहां मौजूद क्लर्क अर्जुन सिंह यादव से अभद्रता शुरू कर दी। आरोप है कि उन्होंने बस से अधिक से अधिक चक्कर लगवाने का दबाव बनाया। अन्य कर्मचारियों ने जब इसका विरोध किया तो आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दी।

# बलरामपुर अस्पताल को मेडिकल कॉलेज बनाने का प्रस्ताव बनाएं

## अस्पताल के स्थापना दिवस समारोह में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल के 157वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पताल को उच्चीकृत कर मेडिकल कॉलेज बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, इसके लिए प्रस्ताव तैयार करें सरकार संसाधन उपलब्ध कराएगी। मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में युद्ध स्तर पर काम हो रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और डीजी परिवार कल्याण डॉ. पवन कुमार अरुण के साथ समारोह का शुभारंभ करने के बाद अस्पताल में डायलिसिस यूनिट, सोलर पैनल और वार्ड-11 में नवीन लिफ्ट का लोकार्पण भी किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बलरामपुर अस्पताल स्वर्णिम इतिहास का साक्षी है। यहां के डॉक्टर और कर्मचारी टीम भावना के साथ काम करते हैं और हर मरीज को परिवार का सदस्य मानकर सेवा देते हैं, लेकिन ध्यान रखें कोई भी मरीज बिना इलाज के न लौटे। इसके लिए गेट पर दो कर्मचारियों की तैनाती की जाए, जो मरीजों को भर्ती प्रक्रिया में मदद करें। बेड खाली न होने की स्थिति में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था कर इलाज सुनिश्चित किया जाए।

इस अस्पताल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री रामप्रकाश गुप्ता समेत कई विशिष्ट हस्तियों ने इस अस्पताल में इलाज कराया है। अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता आर्या ने अस्पताल की प्रगति रिपोर्ट पेश की। डीजी प्रशिक्षण डॉ. एचडी अग्रवाल, सीएमओ डॉ. एनबी सिंह, सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, एमएस डॉ. देवाशीष शुक्ला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और चिकित्सक मौजूद रहे।



बलरामपुर अस्पताल में सोलर बैनल और लिफ्ट का लोकार्पण करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह।

### हमें बलरामपुर अस्पताल पर भरोसा अधिक

- राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि शहर के बड़े चिकित्सा संस्थान केजीएमयू, लोहिया, पीजीआई समेत अन्य के बीच बलरामपुर अस्पताल ने खुद को स्थापित कर रखा है। मरीजों का भी इस अस्पताल पर विश्वास बढ़ा है। मैं अपने घरवालों से कहूंगा कि यदि मैं बीमार पड़ू तो लोहिया और बलरामपुर ले जाएं। केजीएमयू और पीजीआई कभी न ले जाएं। हमें डर बैठ गया है, मेरे परिवार के दो तीन लोग गए वापस नहीं आए। मंत्री बनने के बाद दो बार बीमार पड़ा। एक बार बलरामपुर और लोहिया में इलाज हुआ।

### आईसीयू व्यवस्था में करें सुधार, डायलिसिस वोटिंग भी खत्म करें

- उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन को आईसीयू व्यवस्था में सुधार और डायलिसिस की वेटिंग समाप्त करने के निर्देश दिए। अस्पताल की बुकलेट में डायलिसिस के लिए पांच दिन की प्रतीक्षा का उल्लेख मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। हालांकि बाद में सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि अब डायलिसिस के लिए किसी मरीज को इंतजार नहीं करना पड़ता और उसी दिन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने डायलिसिस यूनिट के और विस्तार के निर्देश दिए।

### ऑपरेशन और डेंगू में प्लेटलेट्स काउंट का रखें ध्यान

- बलरामपुर अस्पताल के स्थापना दिवस पर मौजूद पीजीआई ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के डॉ. अतुल सोनकर ने कहा मरीज की स्थिति का आकलन किए बिना प्लेटलेट्स देना सुरक्षित नहीं है। डॉ. सोनकर के अनुसार, ऑपरेशन के दौरान रक्तस्राव की आशंका रहती है, इसलिए प्लेटलेट्स काउंट कम से कम एक लाख होना चाहिए। वहीं, डेंगू बुखार के मरीज में सामान्य मानक 20 हजार प्लेटलेट्स हैं। यदि मरीज को बुखार या रक्तस्राव हो, तब ही प्लेटलेट्स तुरंत चढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मरीज और प्लेटलेट्स का ब्लड ग्रुप मेल होना फायदेमंद है, लेकिन यदि मेल न भी खाए तो प्लेटलेट्स देना सुरक्षित है और इससे कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ता। इस अवसर पर केजीएमयू रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने कहा कि सांस की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। प्रदूषण के महीन कण फेफड़े और सांस की नली में जमकर संक्रमण और सूजन बढ़ाते हैं। इससे सीओपीडी, अस्थमा जैसी बीमारियों के उभरने का खतरा बढ़ जाता है।

# गाय ने बच्ची को सींगों से उठाकर पटका, भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आदतगंज क्षेत्र के चौपटिया में सुबह हुई घटना
- नगर निगम की टीम ने पांच गाय एक बछिया भेजी कांजी हाउस
- पशुपालकों के खिलाफ दी गई सहादतगंज थाने में तहरीर

**अमृत विचार :** शहर में आवारा जानवर हिंसक होते जा रहे हैं। मंगलवार सुबह सआदतगंज क्षेत्र के चौपटिया में 12 वर्षीय रिद्धिमा उर्फ पिंकी को गाय ने सींगों से उठाकर पटक दिया, फिर उस पर कई बार हमला किया। बचाने आए लोगों को भी दौड़ा लिया। किसी तरह लोगों ने बच्ची को बचाया। उसके मुंह से खून आने और अंदरूनी चोटें भी आई हैं। बच्ची का इलाज चल रहा है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज में सामने आया।

बच्ची के पिता शैलेंद्र मल्होत्रा ने बताया कि आवारा जानवर क्षेत्र में खुलेआम घूमते रहते हैं। क्षेत्रीय निवासियों का आरोप है कि पशु पालक इन्हें खुला छोड़ देते हैं, जिससे जानवर कई बार लोगों पर हमला कर चुके हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर निगम के पशु कल्याण विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पांच गाय और एक बछिया को पकड़कर ऐशबाग स्थित कांजी हाउस में बंद कराया।

जांच में सामने आया कि गायें मो. मुन्ना, मो. राजू और मो. छोटे भैया की थीं, जिन्होंने अपने मवेशियों को खुला छोड़ रखा था। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर तीनों पशुपालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की संस्तुति की गई है। नगर निगम ने थाना सहादतगंज के थानाध्यक्ष को तहरीर सौंपकर संबंधित पशुपालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

# भाजपा किसानों व पीडीए समाज पर कर रही दोहरा वार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर किसानों, पीडीए समाज और लोकतांत्रिक अधिकारों पर सुनियोजित हमले का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत के बाजार को अमेरिकी कृषि उत्पादों और खाद्यान्नों के लिए खोलना देश की खेती-किसानी पर निर्भर लगभग 70 प्रतिशत आबादी के साथ धोखा है। इससे किसान ही नहीं, बल्कि निम्न मध्यवर्ग और मध्यम वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित होंगे।

पार्टी कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि ऊंचे टैरिफ हटने और विदेशी कृषि उत्पादों की एंट्री से देश में मुनाफाखोरी और बिचौलियों की नई जमात पैदा होगी। खाद्यान्न और कृषि उत्पाद महंगे होंगे, जबकि किसानों की आय घटेगी। धीरे-धीरे किसान मजबूर होकर अपनी जमीन अमीरों और कॉरपोरेट को बेचने को विवश होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि जमीनों पर कब्जा करना ही भाजपा और उसके सहयोगियों का असली उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 'सीड बिल', भू-अधिग्रहण कानून और कृषि से जुड़े काले कानून उसी किसान विरोधी सोच की देन हैं। खाद, बीज, कीटनाशक, भंडारण, फसल बीमा और फसल खरीद—हर स्तर पर कमीशनखोरी हो रही है। भारतीय परिस्थितियों में ऐसे बीज और नीतियां खेती-किसानी को पूरी तरह बर्बाद कर देंगी। अखिलेश यादव ने कहा कि एमआरपी और छुट्टा मवेशियों से पहले ही परेशान किसान अब भाजपा सरकार की ज्यादतियों को और नहीं सहेगा।

- अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलना खेती-किसानी से जुड़ी 70 प्रतिशत आबादी के साथ धोखा



प्रदेश कार्यालय में पार्टी नेताओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

### 'पीडीए प्रहरी' से वोट बचाने की अपील

- अखिलेश ने हर मतदाता और हर 'पीडीए प्रहरी' से अपील की कि वोट काटने की किसी भी साजिश को सफल न होने दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से नाम कटना केवल वोट का नुकसान नहीं, बल्कि भविष्य में राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं, प्रमाणपत्रों, नौकरी, आरक्षण, बीमा, जमीन-मकान और नागरिक अधिकारों पर भी खतरा बन सकता है।

### फॉर्म-7 पर गंभीर आरोप

- प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा फॉर्म-7 के जरिए पीडीए और विशेष रूप से अल्पसंख्यकों का वोट कटवाने की साजिश कर रही है। चुनाव आयोग को लिखित शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि फॉर्म-7 के जरिए हुई धांधली रोकी जाए, सभी फॉर्म निरस्त हों, हस्ताक्षरों की न्यायिक जांच हो, सीसीटीवी फुटेज खंगाली जाए और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में वोट सबसे बड़ा अधिकार है और इसकी रक्षा के लिए संगठित संघर्ष जरूरी है।

# समागम, संवाद और संगीत के साथ सनतकदा महोत्सव संपन्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अंतिम दिन हीरादेवी ने मिथिला की लोककला की दी प्रस्तुति

**अमृत विचारः** हस्तशिल्प प्रदर्शनी, संवाद, लखनऊ और कोलकाता की समृद्ध खानपान की परंपरा को समझाते हुए पांच दिवसीय महिंद्रा सनतकदा महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन हीरादेवी ने मिथिला क्षेत्र से जुड़ी मधुबनी लोककला को जीवंत किया। हल्दी और नील जैसे प्राकृतिक रंगों से मछली, मोर और कमल जैसे प्रतीक रस्मों और त्योहारों को दर्शाया गया।

महोत्सव में फेरोजा ने उज्बेकिस्तान के मध्य एशियाई डिजाइन को अदरास हथकरघा से बने थैलों, परिधानों और प्राकृतिक पत्थरों से जड़े हस्तनिर्मित आभूषणों का संग्रह जिसमें बिलाकुजुक (कंगन) शामिल हैं का प्रदर्शन किया। ये मध्य एशिया की वस्त्र और डिजाइन विरासत को प्रतिबिंबित करते हैं। सादिक ने अफगान हस्तकला को प्रस्तुत किया। ज्यामितीय नमूनों वाले भेड़ की ऊन से बुने कालीन, परिधानों के सजावटी पैच और पारंपरिक अफगान टोपियां लोगों ने खूब पसंद कीं।

महोत्सव के अंतिम दिन अमीर-उद-दौला लाइब्रेरी में पुस्तक विमोचन और संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। डिस्कवरिंग जस्टिस सैयद करामत हुसैन शीर्षक की पुस्तक विमोचन और संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रो. हुमा ख्वाजा, आतिफ हनीफ और नूर खान ने आपस में संवाद किया। इस संवाद ने जस्टिस सैयद करामत हुसैन की विरासत को फिर से जीवंत किया। वो अलीगढ़ आंदोलन के प्रमुख स्तंभ और भारत में मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा के अग्रदूत थे। इंग्लैंड में कानून की शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे न्यायाधीश बने और लखनऊ में करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज की स्थापना की।

**प्रोत्साहन** | हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री ने किया 6 फरवरी तक चलने वाले सिल्क एक्सपो उद्घाटन

# यूपी में रेशम उद्योग बनेगा आत्मनिर्भर : राकेश सचान


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रेशम उत्पादन 27 मीट्रिक टन से बढ़कर 450-500 मीट्रिक टन, आत्मनिर्भर यूपी को मजबूती

**अमृत विचारः** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि रेशम उद्योग आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में सशक्त आधार बनकर उभरा है। रेशम उत्पादन में ऐतिहासिक वृद्धि, किसानों-बुनकरों को सीधी आर्थिक मजबूती और पारदर्शी योजनाओं के जरिए आजीविका का भरोसेमंद साधन बन चुका है।

वे मंगलवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सिल्क एक्सपो-2026 का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस दौरान 'रेशम मित्र-2025' पत्रिका का विमोचन किया गया और रेशम उद्योग से जुड़े उत्पादकों, बुनकरों और उद्यमियों को पं. दीन दयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। मंत्री राकेश सचान ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के तहत प्रदेश सरकार का लक्ष्य अगले दस वर्षों में करीब 13,500 रेशम उत्पादकों को लाभ पहुंचाने का है। उन्होंने बताया कि अब तक 1630 लाभार्थियों को 32.49 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता प्रदान की जा चुकी है, जिससे रेशम उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके साथ ही प्रदेश में 9,000 एकड़ क्षेत्र में शहतूत पौधरोपण किया जा रहा है, जिससे 360 मीट्रिक टन अतिरिक्त रेशम उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस अवसर पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश में रेशम उद्योग ने ऐतिहासिक प्रगति की है। वर्ष 1988 में जहां रेशम उत्पादन मात्र 27 मीट्रिक टन था, वह आज बढ़कर 450 से 500 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। यह प्रगति आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में एक मजबूत कदम है और गरीब व पिछड़े वर्ग के लोगों को आय व रोजगार के नए अवसर प्रदान कर रही है। आईजीपी के मरकरी हॉल में आयोजित सिल्क एक्सपो-2026 में देश के विभिन्न राज्यों से आए बुनकर और व्यापारी हाथ से बने शुद्ध रेशमी वस्त्र, साड़ियां, दुपट्टे और अन्य उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रहे हैं। यह प्रदर्शनी 6 फरवरी 2026 तक आम जनता के लिए खुली रहेगी और प्रदेश के रेशम उद्योग को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



पं. दीन दयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान देते मंत्री राकेश सजान व नरेंद्र कश्यप।

# भारत-अमेरिका की आर्थिक साझेदारी से उत्तर प्रदेश को मिलेगी नई उड़ान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अमेरिकी टैरिफ में ऐतिहासिक कटौती से सीएम योगी के 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी विजन को बल
- एमएसएमई, डिफेंस, फार्मा और टेक सेक्टर में निवेश के नए अवसर होंगे सृजित

**अमृत विचारः** भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में मजबूत हुई आर्थिक साझेदारी और अमेरिकी टैरिफ में की गई ऐतिहासिक कटौती ने उत्तर प्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक संभावनाओं को नई दिशा दे दी है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर लागू औसत टैरिफ को लगभग 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक निर्णायक मोड़ माना जा रहा है।

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि टैरिफ में कटौती का सबसे सीधा लाभ उत्तर प्रदेश के एमएसएमई और ओडीओपी सेक्टर को मिलेगा। भदोही के हस्तनिर्मित कालीन, मुरादाबाद के पीतल व धातु उत्पाद, आगरा का चमड़ा उद्योग, वाराणसी की रेशमी साड़ियां और कन्नौज का पारंपरिक इत्र अब अमेरिकी बाजार में पहले से कम लागत पर पहुंच सकेंगे। इससे ये उत्पाद चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों के मुकाबले अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। निर्यात ऑर्डर बढ़ने के साथ कारीगरों, बुनकरों और छोटे उद्योगों को सीधा लाभ मिलने की संभावना है, जिससे प्रदेश में रोजगार और आय दोनों में वृद्धि होगी।

भारत-अमेरिका के बीच बढ़ते भरोसे का असर रणनीतिक क्षेत्रों पर भी दिख सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर—झांसी, कानपुर, लखनऊ, अलीगढ़ और आगरा—में अमेरिकी कंपनियों के साथ तकनीकी सहयोग और संयुक्त उपक्रमों के रास्ते खुल सकते हैं। ड्रोन सिस्टम, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स, रडार और संचार उपकरणों के निर्माण से न केवल आयात पर निर्भरता घटेगी, बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए उच्च कौशल आधारित रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# लाइफ स्टाइल में बदलाव और रेगुलर एक्सरसाइज ही कैंसर से बचाव : डॉ. अर्जुन

## जागरूकता व नियमित जांच से रोका जा सकता है कैंसर, महिलाएं 40 वर्ष की आयु के बाद स्तन कैंसर के लिए वार्षिक मैमोग्राफी और हर तीन साल में पैप स्मीयर परीक्षण अवश्य कराएं

**विश्व कैंसर दिवस आज**

कार्यालय संवाददाता, बरेली


बातचीत करते कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लाइफ स्टाइल में बदलाव और रेगुलर एक्सरसाइज करने से कैंसर से बचाव किया जा सकता है। खानपान बेहतर रखने के साथ रेगुलर एक्सरसाइज करने से शरीर में अच्छे हार्मोंस पैदा होते हैं, जो कैंसर सेल को शरीर में एक्टिव होने से रोकने का कार्य करते हैं। 40 वर्ष की आयु के बाद सभी महिलाओं को स्तन कैंसर के लिए वार्षिक मैमोग्राफी और हर तीन साल में पैप स्मीयर परीक्षण कराना चाहिए। प्रत्येक पुरुष को प्रोस्टेट कैंसर के लिए हर तीन साल में सीरम पीएसए परीक्षण कराना चाहिए, ताकि यह मालूम हो सके कि शरीर के किसी हिस्से में कैंसर के सेल तो एक्टिव नहीं हो रहे हैं।

यह कहना है कि रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं एमसीएच (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) डॉ. अर्जुन अग्रवाल का। अमृत विचार से हुई बातचीत में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि 70 प्रतिशत कैंसर का इलाज लाइफ स्टाइल में बदलाव और बेहतर डॉक्टर की सलाह से ली जा रही दवाइयों से संभव है। वह कहते हैं कि कैंसर सेल कहीं बाहर से शरीर में प्रवेश नहीं करते हैं। ये हमारे शरीर के अंदर ही होते हैं, जो हमारे बिगड़े खानपान, तंबाकू और बीड़ी-सिगरेट और कई अन्य कारणों से शरीर में एक्टिव हो जाते हैं। कैंसर का एक सेल दो, चार फिर 16 होते ही तेज गति से शरीर में फैलने लगते हैं।

डॉ. अर्जुन का कहना है कि शरीर में कैंसर के जो एक्टिव सेल हैं उन्हें खत्म करने के लिए समय पर इलाज जरूरी है। प्रथम और सेकेंड स्टेज में कैंसर को 90 या 100 प्रतिशत तक ठीक किया जा सकता है, लेकिन यदि थर्ड और फोर्थ स्टेज में कैंसर पहुंच गया तो रोगी को ठीक होने में काफी समय लग सकता है।

कैंसर विशेषज्ञ का कहना है कि 90 प्रतिशत कैंसर का लाइफ स्टाइल से संबंध है। हैबिट्स, तंबाकू व बीड़ी से कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है। उन्होंने कहा कि मुंह का कैंसर कॉमन है। ज्यादातर लोगों में तंबाकू ही कैंसर की वजह बनता है। यूपी में इसका प्रभाव सबसे ज्यादा है।

दूसरी वजह स्मोकिंग में बीड़ी व सिगरेट है। आजकल इसका प्रचलन ज्यादा है, इससे मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, बड़ी आंत का कैंसर, बच्चेदानी में कैंसर, खाने की नली का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना ज्यादा रहती है। डॉ. डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि तीसरा कारण डाइट है, हम लोगों को शुद्ध भोजन खाने को नहीं मिल पाता है, पेस्टीसाइड, रसायन युक्त चीजें ज्यादा हैं। बोतल बंद पानी के दौरान माइक्रो प्लास्टिक हमारे शरीर के अंदर चले जाते हैं, पर्यावरण प्रदूषण भी कैंसर का कारण बनता है। चौथा मोटापा है लेकिन एक्सरसाइज से कुछ अच्छे हार्मोंस जन्म लेते हैं, जो कैंसर सेल को पनपने से रोकते हैं।

### कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी कुछ हुआ बदलाव

कैंसर के इलाज पर फोकस करते हुए डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि अब कैंसर को आधुनिक इलाज से मात दी जा रही है। कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी कुछ बदलाव हुआ है। पहले के समय में एक मेजर सर्जरी होती थी, अब रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी आने के बाद कैंसर को हराना और आसान हो गया है। इम्यूनोथेरेपी भी इसमें शामिल है। यह ऐसा ट्रीटमेंट है, शरीर के जिस हिस्से में कैंसर पनपता है, उसी हिस्से की निगरानी कर वहीं पर कैंसर के सेल्स को खत्म करने का प्रयास किया जाता है। इम्यूनोथेरेपी आधुनिक कैंसर उपचार है, जो शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्मून सिस्टम) को कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए सशक्त बनाता है।

### ये हैं कैंसर के लक्षण

- डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि कैंसर होने के कई लक्षण हैं। पहला लक्षण वेट लॉस है। किसी पुरुष या महिला में छह से 12 महीने में पांच प्रतिशत या उससे अधिक वेट लॉस होता है तो यह कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। दूसरा लक्षण लगातार थकान होना है। तीसरा लक्षण मुंह, नाक, थूक, बच्चेदानी, लैट्रिंग के रास्ते खून आना है। चौथा लक्षण पीलिया और पांचवां लक्षण शरीर में किसी भी जगह पानी एकत्र होना है।

# लापता युवक का फंदे से लटका मिला शव

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** तीन दिन से लापता युवक का शव बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता हुआ मिला। वहीं शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। के मोहल्ला कचेहरान निवासी नवविवाहित युवक सचिन लोधी (28) पुत्र प्रकाश लोधी का शव मंगलवार सुबह देवा-फतेहपुर मार्ग पर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के बगल स्थित बाग में पेड़ से लटका मिला। खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सीओ सिटी संगम कुमार और कोतवाली देवा प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रायबरेली की युवती ने युवक को बंधक बनाकर कराया धर्मांतरण

## दुबई से लौटे बलरामपुर के युवक को मिलने बुलाया, जबरन किया निकाह

संवाददाता, बलरामपुर

**दिया धोखा**

- मोबाइल के जरिये दोनों में होती थी बातचीत
- किसी तरह बंधन मुक्त होकर लौटे युवक ने एसपी से की शिकायत

**अमृत विचार :** बलरामपुर नगर के मोहल्ला पहलवारा निवासी एक युवक ने रायबरेली की एक मुस्लिम युवती और उसके परिवार पर घर में बंधक बनाकर प्रताड़ित करने और जबरन धर्मांतरण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर नगर कोतवाली की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में मोहल्ला पहले निवासी पीड़ित भूपेंद्र प्रताप चौहान ने कहा है कि वह वर्ष 2019 में रोजगार के लिए दुबई गया था। वहीं से मोबाइल के जरिए रायबरेली जनपद के थाना बछरावां निवासी एक मुस्लिम युवती से बातचीत होने लगी। बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ता गया। इसी बीच पीड़ित लौटकर घर आया तो युवती तथा उसके परिजनों ने उसे अपने घर बुलाया।

पीड़ित का आरोप है कि युवती तथा उसके परिजनों ने उसको घर में जबरन बंधक बना लिया। नाखून उखाड़े और करंट का शॉक देकर उसे बुरी तरह से प्रताड़ित किया। खतना कराकर आरोपियों ने युवक का धर्मांतरण करवा कर नाम शहनाज रख दिया और युवती के साथ जबरन उसका निकाह भी करवा दिया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि युवती तथा उसके परिजन हमेशा उसके साथ रहते थे। पीड़ित ने कई बार भगाने का भी प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुआ तो आरोपियों ने उसे जमकर मारा-पीटा।

बीती 30 जनवरी को पीड़ित किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर भागने में सफल रहा और लौटकर अपने घर पहुंचा। पीड़ित ने बताया कि अब भी युवती तथा उसके परिवार वाले उसे लगातार धमकी दे रहे हैं और वापस बुला रहे हैं। युवक ने आरोप लगाया कि वे कह रहे हैं कि वापस नहीं आओगे तो तुमको वहीं मरवा देंगे। पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपियों की धर्मांतरण कराने की एक संस्था है और यह लोग पहले भी कई लोगों को इसी तरह जबरन अपने जाल में फंसा कर धर्मांतरण करवा चुके हैं।

पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। नगर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सुरक्षा एजेंसियों ने बाराबंकी से दो युवकों को उठाया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह एनआईए, एटीएस व एसटीएफ की टीमें बाराबंकी आ धमकी। हिन्द अस्पताल से एक युवक को उठाने के बाद बदोसरांय थाना क्षेत्र के खोर एत्मादपुर पहुंची और युवक के घर को खंगाल डाला। सघन तलाशी के बाद कुछ न मिलने पर टीम लौट गई, वहीं एक और युवक को भी हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार इन सभी की संलिप्तता देशविरोधी गतिविधियों में पाई गई है।

एनआईए, एटीएस और एसटीएफ की 15 सदस्यीय संयुक्त टीम मंगलवार की सुबह बदोसरांय के खोर एत्मादपुर गांव पहुंची। यहां पर रामलखन नामक युवक जो हिन्द अस्पताल से उठाया गया था, के साथ घर के भीतर जाकर सघन तलाशी ली। इसके लिए टीमों ने अत्याधुनिक मशीनों का इस्तेमाल किया। टीम के यहां से जाने के बाद रामलखन के छोटे भाई शिवम ने बताया कि उनकी मां का ऑपरेशन सफेदाबाद स्थित हिंद अस्पताल में हुआ है और रामलखन वहीं मौजूद था। जहां से टीम सुबह करीब साढ़े 8 बजे उसे हिरासत में लेकर आई। शिवम के अनुसार, टीम ने करीब एक घंटे तक घर की तलाशी ली, लेकिन कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही, हालांकि पुलिस इस बारे में किसी जानकारी से बचती नजर आई। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि केन्द्रीय जांच एजेंसियों ने कार्रवाई की है। यह कार्रवाई किस प्रकरण को लेकर है, इसकी जानकारी नहीं है।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**Public Notice**

I, hitherto know as Ram Lakhan Verma , S/o Chhitanii Ram, R/o at satnyava , Banda satnyoan U.P 210125 have changed my name and shall hereafter be know as L A X M I P R A S A D VERMA.Henceforth, I shall be known as Laxmi Prasad Verma for all purposes.

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रोहित कुमार त्रिवेदी पुत्र ओम प्रकाश त्रिवेदी ग्रा.पो. भोजपुर, पर. व थाना सरेनी, तह. लालगंज जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरी पत्नी रश्मि देवी हैं। मेरा बड़ा पुत्र हर्षित त्रिवेदी और पुत्रवधू डाली का व्यवहार काफी खराब है। उसके गलत प्रवृत्ति के कारण दोनों को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके किसी क्रिया कलाप से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कुछ सरकारी अभिलेखों/पासपोर्ट में भूलवश मेरा नाम राम लक्षमन दर्ज हो गया है। वास्तव में मेरा नाम लक्षमन पुत्र राम लोचन (Lakshmkan s/o Ram Lochan) है। अतः भविष्य में मुझे लक्षमन पुत्र राम लोचन के नाम से जाना व पहचाना जाए। लक्षमन पुत्र राम लोचन निवासी ग्राम–रानीपुर, पोस्ट–रामपुर ग्रांट,जिला–बलरामपुर।

**सूचना**

मेरा नाम आधार कार्ड नंबर (595678460657) में सकील मोहम्मद दर्ज है जबकि पासपोर्ट नंबर (L9568251) में केवल सकील दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। अतः मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाए। **सकील मोहम्मद उर्फ सकील पुत्र अकबर अली निवासी धुसाह जि. बलरामपुर।**

**सूचना**

मेरे द्वारा क्रय की गई संपत्ति मकान संख्या सी 3/23, विकासखंड–3,गोमती नगर लखनऊ, का आवंटन पत्र कहीं खो गया है जिसकी L.A.R No- 20260000134898 दिनांक 03.02.2026 है, जिसको कहीं बंधक आदि नहीं किया, इसका उपयोग शून्य होगा, **शिवेंद्र कुमार शुक्ला 9305855463**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम RAM ASARE DUPTA था से बदलकर RAM ASARE GUPTA रख लिया है अब मुझे RAM ASARE GUPTA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM KETARE GUPTA ADD-VILLAGE-AND POST-VELIYA DIST-GONDA-271124(U.P.)


# हिंदुओं को करें एकजुटः चंपत राय

अयोध्या कार्यालय

**हिंदू सम्मेलन**

- आरएसएस की स्थापना शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित
- जनसमूह ने सामूहिक हनुमान चालीसा का किया पाठ

**अमृत विचार :** राष्ट्र को सशक्त और समृद्धि बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्षों से लगातार लगा हुआ है। हमें हिंदुओं को जात पात से दूर करते हुए एक करने का प्रयास करना होगा। यह बातें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहीं।

वह कौशलपुरी कॉलोनी स्थित एक लॉन में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश की समृद्धि में संपूर्ण हिंदू समाज के योगदान की चर्चा करते हुए देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान बताया।

विशिष्ट अतिथि आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं संघ चालक प्रो. विक्रमा प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है, जिसमें घर-घर संपर्क अभियान और पूरे भारत सहित विश्व में लगभग एक लाख स्थानों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए लक्ष्मण किला पीठाधीश्वर मैथिली रमन शरण ने 500 वर्षों के राम मंदिर के संघर्ष का उल्लेख करते हुए राम मंदिर को राष्ट्र की अस्मिता का स्मारक बताया। इसके बाद उनके नेतृत्व में उपस्थित जन समूह ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष श्रीप्रकाश पाठक और लगभग 200 पूर्व सैनिकों से अधिक संख्या में लोगों ने इस कार्यक्रम में बढ़कर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में आरएसएस के प्रांत सह कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख प्रो. रमा प्रति मिश्रा, महानगर शारीरिक प्रमुख अवनि कुमार शुक्ला, डॉ. आभा सिंह, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, मंगली प्रसाद तिवारी, अमर सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ALAUDDIN था, जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम ALAUDDEEN रख लिया है। अब मुझे ALAUDDEEN के नाम से जाना व पहचाना जाये। ALAUDDEEN S/O ABDUL WAHAB, ADD-287 MOHALLA- GUDAHI NIHALGARH CHAKJANGLA JAGDISHPUR, AMETHI- 227405


## दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार, आज जानी थी बारात

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक गांव की दलित युवती ने ग्राम प्रधान के पुत्र पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 23 वर्षीय पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक ने उससे विवाह का वादा कर करीब एक वर्ष तक उसके साथ संबंध बनाए। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। आरोप है कि युवक ने दवा देकर उसका गर्भपात भी करा दिया। बाद में जब युवती को पता चला कि युवक किसी अन्य युवती से विवाह करने जा रहा है तो उसने उससे शादी की बात की, लेकिन आरोपी ने इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की। आरोपी युवक की बारात चार फरवरी को जानी थी और शादी की तैयारियां चल रही थीं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो के लिये ''खुली'' निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा० पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैः–

**क्रम सं.-1,** निविदा सं.: वमंविइ-लजं०-51-2025, कार्य का विवरणः एलजेएन क्षेत्र के विभिन्न सब स्टेशनों में विद्युत आपूर्ति प्रणाली में सुधार से संबंधित विद्युत कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 1,40,84,474.90, बयाना राशिः ₹ 2,20,400/-, निविदा मूल्यः ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधिः 06 माह। **क्रम सं.-2,** निविदा सं.: वमंविइ-लजं०-56-2025, कार्य का विवरणः मोहिबुल्लापुर में यात्रियों के लिये आवश्यक सुविधाओं सहित स्टेशन के विकास से संबंधित विद्युत कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 94,10,253.93, बयाना राशिः ₹ 1,88,200/-, निविदा मूल्यः ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधिः 180 दिन।

• उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 26-02-2026 को 15:00 बजे।

**नोटः** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य**

मुजाधि/विद्युत–272 **लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद–रायबरेली

पत्रांक 32/न.प.स./टैक्स/सा0सू0/2026 दिनांक 03/02/2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा–147(2) यू0पी0 म्यू0एक्ट–1916**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सलोन जनपद रायबरेली की गृहकर पंजिका में नाम परिवर्तन हेतु नीचे वर्णित कम संख्या/वार्ड संख्या के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये हैं जिनका विवरण निम्नवत है–

| क्र0 | मोहल्ला | गृहकर पंजिका क्रम सं0 | वार्ड संख्या | अंकित भवन स्यामी/अध्यासी/ किरायेदार का नाम | आवेदक का नाम | नाम परिर्वतन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड निल्कियाना पूर्वी | 165 | 11 | श्री मो0 अमीन पुत्र जुम्मन | श्रीमती जैतून पत्नी स्व0 मो0 अमीन व मो0 वसीम, मो0 कलीम, मो0 नईम, अब्दुल गफ्फार पुत्रगण स्व0 मो0 अमीन | वरासत |
| 2 | वार्ड कच्ची मस्जिद | 117 | 8 | श्रीमती राजिया बेगम पत्नी मुशीर अहमद | श्री मो0 जहीर, मो0 जावेद, मो0 आवेश, मो0 अहमद पुत्रगण स्व0 चौधरी मुशीर अहमद | वरासत |
| 3 | वार्ड पैगम्बरपुर पूर्वी | 204 | 04 | श्री रमेश साहू पुत्र राम आधार साहू, श्रीमती राजपती पुत्री सुखनन्दन साहू पत्नी राम आधार साहू, दिनेश साहू पुत्र राम अधार साहू व शिवकुमार साहू पुत्र रामअधार साहू | श्रीमती राबिया पत्नी रईश अहमद | बैनामा |
| 4 | वार्ड पैगम्बरपुर पूर्वी | 38 | 04 | श्री हरवंश सिंह पुत्र मक्खन सिंह | श्रीमती हरविन्दर कौर पत्नी अजीत व जसमीत कौर | वरासत |
| 5 | वार्ड पैगम्बरपुर पूर्वी | 97 | 04 | श्री रफत उल्ला पुत्र नेमतउल्ला | श्रीमती नाजिया बानो पत्नी शाहिद उमर | बैनामा |
| 6 | वार्ड नई बाजार | 254 | 10 | श्री आरिफ ऊल हसन पुत्र कुतबुल हुसैन | श्री मो0 नदीम पुत्र मो0 नईम | बैनामा |
| 7 | वार्ड नई बाजार | 254 | 10 | श्री आरिफ ऊल हसन पुत्र कुतबुल हुसैन | श्रीमती जरीन सुल्तान पत्नी मो0 मुस्तकीम व मोहम्मद मुस्तकीम पुत्र मो0 नईम | बैनामा |
| 8 | वार्ड विकास नगर | 142 | 12 | श्री मो0 साकिर पुत्र नईम खाँ | श्री जावेद आलम पुत्र लाल मो0 | बैनामा |
| 9 | वार्ड विकास नगर | 156 | 12 | श्री रजनीश चन्द्र गुप्ता पुत्र स्व0 मोतीलाल | श्रीमाती रेनू राकेश कुमार पारख पत्नी राकेश कुमार पारख | बैनामा |
| 10 | बार्ड मिल्कियाना पश्चिमी | 58 | 15 | श्री सब्बर अहमद पुत्र हबीब अहमद | श्रीमती हाजिरा बेगम पत्नी कल्लू | बैनामा |

सर्वसाधारण से यह अपेक्षा है कि यदि किसी को उपरोक्त भवनों में नाम परिवर्तन पर को आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर प्रमाणित साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी को सम्बोधित प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा नियमानुसार नाम परिर्वतन की अग्रिम कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सलोन**
**रायबरेली**

## दिव्यांगों को बांटे उपकरण

लखनऊ, अमृत विचार : ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने मंगलवार को गायत्री विद्या मार्केट पार्क, राजेन्द्र नगर में शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि राजेंद्र नाथ त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा तथा डॉ. पवन पुत्र बादल राष्ट्रीय महामंत्री साहित्य परिषद थे। कार्यक्रम में 2000 कंबल, 225 छड़ी, 65 कान की मशीन, 50 ट्राई साइकिल दिव्यांगों को वितरित किये गये। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव मिश्रा, हनुमान प्रसाद मिश्रा ,जितेंद्र राजपूत , सोमिल शंकर मिश्रा आदि थे।

## ड्रोन कैमरे के नाम पर ढाई लाख ठगे

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** बड्डूपुर क्षेत्र में एक युवक से ड्रोन कैमरा दिलाने के नाम पर ठगों ने दो लाख 49 हजार 745 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम हाजीपुर मजरे बुढ़ना निवासी पीड़ित विवेक कुमार पुत्र राम प्रकाश के अनुसार अज्ञात व्यक्ति ने अलग–अलग मोबाइल नंबरों से वीडियो कॉल व स्क्रीनशॉट भेजकर ड्रोन कैमरा बेचने का झांसा दिया। आरोपी ने विश्वास में लेकर जी–पे और फोन–पे के माध्यम से एयरटेल पेमेंट बैंक के अलग–अलग खातों में कुल 2,49,745 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित का कहना है कि यह रकम उसने 16 से 25 जनवरी के बीच अपने खाते से भेजी थी। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी, डी0पी0ए0पी0 उरई।

पत्रांकः– 454 भू0सं0/भण्डार/पं0दी0द0उपा0कि0स0यो0/2025–26/ दिनांक 02.02.2026

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में भूमि संरक्षण इकाई डी0पी0ए0पी0 उरई के अन्तर्गत परियोजना क्षेत्रों में पं0दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अन्तर्गत पक्के ड्रॉप स्पिलवें निर्माण हेतु सामग्री (ईट प्रथम श्रेणी, सीमेन्ट, कोर सेन्ड एवं कंकरीट) की निविदा दरें पंजीकत आपूर्ति कर्ता/फर्मो/कन्ट्रेक्टर से दिनांक 04.02.2026 से दिनांक 11.02.2026 तक आमंत्रित की जायेगी। निविदा प्रपत्र अन्य नियम व शर्ते विवरण कार्यालय दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 5:00 बजे तक रू0 1000/प्रति निविदा प्रपत्र शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकेगी। निविदा प्रपत्र शील बन्द लिफाफे में कार्यालय में रखे गये निविदा शील्ड पेटिका में दिनांक 11.02.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे तक डाली जायेगी निविदायें उक्त दिनांक 11.02.2026 को अपरान्ह 5:00 बजें निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा अथवा समस्त निविदाओं के स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार समिति का होगा निविदा स्वीकृत के उपरान्त सामग्री की धनराशि का 10 प्रतिशत की दर से धरोहर धनराशि के रूप में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के नाम से बन्धक एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 के रूप में कार्यालय में जमा करना होगा। सामग्री की मात्रा बजट उपलब्धता के साथ घट बढ़ सकती है।

**भूमि संरक्षण अधिकारी,**
**डी0पी0ए0पी0 उरई।**

## न्यूज ब्रीफ

### पांच सेवानिवृत्त न्यायाधीश तदर्थ रूप में नियुक्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में बढ़ते लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पांच सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की तदर्थ (एडहॉक) न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इन नियुक्तियों के अनुसार न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान, न्यायमूर्ति मोहम्मद असलम, न्यायमूर्ति सैयद आफताब हुसैन रिजवी, में न्यायमूर्ति रेणु अग्रवाल तथा न्यायमूर्ति ज्योत्सना शर्मा को दो वर्षों की अवधि के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में तदर्थ न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है।

### यूजीसी के विरोध में निकाला जुलूस

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) की ओर से पारित नए नियमों और यूजीसी एक्ट-2026 के विरोध में मंगलवार को सवर्ण समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए विशाल जुलूस निकाला। बीएसए ग्राउंड में विभिन्न संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोग सुबह एकत्र हुए और हाथों में तख्तियां व बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में कलक्ट्रेट की ओर बढ़े।

# दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान गोपनीय रखनी चाहिए : हाईकोर्ट

## प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया आदि से उजागर नहीं होनी चाहिए उनकी पहचान

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म और पोक्सो अधिनियम से जुड़े मामले में एक आरोपी की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा डिस्चार्ज आवेदन खारिज करने में कोई कानूनी त्रुटि या अनियमितता नहीं है। आरोप तय करने के चरण पर साक्ष्यों का सूक्ष्म मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। उपलब्ध सामग्री के आधार पर यदि अभियोजन के आरोपों को लेकर उचित संदेह बनता है, तो आरोप तय किए जा सकते हैं। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अब्दुल शाहिद की एकलपीठ ने आकाश यादव की याचिका खारिज करते हुए की।

बता दें कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और पोक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत पुलिस स्टेशन मुगराबादशाहपुर, जनपद जौनपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में आरोपी ने पीड़िता की उम्र को लेकर विरोधाभास का दावा किया था और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर उसे बालिग बताए जाने का तर्क दिया था। हालांकि कोर्ट ने स्कूल रिकॉर्ड और पीड़िता के बयानों को प्राथमिक साक्ष्य मानते हुए कहा कि घटना के समय पीड़िता की उम्र 16 वर्ष से कुछ अधिक थी। जांच के दौरान कॉलेज प्राचार्य के बयान से भी जन्मतिथि की पुष्टि हुई है। कोर्ट ने यह भी दोहराया कि नाबालिग पीड़िता के मामलों में शारीरिक चोटों का न होना, अपराध के न होने का आधार नहीं बनता। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में नाबालिग की सहमति का कोई महत्व नहीं होता। इसके अलावा कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा आदेश में पीड़िता का नाम उल्लिखित किए जाने पर विशेष आपत्ति जताते हुए कहा कि 16 जनवरी 2019 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि दुष्कर्म पीड़ितों की पहचान गोपनीय रखी जानी चाहिए। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया सहित किसी भी माध्यम से उनकी पहचान उजागर नहीं होनी चाहिए।

बांके बिहारी मंदिर दर्शन मामला

### समय बढ़ाने के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका खारिज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर, वृंदावन में दर्शन का समय बढ़ाने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त मंदिर प्रबंधन समिति के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ की एकलपीठ ने गौरव गोस्वामी द्वारा दाखिल याचिका को खारिज करते हुए दिया। कोर्ट ने माना कि समिति ने तीर्थयात्रियों की अत्यधिक भीड़ और उन्हें हो रही असुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया था और इसमें हाईकोर्ट के किसी आदेश की अवहेलना नहीं हुई है। दरअसल याचिका में तर्क दिया गया था कि नवंबर 2022 में हाईकोर्ट द्वारा सिविल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाए जाने के बाद समिति दर्शन का समय नहीं बढ़ा सकती थी।

कोडीन युक्त कफ सिरप मामला

### अवैध तस्करी से जुड़े मामले के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी से जुड़े एक मामले में आरोपियों को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में कफ सिरप का भंडारण और परिवहन "चिकित्सीय उपयोग" की अवधारणा के विपरीत है। बड़ी मात्रा में कोडीन आधारित कफ सिरप की बरामदगी प्रथम दृष्टया एनडीपीएस अधिनियम के गंभीर उल्लंघन की ओर इशारा करती है और ऐसे मामलों में कठोर प्रावधानों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने इस संदर्भ में प्रावधानों की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति किसी छूट या रियायत का दावा करता है, उसकी यह जिम्मेदारी होती है कि वह यह सिद्ध करे कि वह ऐसी छूट या रियायत पाने का पात्र है। यदि कोई छूट कुछ विशेष शर्तों के पालन पर उपलब्ध है, तो उन शर्तों का अक्षरशः पालन अनिवार्य है। किसी भी शर्त का उल्लंघन होने पर दावा करने वाला व्यक्ति उस छूट से वंचित हो जाता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की एकलपीठ ने अब्दुल कादिर व अन्य की याचिका खारिज करते हुए पारित किया। मामला रामपुर जिले का है। बाद में कहा कि कोडीन 'नारकोटिक ड्रग' की श्रेणी में आता है और चिकित्सीय अपवाद का लाभ तभी मिल सकता है, जब सभी शर्तों का सख्ती से पालन किया गया हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि व्यावसायिक मात्रा से कहीं अधिक बरामदगी के कारण वर्तमान मामले में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 37 के कठोर प्रावधान लागू होते हैं और इस स्तर पर आरोपियों को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता है। अतः कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

## गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी अग्रिम जमानत संभव : हाईकोर्ट



**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** गर्भावस्था अथवा प्रसूति अवधि के दौरान अदालत में उपस्थित न हो पाने की स्थिति में, यदि अभियुक्त के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट या दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82/83 के तहत उद्घोषणा जारी कर दी गई हो, तो भी मामले में अग्रिम जमानत पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है। उक्त आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की एकलपीठ ने मोनिका को सशर्त अग्रिम जमानत प्रदान करते हुए पारित किया, साथ ही शर्त लगाई कि वह नियमित रूप से न्यायालय में उपस्थित होगी, साक्ष्यों से छेड़छाड़ नहीं करेगी और मुकदमे में पूरा सहयोग करेगी। शर्तों के उल्लंघन पर जमानत निरस्त की जा सकेगी। हाईकोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत पर विचार करते समय कोर्ट को अभियुक्त की व्यक्तिगत स्वतंत्रता, लगाए गए आरोपों की प्रकृति व गंभीरता, मामले में उसकी वास्तविक भूमिका तथा प्रकरण की समग्र परिस्थितियों का संतुलित मूल्यांकन करना आवश्यक है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल अभियुक्त की अनुपस्थिति के आधार पर कठोर निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता, विशेष रूप से तब जब अनुपस्थिति का कारण गर्भावस्था या प्रसूति जैसी असाधारण और मानवीय परिस्थिति हो, जिसे न्यायिक दृष्टि से एक प्रासंगिक तथ्य माना जाना चाहिए। मामले के अनुसार थाना कीरतपुर, जनपद बिजनौर में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 316, 420, 504, 120-बी तथा मेडिकल काउंसिल अधिनियम, 1956 की धाराओं 15(2) और 15(3) के तहत दर्ज मुकदमे में आवेदिका ने आशंका जताई कि उसकी गिरफ्तारी हो सकती है, इसलिए उसे अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाए। कोर्ट ने 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और दो जमानतदारों को जमा करने की शर्त पर अग्रिम जमानत प्रदान कर दी।

# नोटिस निस्तारण पर दिया जोर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** एस.आई.आर. के दृष्टिगत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा तहसील डुमरियागंज एवं इटवा का में बैठक गया। बैठक में डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बूथवार अनमैप्ड मतदाताओं के नोटिस निस्तारण व सुनवाई की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी राजेश कुमार द्वारा किए गए सर्वाधिक 71 प्रतिशत निस्तारण की जिलाधिकारी ने सराहना की। वहीं जिन सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के स्तर से पोर्टल पर 20 प्रतिशत से कम निस्तारण पाया गया और जिनके यहां सर्वाधिक आवेदन लंबित रहे, उन्हें चिन्हित करते हुए अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा प्रगति संतोषजनक न होने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### मतदाता सूची से नाम कटवाने का आरोप

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर मतदाता सूची से अवैध रूप से नाम कटवाने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत फार्म-7 का दुरुपयोग कर मुस्लिम, दलित और सपा समर्थक मतदाताओं के नाम सूची से हटवाने की साजिश रची जा रही है। इसी के विरोध में आक्रोशित सपाइयों ने जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अब्दुल कलाम और पूर्व विधान सभा प्रत्याशी जयराम पांडेय के नेतृत्व में सोमवार को मेंहदावल तहसील पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय का घेराव कर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।



प्रयोगशाला का उद्घाटन करते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना सुनील कुमार शर्मा।

### बॉयो टायलेट बैक्टीरिया परीक्षण प्रयोगशाला का हुआ उद्घाटन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर के सीएमटी प्रयोगशाला परिसर में नवस्थापित ए.एम.आई., बॉयो टायलेट बैक्टीरिया परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना सुनील कुमार शर्मा ने मंगलवार को किया। प्रयोगशाला का शुभारम्भ वरिष्ठ कर्मचारी केमिकल एवं मेटालॉर्जिकल अधीक्षक ए.के.जैसवाल ने फीता काटकर किया। बता दें कि इसके पूर्व, कोचों को बायो-टायलेट बैक्टीरिया परीक्षण के लिये बाहर भेजा जाता था। इस प्रयोगशाला के स्थापना से कारखाना के परिसर में ही ए.एम.आई (बायो टायलेट बैक्टीरिया) के गुणवत्ता की जांच यांत्रिक कारखाना में प्रारम्भ हो गयी है। इस अवसर पर उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, प्लांट, वकर्स एवं अन्य अधिकारी तथा प्रयोगशाला पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### यात्रियों का छूटा सामान बरामद कर उनके सुपुर्द किया

**गोरखपुर, अमृत विचार।** 02 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को स्टेशन के प्लेटफार्म पर घर से नाराज होकर आयी 16 वर्षीया लड़की लावारिस हालत में बैठी मिली। पूछताछ के बाद उसे चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रयागराज रामबाग को निगरानी के दौरान गाड़ी सं. 55131 के ज्ञानपुर आगमन पर गाड़ी में महिला यात्री का छूटा बैग मिला, जिसे ज्ञानपुर पोस्ट पर जमा किया गया। महिला यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बनारस को निगरानी के दौरान गाड़ी सं. 18523 में यात्री का छूटा बैग मिला, जिसे बनारस पोस्ट पर जमा कराया गया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान गाड़ी सं. 15049 में यात्री का छूटा एक पिट्ठू बैग मिला, जिसे गोरखपुर पोस्ट पर जमा कराया गया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लालकुआं को निगरानी के दौरान गाड़ी सं. 15035 में यात्री का छूटा बैग मिला, जिसे लालकुआं पोस्ट पर जमा कराया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया।


कार्यालयः प्रधानाचार्य, एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।

पत्र संख्या—क्र.अनु./अम्बे./नीलामी/2026/284 दिनांकः 27/01/2026.

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर के परिसर में उपलब्ध निष्प्रयोज्य सामग्री हेतु यदि कोई दावेदार हैं तो दिनांक 26.02.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे प्रधानाचार्य कक्ष में संबंधित प्रपत्रों सहित उपस्थित हों अन्यथा कि स्थिति में निष्प्रोज्य सामानों की नीलामी दिनांक 27.02.2026 को अपरान्ह 2.30 बजे प्रधानाचार्य सभाकक्ष में की जायेगी। नीलामी लेने वाले इच्छुक फर्म/व्यक्ति निष्प्रोज्य सामग्री का विधिवत निरीक्षण नीलामी से पूर्व कर सकते हैं। निष्प्रयोज्य सामग्री के संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्रधानाचार्य, एम0आर0ए0, मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। नीलामी की कार्यवाही निम्नलिखित शर्तों के अधीन की जायेगी:—

1. नीलाम होने वाले निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी जहॉ है एवं जिस दषा में है उसी दषा में नीलाम की जायेगी।
2. नीलामी में भाग लेने वाले व्यापारीगण/व्यक्ति को जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र की स्वःप्रमाणित प्रति के साथ धरोहर धनराषि रू0 50,000.00(रू0 पचास हजार मात्र) का बैंक ड्राप्ट दिनांक 27.02.2026 का अपरान्ह 1.00 बजे तक प्रधानाचार्य कार्यालय, एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर में जमा करना अनिवार्य होगा। समय समाप्त हो जाने के उपरान्त दिनांक 27.02.2026 को अपरान्ह 2.30 बजे होने वाले नीलामी में व्यापारीगण/व्यक्ति को सम्मिलित नही किया जायेगा जिसका उत्तदायी उसकी स्वयं की होगी।
3. नीलामी की कार्यवाही नामित नीलामी समिति के अध्यक्ष/सदस्यों के समक्ष की जायेगी। नीलामी को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार प्रधानाचार्य, एम0आर0ए0, मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर का होगा।
4. नीलामी समाप्त होने के पश्चात् उच्चतम बोली संतोषप्रद पाये जाने पर बोलीदाता को सम्पूर्ण धनराषि का 1/2 भाग नीलामी की तिथि को ही जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी लेने वाले व्यक्ति को देय जी0एस0टी0 आदि का भुगतान स्वयं करना होगा, जो नीलामी की धनराषि से अतिरिक्त होगा। प्रधानाचार्य द्वारा नीलामी स्वीकृत कर दिये जाने के पश्चात् शेष 1/2 धनराषि तत्काल जमा करना होगा। तत्पष्चात् ही वांछित निष्प्रयोज्य सामग्री ले जाने की अनुमति दी जायेगीं
5. नीलामी के शर्तों का उल्लंघन करने पर जमा धरोहर धनराषि सरकार के पक्ष में जब्त कर पुनः नीलामी की कार्यवाही की जायेगी।

UP - 245064 दिनांकः 02/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

प्रधानाचार्य
एम0आर0ए0मेडिकल कालेज,
अम्बेडकर नगर।


### गोरखपुर ने लखनऊ को हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 4 में मंगलवार का टूर्नामेंट फाइनल मैच का मुकाबला गोरखपुर और लखनऊ के बीच खेला गया, जिसमें गोरखपुर के कप्तान नीरज यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। वहीं टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम निर्धारित 20 ओवर में 08 विकेट खोकर 167 रन हीं बन पायीं। लखनऊ की तरफ से आशुतोष चौधरी ने 68 अमित शर्मा ने 38 व राजकुमार ने 36 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरखपुर टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए अमन पासवान ने 60 रन, संदीप मित्तल ने 31 रन, अंकुर लखमणि ने 39 रन व आनन्द दुबे ने 22 रनों के योगदान से 16.5 ओवरों में 03 विकेट खोकर टूर्नामेंट ट्राफी अपने नाम कर लिया या। इस मैच के मैन ऑफ द मैच गोरखपुर के अमन पासवान रहे। इस प्रतियोगिता के मैन ऑफ द सीरीज गोरखपुर के संदीप मित्तल, गोरखपुर के वेस्ट बैट्समैन संदीप मित्तल एवं गोरखपुर के बेस्ट बॉलर अनुराग यादव रहे। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह जी रहे। इस अवसर पर चेयरमैन शोहरतगढ़ व टूर्नामेंट अध्यक्ष उमा अग्रवाल, भाजपा नेता श्याम जायसवाल, श्याम सुन्दर चौधरी, सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि शोहरतगढ़ रवि अग्रवाल रहे।

# पिपरहवा पहुंचा दक्षिण कोरिया के बौद्ध अनुयायियों का दल

निजाम जिलानी, ककरहवा, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बुद्ध के जीवन, दर्शन और करुणा-आधारित शांति संदेश को गहराई से समझने के उद्देश्य से दक्षिण कोरिया के लगभग 500 बौद्ध अनुयायियों का एक विशाल दल मंगलवार को पिपरहवा स्थित ऐतिहासिक बौद्ध स्तूप पहुंचा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कपिलवस्तु क्षेत्र की प्राचीन बौद्ध विरासत के दर्शन कर मुख्य स्तूप का अवलोकन कर पूजा अर्चना कर धर्मसभा का आयोजन कर विश्व शांति और सद्भाव का संदेश दिया।



भ्रमण करता दक्षिण कोरिया के बौद्ध अनुयायियों का दल। अमृत विचार

दक्षिण कोरियाई श्रद्धालुओं का यह दल 22 जनवरी से भारत भ्रमण पर है। यह धार्मिक यात्रा 7 फरवरी को पूर्ण होगी, जिसके बाद दल स्वदेश लौट जाएगा। उल्लेखनीय है कि तीन वर्ष पूर्व भारत-दक्षिण कोरिया के राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती के अवसर पर 108 सदस्यों का कोरियाई बौद्ध दल लुम्बिनी से ककरहवा बॉर्डर होते हुए पैदल कपिलवस्तु पहुंचा था। उस दौरान श्रद्धालुओं ने कपिलवस्तु स्तूप के साथ-साथ गनवरिया स्थित शुद्धोधन महल के अवशेष, सलारगढ़ के प्राचीन अस्तबल और मझौली सागर का भी अवलोकन किया था। इस तरह की अंतरराष्ट्रीय बौद्ध यात्राएं सिद्धार्थनगर और कपिलवस्तु क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक पहचान को वैश्विक मंच पर सशक्त रूप से स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

### महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे ने संरक्षा कार्य का लिया जायजा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन के साथ मंगलवार को गोरखपुर कैंट-पनियहवा रेल खंड का संरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक ने गोरखपुर कैन्ट-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के प्रथम चरण में गोरखपुर कैन्ट-कप्तानगंज खंड के दोहरीकरण कार्य एवं मध्यवर्ती स्टेशनों पर दोहरीकरण के अनुरूप



सुधार एवं विकास कार्यों तथा संरक्षा का गहन निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने अपने निरीक्षण का आरंभ गोरखपुर कैंट-उनौला स्टेशनों के मध्य किमी सं-386/11-10 पर स्थित ब्रिज संख्या-02 के गहन निरीक्षण के साथ किया। उन्होंने ब्रिज सं-2 के कांक्रीट स्लैब की गुणवत्ता और फाउन्डेशन की जाच की।

### गाड़ियों के संचालन में बदलाव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा सरंक्षित गाड़ी संचलन हेतु वाराणसी मंडल के नूनखार-देवरिया सदर स्टेशनों के मध्य समपार संख्या 126/सी पर सीमित ऊँचाई के सब-वे निर्माण हेतु गर्डर लांचिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में ब्लॉक लिए जाने के कारण गाड़ियों का नियंत्रण, पुनर्निर्धारण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। 12522 एर्णाकूलम-बरौनी एक्सप्रेस 08 एवं 15 फरवरी को मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस 08 एवं 15 फरवरी को नौतनवा से 150 मिनट पुनर्निधारित कर चलाई जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।


कार्यालय, निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ–226007

संख्याः 642/सा0–1/बायोमेडिकल वेस्ट ई–टेण्डर/2025–26, दिनांक 03 फरवरी, 2026

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में पशुपालन विभाग, उ0प्र0 के समस्त जनपदों में स्थापित 2232 संस्थाओं से निर्गत जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट के निस्तारण हेतु कार्यदायी संस्थाओं का चयन एवं दर निर्धारण किए जाने हेतु ईप्रक्योरमेंट के माध्यम से आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। वे संस्थाए जो उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सूची में सम्मिलित है, पात्र होंगी। निविदा सम्बन्धी विवरण एवं निविदा प्रपत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट http://animalhusb.upsdc.gov.in पर एवं उ0प्र0 सरकार की टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निर्धारित अवधि में उपलब्ध होगा। उक्त ई–टेण्डर के निविदा प्रपत्र (अहस्तान्तरणीय) का मूल्य धरोहर (ई0एम0डी0) का विवरण निम्न तालिका मे दिया जा रहा है:–

| निविदा का विषय/श्रेणी | निविदा के सापेक्ष धरोहर धनराशि (रू0)(ई0एम0डी0) | निविदा प्रपत्र के मूल्य (रू0) (नॉन रिफण्डेबल) |
|---|---|---|
| पशुपालन विभाग, उ0प्र0 के समस्त जनपदों में स्थापित 22032 संस्थाओं से निर्गत जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट के उठान/निस्तारण हेतु कार्यदायी संस्थाओं का चयन एवं दर निर्धारण किए जाने हेतु। | निविदा प्रपत्र के शिड्यूल ऑफ रिक्वायरमेन्ट के सेक्सन III (B) में उल्लिखित प्रोडक्टस हेतु रू0 (एक लाख) की सीमा तक रू0 1500.00 एवं उसके बाद अतिरिक्त प्रत्येक 1.00 लाख के लिए रू0 1000.00 की प्रतिभूति/ई–बिड सिक्योरिटी के रूप में होगी। (ई0एम0डी0 में उ0प्र0 सरकार/भारत सरकार के नियमों के अन्तर्गत छूट देय होगी) | रू0 25000.00 (रू पच्चीस हजार मात्र + जी0एस0टी0 अतिरिक्त (जी0एस0टी0) की धनराशि आर0सी0एम0 के अन्तर्गत जमा कर चालान निविदा प्रपत्र मूल्य के बैंक ड्राफ्ट के साथ जमा करना होगा। |

उपरोक्त तालिका में दिए गए विवरण के अनुसार निविदा प्रपत्र शुल्क (रू0 25000.00 + जी0एस0टी0 ) होगा। इसमें से जी0एस0टी0 शुल्क की धनराशि आर0सी0एम0 के अन्तर्गत जमा कर चलान निविदा प्रपत्र मुल्य रू0 25000.00 के बैंक ड्राफ्ट (नॉन रिफण्डेबल) के साथ जमा करना होगा। नेशनलाइज्ड/शिड्यूल्ड बैंक का उक्त धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में लखनऊ में देय हो एवं बिड प्रतिभूति राशि (ई0एम0डी0) नेशनलाइज्ड बैंक का फिक्स डिपाजिट रशीद (एफ0डी0आर0) जो निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र , पशुपालन विभाग उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में बंधक हो, के रूप में निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि तक प्रत्येक दशा में निदेशालय पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश बादशाहबाग लखनऊ के कार्यालय में जमा करना होगा। ई–बिड उ0प्र0 सरकार को टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in से ही आनलाईन सबमिट की जाएगी।

ई–निविदा की तिथि एवं समयः–

1:–आनलाईन निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि –दिनांक 05.02.2026 को मध्यान्ह 12:00बजे से
2:–आनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारम्भ तिथि –दिनांक 05.02.2026 को अपरान्ह 04:00बजे से
3:–प्री–बिड मीटिंग –दिनांक 10.02.2026 को सायं 03:00बजे
4:–आनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि –दिनांक 17.02.2026 को अपरान्ह 02:00बजे तक
5:–आनलाईन निविदा प्रपत्र (तकनीकी बिड खोलने की तिथि –दिनांक 17.02.2026 को अपरान्ह 04:00बजेतक

UP-245192 दिनांक 03.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(डा0 राजेन्द्र प्रसाद)
निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र
पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।


निर्देश | एडीजी गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन ने रिजर्व पुलिस लाइन में समीक्षा बैठक की, कहा

# जागरूकता कार्यक्रम अधिक प्रभावी बनाए पुलिस

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में जनपद की कानून-व्यवस्था एवं पुलिस अभियानों की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना सहित जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे।



कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करते एडीजी गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन।

एडीजी ने शक्ति मिशन, यक्ष ऐप, साइबर अपराध, चोरी व गैंगस्टर अपराधों के साथ-साथ प्रिवेंटिव कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। कहा कि बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन को समय पर अपडेट करें। इसमें किसी की भी तरह की कोताही क्षम्य नहीं होगी।

महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर संचालित मिशन शक्ति की समीक्षा करते हुए एडीजी ने निर्देश दिए कि स्कूल-कॉलेजों, ग्राम चौपालों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम और अधिक प्रभावी बनाए जाएं। महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा बीट स्तर पर सतत संवाद और निगरानी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। डिजिटल पुलिसिंग को मजबूत करने के उद्देश्य से यक्ष ऐप की समीक्षा की गई। एडीजी ने सभी बीट अधिकारियों को ऐप के नियमित उपयोग, संदिग्ध एवं बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन को समय से अपडेट करने तथा डिजिटल वेरिफिकेशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। एडीजी ने साइबर फ्रॉड की शिकायतों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। एडीजी ने सक्रिय अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई, गैंगस्टर एक्ट, चोरी व नकबजनी के मामलों में प्रभावी कार्रवाई और अपराध की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सतत निगरानी के निर्देश दिए।

### शासकीय काम-काज में हिन्दी के प्रयोग पर दिया जोर

**गोरखपुर, अमृत विचार।** यांत्रिक कारखाना में मंगलवार को यांत्रिक कारखाना राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन मुख्य कारखाना प्रबन्धक सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर महाकवि जयशंकर प्रसाद जी की जयन्ती मनाई गई। बैठक में मुख्य कारखाना प्रबन्धक ने कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन एवं उसका प्रचार-प्रसार हम सभी का संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि इस कार्यालय के शासकीय काम-काज में हिन्दी के प्रयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, सूचना तकनीक सम्बन्धी क्रिया-कलापों में भी हिन्दी प्रयोग का समावेश हुआ है। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अनुज कुमार मिश्र ने कहा कि कारखाने में अधिकांश कार्य राजभाषा हिन्दी में ही किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों में राजभाषा में कार्य करने के प्रति जागरूकता आती है।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### जदयू विधायक अनंत सिंह ने ली शपथ

**पटना।** मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड( जदयू) के जेल में बंद विधायक अनंत सिंह ने मंगलवार को बिहार विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। सिंह को अदालत से अनुमति मिलने के बाद कड़े सुरक्षा इंतज़ामों के बीच बेउर केंद्रीय कारागार से बिहार विधानसभा लाया गया। जदयू विधायक ने आज सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद निचले सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। शपथ लेने के बाद उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सदन के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर उनका औपचारिक अभिवादन किया। सिंह को शपथ लेने के बाद पुन: बेउर केंद्रीय कारागार ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि अनंत सिंह पिछले तीन महीने से दुलारचंद यादव हत्याकांड के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में हैं। दुलारचंद यादव की हत्या मोकामा विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के दौरान जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करते समय कर दी गई थी।

### शर्मिला पिंपलोलकर ठाणे की नई महापौर

**ठाणे।** एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना की शर्मिला पिंपलोलकर मंगलवार को ठाणे की 23वीं महापौर निर्विरोध चुनी गईं। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के कृष्णा पाटिल उप महापौर चुने गए। इन पदों के लिए कोई अन्य नामांकन दाखिल नहीं किया गया, जिससे इनके निर्विरोध चुनाव का मार्ग प्रशस्त हुआ। शिवसेना के एक नेता ने कहा, महायुति गठबंधन के भीतर आंतरिक महत्वाकांक्षाओं को नियंत्रित करने के लिए, शिवसेना और भाजपा ने बारी बारी से पद ग्रहण करने का विचार रखा है। जिसके तहत महापौर और उप महापौर का कार्यकाल 15 महीने निर्धारित किया गया है।" उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था निर्वाचित सदस्यों को संतुष्ट करने के लिए की गई है, जिससे प्रत्येक पद पर चार अलग-अलग पार्षदों को पूरे कार्यकाल के लिए सेवा करने का मौका मिलता है।

### कोलकाता,आसपास के इलाकों में भूकंप

**कोलकाता।** कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में मंगलवार शाम भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे पहले म्यांमार में आए 6 .1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में महसूस किए गए। कोलकाता में ऊंची इमारतों के कुछ निवासियों और कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने भूकंप के कई झटके महसूस किए। यह भूकंप म्यांमार में रात करीब 9 .05 बजे आया, जिसे कुछ सेकंड तक महसूस किया गया। भूकंप के कारण किसी नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

### टीटीडी अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**अमरावती।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ( सीबीआई) ने प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू बनाने के लिए मिलावटी घी से जुड़े विवाद के मामले में निविदा शर्तों में जानबूझकर की गई चूक, विफलताओं के आरोप में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ( टीटीडी) के पूर्व सदस्यों समेत इसके अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने को आंध्र प्रदेश सरकार से कहा है। सीबीआई के नेतृत्व वाले विशेष जांच दल ने टीटीडी के अधिकारियों ओ बालाजी, एवी धर्म रेड्डी ( पूर्व अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी) और अनिल कुमार सिंघल पर बिना सोचे-समझे निविदा की शर्तों को मंजूरी देने का आरोप लगाया है।

# विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन

## कहा- वाशिंगटन से क्यों मिल रही जानकारी, सत्ता पक्ष ने लगाया हताशा का आरोप

**अमेरिका से व्यापार समझौते पर चर्चा की मांग को लेकर भारी हंगामा और नारेबाजी**

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों के सदस्यों ने मंगलवार को जोरदार ढंग से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मुद्दा उठाया और संसद को विश्वास में लेने, सदन के पटल पर इनके पूरे मसौदे रखे जाने के साथ इन पर व्यापक चर्चा की मांग करते हुए राज्यसभा से वाकआउट किया। इससे पहले विपक्ष ने सदन में हंगामा व नारेबाजी करते हुए सरकार पर देश के हितों से समझौता करने का भी आरोप लगाया। सत्ता पक्ष ने यह कहकर पलटवार किया कि विपक्ष की हताशा सामने आ रही है।

उच्च सदन में शून्यकाल समाप्त होने के तुरंत बाद जब सभापति सीपी राधाकृष्णन ने प्रश्नकाल शुरू करने को कहा, उसी समय कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि इस समझौते से जुड़ी जानकारी संसद के बजाय वाशिंगटन से मिल रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर संसद को विश्वास में लेने, सदन में पूरे मसौदे रखे जाने और उन पर व्यापक चर्चा की मांग की। विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने उनका समर्थन किया। सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार देर रात को भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कटौती की जानकारी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दी और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सच्चा दोस्त बताया।

विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष की हताशा सामने आ रही है और वह अच्छी बातों में भी बुराई देखने लगा है। उन्होंने कहा, मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए तैयार है और समझौते का हर छोटा-बड़ा विवरण देने को भी तैयार है। सरकार इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेते हुए वक्तव्य देगी। लेकिन यह तरीका लोकतंत्र के लिए घातक है और यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार है। विपक्षी सदस्यों के हंगामा और नारेबाजी के बीच सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जब सरकार वक्तव्य दे रही है तो सदस्यों को उसे सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष हंगामा कर रहा है। इसी बीच, विपक्षी सदस्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए अपनी सीटों से उठकर आगे की ओर बढ़ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का उद्देश्य हर मुद्दे पर राजनीति करना है और सदन में इसका उदाहरण देखा गया।



राज्यसभा में अमेरिका के साथ हुए समझौते पर बात रखते राजद सांसद मनोज झा।

### तृणमूल सांसदों ने अलग से किया बहिर्गमन

हंगामे-नारेबाजी के बीच तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर सभी विपक्षी दलों के सदस्यों ने विरोध जताते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। टीएमसी सदस्य साकेत गोखले सदन में बैठे रहे और कुछ देर बाद बाहर चले गए। बाद में टीएमसी के सदस्यों ने कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस के सोमवार को एसआईआर-प्रभावित परिवारों के साथ किए गए व्यवहार के विरोध में अलग से बहिर्गमन किया। सोमवार कोपश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित 'बंग भवन' के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों से बहस हो गई थी। ममता ने गृहमंत्री के इशारे पर अपने राज्य में एसआईआर से प्रभावित परिवारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

# भाजपा नेता वाई खेमचंद सिंह होंगे मणिपुर के अगले मुख्यमंत्री

नई दिल्ली/इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में वाई. खेमचंद सिंह को मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल का नेता चुना गया। इसके साथ ही, पूर्वोत्तर राज्य में उनके नेतृत्व में सरकार गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सूत्रों के अनुसार, कुकी समुदाय से आने वाली महिला नेता और पूर्व मंत्री नेमचा किपगेन के नई सरकार बनने के बाद उपमुख्यमंत्री बनने की संभावना है।

सूत्रों ने बताया कि पूर्व मंत्री सिंह (62) को यहां पार्टी मुख्यालय में हुई भाजपा विधायकों की बैठक में विधायक दल का नेता चुना गया। इस बैठक में भाजपा के 37 विधायकों में से 35 विधायक के अलावा पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक तरुण चुघ, पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा और भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष ए शारदा देवी सहित अन्य उपस्थित थे। किपगेन (60) को नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना है। इसके बाद, मणिपुर भवन में एक और बैठक हुई, जिसमें मणिपुर में राजग के घटक दलों के विधायक उपस्थित थे। सूत्रों के अनुसार, एक नगा विधायक को दूसरा उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने का प्रस्ताव है, लेकिन कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बुधवार को राज्यपाल से मुलाकात करके सरकार बनाने का दावा पेश हो सकता है।



- कुकी नेता नेमचा किपगेन होंगी राज्य की उपमुख्यमंत्री

# प्रधानमंत्री ने भयंकर दबाव में अमेरिका के साथ किया व्यापार समझौता: राहुल

- कहा- छवि का गुब्बारा फूटने के डर से मोदी ने देश और किसानों को बेच दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भयंकर दबाव में हैं, इसलिए उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने इस समझौते के माध्यम से किसानों और देश को बेच दिया है और इस बात से डरे हुए हैं कि उनकी छवि का गुब्बारा कहीं फूट न जाए।

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी घबराए हुए हैं। जो व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था, उसमें कुछ बदला नहीं और कल शाम उस पर हस्ताक्षर कर दिया गया। इसके पीछे क्या कारण हैं, वो मैं जानता हूं और मोदी जानते हैं। उन्होंने दावा किया, मोदी जी पर भयंकर दबाव है। उनकी छवि का जो गुब्बारा हजारों करोड़ खर्च कर बनाया गया था, वो फूट सकता है। बड़ी बात यह है कि भारत के प्रधानमंत्री कंप्रोमाइज्ड हो चुके हैं। आरोप लगाया, हिंदुस्तान के किसानों को यह समझना चाहिए कि इस समझौते में आपकी मेहनत और खून-पसीने को मोदी ने बेच दिया है। उन्होंने सिर्फ आपको नहीं, देश को बेच दिया है।

### एक तो अदाणी मामला, दूसरे एपस्टीन फाइलों में छिपा सच

राहुल गांधी ने दावा किया, प्रधानमंत्री पर दबाव के पीछे दो बाते हैं। पहला एप्सटीन फाइल हैं जिसमें अभी बहुत सामग्री है, जिसे जारी नहीं किया गया है। इनमें जो है, उसे पूरा देश जानना चाहता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री के दबाव में आने का दूसरा कारण अमेरिका में उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ दर्ज मामला है। इस मामले के बावजूद अमेरिका अदाणी को निशाना नहीं बना रहा है। यह निशाना मोदी के वित्तीय ढांचे पर है। जो अदाणी पर मामला है, वो दरअसल नरेंद्र मोदी पर मामला है।

# कांग्रेस को बताना चाहिए वह भारत के पक्ष में है या उसके खिलाफः अनुराग

- पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा- कांग्रेस नेताओं में साफ दिख रही है देश विरोधी भावना

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस आरोप पर कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यापार सौदे को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के दबाव में आकर समझौता किया, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को पूछा कि कांग्रेस और विपक्ष के दूसरे दल बताएं कि वे भारतीय हित के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ हैं।

संसद भवन परिसर में पत्रकारों के साथ बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि भारत पर अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के बाद विपक्ष के कई लोग जश्न मना रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता किए जाने के बाद भी विपक्ष के लोगों ने सवाल उठाए थे। ठाकुर ने कहा, यहां सवाल यह उठता है कि विपक्ष और कांग्रेस भारतीय हित के पक्ष में हैं या उसके खिलाफ। उन्होंने कहा, यह भारत-विरोधी मानसिकता राहुल गांधी, कांग्रेस और दूसरे विपक्षी नेताओं में साफ दिख रही है, क्योंकि वे संसद को काम भी नहीं करने दे रहे हैं।

### विकास की चिंता नहीं, देश को गुमराह कर रहे राहुल: गोयल

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेता भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर देश को गुमराह कर रहे हैं, उन्हें देश के विकास की कोई चिंता नहीं है। मंत्री ने इस बात पर भी दुख जताया कि कांग्रेस और डीएमके, तृणमूल कांग्रेस और सपा सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के हंगामे के कारण उन्हें संसद में बयान देने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा, उन्होंने संसद में बहुत अभद्र व्यवहार किया, माननीय स्पीकर की सीट तक पहुंच गए।

# सीईसी के खिलाफ लाया जा सकता है महाभियोग प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त( सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर धमकी देने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाने के एक दिन बाद मंगलवार को सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की संभावना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यहां कहा, सोमवार को जो कुछ हुआ उसके बाद हम इस चुनाव आयुक्त से किसी भी चीज की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।



सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर विचार करने के सवाल पर ममता बनर्जी ने कहा, हालांकि हमारे पास बहुमत नहीं है फिर भी प्रस्ताव पेश किया जा सकता है। जनता के हित में हम पार्टी में इस विषय पर चर्चा करेंगे और इसका समर्थन करेंगे। यह रिकॉर्ड में तो दर्ज हो जाएगा। मुख्यमंत्री यहां चुनाव आयोग के मुख्यालय में ज्ञानेश कुमार के साथ हुई मुलाकात का उल्लेख कर रही थीं, जहां उन्होंने पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर सीईसी पर तीखा हमला किया। आयोग पर पक्षपातपूर्ण काम करने का आरोप लगाया, कहा कि प्रक्रिया राजनीतिक उद्देश्य से चलाई जा रही है।

- ममता बनर्जी ने कहा- हमारे पास संसद में बहुमत नहीं, पर रिकॉर्ड में दर्ज होगा प्रस्ताव

## शिमला में हुई बारिश...



हिमाचल प्रदेश के शिमला में मजेदार ठंड पड़ रही है। कभी बर्फबारी तो कभी बारिश के दीदार हो रहे हैं। इस मंगलवार को अच्छी बारिश हुई, इस दौरान भीगने से बचने के लिए स्थानीय लोग और पर्यटक छाता लेकर बाहर निकले।

### महाराष्ट्र : पंकजा मुंडे के उड़ान भरने से पहले हेलीकॉप्टर में खराबी

**छत्रपति संभाजीनगर।** जिला परिषद चुनाव के लिए प्रचार करने जा रही महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे को ले जाने वाले हेलीकॉप्टर में उनके प्रस्थान से कुछ घंटे पहले तकनीकी खराबी का पता चला तो खलबली मच गई। खराबी को ठीक करने के बाद वह दो घंटे की देरी से रवाना हो पाईं।

मुंडे सोमवार को एक विशेष विमान से छत्रपति संभाजीनगर पहुंचीं और चुनाव प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुईं। हवाई अड्डे के एक अधिकारी के मुताबिक विमानन कंपनी ने जब नियमित निरीक्षण किया तो हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी खामियां मिलीं। चिकलठाणा हवाई अड्डे के प्राधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। मुंडे ने कहा कि हेलीकॉप्टर पुराना था, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे को नहीं उठाया और अपनी यात्रा जारी रखी। 28 जनवरी को बारामती में हुए विमान हादसे में राकांपा नेता अजित पवार की दुखद मौत के बाद से हवाई यात्रा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# शराब पार्टी में विवाद के बाद दोस्त को छत से फेंका, मौत

- दो समुदाय से जुड़ा मामला होने के कारण गांव में फैला तनाव
- पुलिस ने मुठभेड़ में एक आरोपी को लंगड़ा किया, साथी फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली/सिरौली

**अमृत विचार :** चार दोस्तों में शराब पीने के दौरान आपस में हुए विवाद के बाद एक दोस्त को शराब की दुकान की कैंटीन की छत से नीचे फेंक दिया। युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण गांव में तनाव फैल गया। सूचना पर एसएसपी और एसपी साउथ ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज करके एक आरोपी को मुठभेड़ में लंगड़ा करने के बाद गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

सिरौली थाना क्षेत्र के केसरपुर गांव निवासी गीता ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 6 बजे 20 वर्षीय बेटे विनोद को गांव के रहने वाले राशिद, समीम और जीशान को पास के गांव गुरगांवा ले जाकर मारपीट कर छत से धक्का दे दिया। घायल अवस्था में विनोद को उनके पिता प्रेमशंकर शहर के अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने विनोद को मृत घोषित कर दिया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण गांव में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई। एसएसपी अनुराग आर्य ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सिरौली पुलिस को मंगलवार को सूचना मिली कि आरोपी आरिल नदी की तरफ से बदायूं की ओर भागने की फिराक में हैं। पुलिस टीमें ग्राम नवाबपुरा से आरिल नदी की तरफ जाने वाली सड़क पर चेकिंग करने लगीं।

इसी दौरान गांव नवाबपुरा की ओर से बिना नंबर प्लेट की बाइक से दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। जब रोकने का प्रयास किया तो भागने लगे और आगे जाकर बाइक फिसल गई। इस पर दोनों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हुआ। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी राशिद पुत्र रियासत (उम्र 24 वर्ष) निवासी ग्राम केसरपुर पैर में गोली लगने से घायल हो गया, एक साथी फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। आरोपी राशिद से तमंचा-कारतूस बरामद हुए।



मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया आरोपी राशिद।

# उधमपुर के ऊपरी इलाकों में मुठभेड़, जैश के आतंकवादियों के फंसे होने की आशंका

- सुरक्षाबलों-आतंकियों में एक घंटे तक भीषण गोलीबारी, एक आतंकी घायल

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के एक दूरस्थ वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों द्वारा जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के दो से तीन संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों को एक प्राकृतिक गुफा के अंदर घेर लिए जाने के बाद लगभग एक घंटे तक चली भीषण गोलीबारी ने इलाके को दहला दिया।

अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी घायल हो गया, लेकिन वह गुफा में वापस जाने में कामयाब रहा, जबकि सेना ने छिपे हुए आतंकवादियों को मार गिराने के लिए पैराट्रूपर्स और खोजी कुत्तों की एक टीम को तैनात किया। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विद्रोह रोधी बल डेल्टा, पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों का किया नामक ऑपरेशन के दौरान बसंतगढ़ के सामान्य क्षेत्र में शाम लगभग चार बजे आतंकवादियों से सामना हुआ। सेना ने कहा, घेराबंदी कर दी गई है। गोलीबारी जारी है और अभियान आगे बढ़ रहा है। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि पहाड़ी जिले के रामनगर क्षेत्र में स्थित जाफ्फेर, गुजराड़ा और चिगला बलोथा के जंगलों में एक प्राकृतिक गुफा के पास कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी का पता चलने के बाद लगभग एक घंटे तक भारी गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं।



उन्होंने बताया कि पाकिस्तान आधारित जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सोमवार तड़के विशाल वन क्षेत्र में अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने कहा कि अंधेरे और घने जंगल का फायदा उठाकर आतंकवादी इलाके से भाग न सकें, इसके लिए घटनास्थल के चारों ओर घेरा और मजबूत कर दिया गया है। यह 15 दिसंबर के बाद उधमपुर में दूसरी मुठभेड़ थी, जब सौन गांव में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी।

### दिल्ली दंगा मामले में कोर्ट ने छह आरोपियों को किया बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में हुए दंगों के मामले में छह आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में बुरी तरह विफल रहा। अदालत ने पुलिस पर रिकॉर्ड में हेरफेर करने और मनगढ़ंत आरोप-पत्र दाखिल करने का आरोप लगाया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह ने प्रेम प्रकाश उर्फ काके, इशू गुप्ता, राजकुमार उर्फ शिवान्या, अमित उर्फ अन्नू, राहुल उर्फ गोलू और हरिओम शर्मा को बरी करने का आदेश दिया।

अदालत, दंगों के दौरान इन सभी के हिंसक भीड़ का हिस्सा होने के आरोप से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। न्यायाधीश ने 31 जनवरी को दिये आदेश में कहा, अदालत ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ अपना मामला साबित करने में बुरी तरह विफल रहा और सभी आरोपियों को उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी किया जाता है।

**अर्थव्यवस्था** | राज्यसभा में सरकार ने दी दिसंबर 2025-26 तक के आंकड़ों की जानकारी

# रिकॉर्ड 230 लाख करोड़ पहुंचा यूपीआई लेनदेन

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में दिसंबर तक लोकप्रिय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से रिकॉर्ड 230 लाख करोड़ रुपये तक का लेनदेन हुआ है। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यूपीआई के जरिए लेनदेन तेज गति से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, घरेलू लेनदेन की बात करें तो वर्ष 2025-26 में दिसंबर तक कुल 230 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया है, जबकि वर्ष 2022-23 में कुल लेनदेन 139 लाख करोड़ रुपये था।

चौधरी ने यह भी जानकारी दी कि यूपीआई का विस्तार अब भारत के बाहर भी हो रहा है और मुद्रा रूपांतरण के बाद, संबंधित देशों के घरेलू कानूनों का पालन करते हुए, इसका उपयोग आठ देशों में किया जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक लिखित उत्तर में बताया कि वर्तमान में यूपीआई के तहत आठ देशों भूटान, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, कतर, सिंगापुर, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात में लेनदेन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) यूपीआई के अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए विभिन्न कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनमें साझेदार देशों की समान त्वरित भुगतान प्रणालियों के साथ यूपीआई लिंकेज को परिचालन में लाना शामिल है, ताकि सीमा-पार व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) धन प्रेषण को सुगम बनाया जा सके।





- आठ अन्य देशों में किया जा रहा यूपीआई का इस्तेमाल

### बनाए जा रहे यात्रा आधारित पेमेंट कॉरिडोर

इसके अलावा यात्रा-आधारित कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं, जिससे सीमा-पार व्यक्ति-से-व्यापारी ( पी2एम) भुगतान संभव हो सके। वित्त मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ( आईएमएफ) की जून 2025 की रिपोर्ट ' 'ग्रोनिंग रिटेल डिजिटल पेमेंट्स ( द वैल्यू ऑफ इंटरऑपरेबिलिटी) ' ' में यूपीआई को लेनदेन के अनुपात के आधार पर दुनिया की सबसे बड़ी रिटेल फास्ट-पेमेंट प्रणाली बताया गया है। सीतारमण ने यह भी कहा कि एसीआई वर्ल्डवाइड की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक रियल-टाइम रिटेल भुगतान के कुल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी लगभग 49 प्रतिशत है।

### सात वर्ष में 7,400 से अधिक नक्सली गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि 2019 से अब तक 7,400 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 5,880 ने आत्मसमर्पण किया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 2025 में, सुरक्षा बलों ने 364 नक्सलियों को मार गिराया, 1,022 को गिरफ्तार किया और 2,337 का आत्मसमर्पण कराया। कहा कि वामपंथी उग्रवाद से होने वाली हिंसा की घटनाओं में 2010 से 2025 तक 88 प्रतिशत की कमी आई है। राय ने लिखित उत्तर में कहा कि वामपंथी उग्रवाद, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती रहा है, हाल के दिनों में इस पर काफी काबू पाया गया है,यह सिर्फ कुछ इलाकों तक सीमित रह गया है।

# अमृत विचार

बुधवार, 4 फरवरी 2026




मैं उस समाज में रहता हूं, जहां बड़े घरों में छोटे लोग रहते हैं
और छोटे घरों में बड़े लोग।
-सआदत हसन मंटो, उर्दू साहित्यकार



## व्यापार समझौता

भारत–अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से उत्साह लाजिमी है तो सवाल भी। इस डील को कुछ हलकों में 'भारत की कूटनीतिक जीत' और 'अमेरिका के झुकने' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, परंतु अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में हर निर्णय ठोस सामरिक और आर्थिक गणनाओं का परिणाम होता है, न कि भावनात्मक। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ घटाने के पीछे कई कारक हैं। भारत–यूरोपीय संघ के हालिया समझौते और उससे पहले ब्रिटेन के साथ एफटीए ने यह संकेत दिया कि भारत वैश्विक व्यापारिक मानचित्र पर सक्रिय है। हमारी सक्रिय कूटनीति ने वाशिंगटन को संदेश दिया कि नई दिल्ली बहुध्रुवीय संतुलन साधने में सक्षम है, तो अमेरिका के लिए चीन के विकल्प के रूप में उभरते विनिर्माण केंद्र के संदर्भ में भारत को साथ रखना रणनीतिक आवश्यकता बनी।

18 फीसदी टैरिफ से बाजार में अल्पकालिक उत्साह संभव है, पर दीर्घकालिक लाभ इस पर निर्भर करेगा कि गैर-टैरिफ बाधाएं कितनी कम होती हैं और सप्लाई चेन कितनी स्थिर रहती है। टेक्सटाइल, लेदर और मरीन उत्पाद जैसे श्रमप्रधान क्षेत्रों को कुछ प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है, जीडीपी वृद्धि दर में बढ़ोतरी संभावित है पर वह तभी साकार होगा, जब निवेश, निर्यात और विनिर्माण क्षमता समानांतर रूप से बढ़ें। रूस से तेल आयात भारत की ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न है। भारत ने अब तक 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति अपनाई है- न तो पूर्ण निर्भरता, न पूर्ण परहेज़। इसे शून्य पर लाना न आर्थिक रूप से सरल है, न कूटनीतिक रूप से व्यावहारिक। इसी प्रकार अमेरिकी कृषि निर्यात के लिए भारतीय बाजार खोलना एक संवेदनशील विषय है। भारत का कृषि क्षेत्र आजीविका से जुड़ा प्रश्न है; अतः किसी भी रियायत का घरेलू राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव गंभीर होगा। 500 अरब डॉलर की अमेरिकी खरीद का दावा वर्तमान व्यापार आंकड़ों 2024 में मात्र 212 अरब डॉलर द्विपक्षीय व्यापार के संदर्भ में अतिशयोक्तिपूर्ण प्रतीत होता है। अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में अक्सर नेतृत्व घरेलू दर्शकों को ध्यान में रखकर बड़े आंकड़े प्रस्तुत करता है। इस समझौते के इर्द-गिर्द सबसे अधिक अस्पष्टता दोनों पक्षों यानी ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बयानों में अंतर को लेकर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा और अमेरिकी उत्पादों पर अपने टैरिफ शून्य करेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी कोई सार्वजनिक प्रतिबद्धता व्यक्त नहीं की। यह अंतर बताता है कि राजनीतिक बयान और औपचारिक समझौते में भेद होता है।

जब तक संयुक्त बयान और विस्तृत मसौदा सार्वजनिक न हो, तब तक इन दावों को अंतिम सत्य मानना जल्दबाजी होगी। हम अपने दीर्घकालिक हितों- रणनीतिक स्वायत्तता, ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू उद्योग संरक्षण को सुरक्षित रखना चाहते हैं, जबकि अमेरिका के लिए यह उस रणनीति का हिस्सा है, जिसमें वह चीन के प्रभाव को संतुलित करने के लिए भारत को सशक्त साझेदार बनाना चाहेगा। जब तक विस्तृत समझौता सार्वजनिक न हो, तब तक विवेकपूर्ण प्रतीक्षा ही सर्वोत्तम नीति है। राजनीतिक बयान सुर्खियां बना सकते हैं, पर राष्ट्रहित का मूल्यांकन तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर ही किया जाना चाहिए।

### प्रसंगवश

## भारत में बढ़ रहा है कैंसर का दायरा

पिछले 20 सालों में दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। लैंसेट की नवीनतम ग्लोबल बर्डन ऑफ डिज़ीज़ रिपोर्ट के अनुसार, जहां वैश्विक स्तर पर कैंसर की घटनाएं और मृत्यु दर में कमी आ रही है, वहीं भारत में इन मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में भारत में अनुमानित 15 लाख नए कैंसर मामले और 12 लाख से अधिक मौतें दर्ज की गईं।

वैश्विक स्तर पर कैंसर की घटनाओं की दर 1990 में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 220.6 से घटकर वर्ष 2023 में 205.1 हो गई और वर्ष 2025 तक यह आंकड़ा 192.9 तक पहुंचने का अनुमान है, हालांकि जनसंख्या वृद्धि और उम्र बढ़ने के कारण वर्ष 2050 तक कैंसर के कुल मामलों और मृत्यु की संख्या में तीव्र वृद्धि की संभावना है। भारत में कैंसर की घटनाओं की दर वर्ष 1990 में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 84.8 से बढ़कर वर्ष 2023 में 107.2 हो गई, जबकि इसी अवधि में मृत्यु दर 71.7 से बढ़कर 86.9 प्रति एक लाख तक पहुंच गई।



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों पर असमान रोग भारः अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि भारत जैसे निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में कैंसर के नए मामलों में से आधे से अधिक और दो तिहाई मृत्यु होने का अनुमान है। वैश्विक स्तर पर लगभग 42% कैंसर मृत्यु तंबाकू, शराब, अस्वस्थ आहार और संक्रमण जैसे परिवर्तनीय जोखिम कारकों से जुड़ी हैं। भारत में इन कारकों से संबंधित मृत्यु की हिस्सेदारी लगभग 70% तक हो सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक विश्वभर में लगभग 3.05 करोड़ नए कैंसर मामले सामने आ सकते हैं, जबकि कैंसर से होने वाली मृत्यु में 75% की वृद्धि होकर यह संख्या 1.86 करोड़ तक पहुंच सकती है। भारत में कैंसर से मृत्यु के प्रमुख कारण स्तन, फेफड़े, ग्रासनली/अन्ननली है। आईएआरसी के आंकड़े बताते हैं कि 2022 में लगभग दो करोड़ कैंसर के नए मामले सामने आए और कैंसर की वजह से 97 लाख लोगों की मौत हुई। अकेले भारत में 1,413,316 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें महिला रोगियों का अनुपात अधिक है।

एक अनुमान के अनुसार साल 2025 तक दुनिया भर में किसी न किसी प्रकार के कैंसर से पीड़ित लोगों की संख्या दो करोड़ तक पहुंच सकती है। भारत में कैंसर के मामले चिंताजनक रूप से बढ़ रहे हैं तथा आनुवंशिक, जीवनशैली, आहार, पर्यावरण और स्वास्थ्य देखभाल कारकों के जटिल अंतर्संबंध के कारण कुछ प्रकार के कैंसर अधिक प्रचलित हो रहे हैं। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि युवा भारतीय भी उन कैंसरों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं, जो पारंपरिक रूप से वृद्ध आबादी को प्रभावित करते रहे हैं।

जागरूकता की कमी, देर से निदान और सामाजिक कलंक के कारण परिणाम और भी बदतर होते जा रहे हैं। जैसे-जैसे औषधि विज्ञान ने वैक्सीन के ज़रिए कई बीमारियों को रोकने में सफलता पाई है, वैसे ही यह आशा भी जगी है कि इनके ज़रिए कैंसर का इलाज भी संभव हो पाएगा। इस दिशा में तरक्की की ख़बरें भी आ रही हैं। अप्रैल 2024 में ब्रिटेन में पहली बार ट्रायल के तौर पर मेलानोमा कैंसर वैक्सीन मरीज़ों को दी गई। फेफड़ों के कैंसर से लड़ने के लिए बनाई गई एक वैक्सीन का सात देशों में प्रयोग या ट्रायल के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं फ़्लोरिडा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी वैक्सीन बनाई है, जिससे सबसे सामान्य किस्म के ब्रेन कैंसर की रोकथाम हो सकती है।

# भारत-अमेरिका टैरिफ डील और कुछ जरूरी सवाल





राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

सोमवार रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने भारत–अमेरिका रिश्तों में नई हलचल पैदा कर दी। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने भारत पर लगाया टैरिफ घटाकर 18% कर दिया है और बदले में भारत रूस से तेल खरीद बंद करने, अमेरिका से ज़्यादा तेल खरीदने और 500 अरब डॉलर तक की 'बाय अमेरिकन' खरीद के लिए राज़ी हो गया है। कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर धन्यवाद संदेश लिखा।

पहली नज़र में यह बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत जैसी लगी। शेयर बाज़ारों ने राहत की सांस ली, रुपया संभला और उद्योग जगत में उम्मीद जगी, लेकिन जैसे-जैसे विवरण सामने आए, साफ़ होने लगा कि तस्वीर उतनी सरल नहीं है। यह समझौता कम, राजनीतिक संकेत ज़्यादा लगता है और शायद यही वजह है कि इस वक्त भारत को उत्सव से ज़्यादा सतर्कता की ज़रूरत है।

अप्रैल में ट्रंप प्रशासन ने भारत पर 25% रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था। अगस्त में रूस से तेल खरीदने के कारण अतिरिक्त 25% 'पेनल्टी टैरिफ' जोड़ दिया गया- यानी कुल 50%। अब रूस वाला 25% हटाया जाएगा और कुल टैरिफ 18% रह जाएगा। सुनने में यह बड़ी राहत है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाज़ार है। कपड़ा, चमड़ा, जूते और आभूषण जैसे श्रम-प्रधान सेक्टर इस टैरिफ से बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे। अक्टूबर में निर्यात करीब 12% गिर चुका था और व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इस लिहाज़ से 18% टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए ऑक्सीजन जैसा है। कुछ अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इससे 2026 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.2–0.3 प्रतिशत अंक बढ़ सकती है।

सवाल यह भी है कि इसके बदले भारत ने वास्तव में क्या-क्या मान लिया? ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर तीन बड़े दावे किए- भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा, भारत अमेरिकी उत्पादों पर अपने टैरिफ शून्य तक ले जाएगा और भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर से ज़्यादा का सामान खरीदेगा, जिसमें ऊर्जा, टेक, कृषि और कोयला शामिल है।

प्रधानमंत्री मोदी के संदेश में इन तीनों में से किसी बात की पुष्टि नहीं है। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि 'मेड इन इंडिया' उत्पादों पर टैरिफ घटा है और साझेदारी नई ऊंचाइयों तक जाएगी। भारत द्वारा रूसी तेल पूरी तरह बंद करने के दावे पर संदेह है। दरअसल 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत सस्ते रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया था। हाल के महीनों में आयात कुछ घटा ज़रूर है, लेकिन भारत–रूस रणनीतिक रिश्तों को देखते हुए इसे पूरी तरह खत्म करना बेहद मुश्किल है।

ट्रंप का दूसरा बड़ा दावा है- 500 अरब डॉलर की अमेरिकी खरीद। ज़रा आंकड़े देखिए। 2024 में भारत–अमेरिका कुल द्विपक्षीय व्यापार लगभग 212 अरब डॉलर था। उसी साल भारत ने अमेरिका से सिर्फ 41.5 अरब डॉलर का सामान खरीदा और सेवाओं का आयात करीब 41.8 अरब डॉलर रहा- यानी कुल मिलाकर लगभग 83 अरब डॉलर। अब सोचिए- 83 अरब से सीधे 500 अरब डॉलर। लगभग 500% की छलांग।

जानकारों का कहना है कि भारत द्वारा सभी टैरिफ शून्य करना असंभव सा लगता है, खासकर कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में। भारत का इतिहास बताता है कि वह दोहा दौर से लेकर अब तक कृषि बाज़ार खोलने में हमेशा बेहद सतर्क रहा है। संभावना यही है कि भारत कुछ चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ घटाएगा, जिसे ट्रंप घरेलू राजनीति में 'जीरो टैरिफ' की बड़ी जीत की तरह पेश करेंगे।

यह समझौता सिर्फ व्यापार नहीं, भू-राजनीति से भी जुड़ा है। अगर भारत सचमुच रूसी तेल से दूरी बनाता है और अमेरिकी ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाता है, तो इसका सीधा असर उसकी रणनीतिक स्वायत्तता- वह नीति, जिसके तहत भारत किसी एक गुट में पूरी तरह नहीं बंधता, पर पड़ेगा। कांग्रेस ने भी इसी बिंदु पर सवाल उठाया है- क्या भारत धीरे-धीरे अमेरिकी खेमे की ओर झुक रहा है? यह भी याद रखना चाहिए कि हाल ही में भारत ने यूरोपीय संघ से ट्रेड डील की और उससे पहले ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया। माना जा रहा है कि इन्हीं समझौतों ने ट्रंप पर भारत के साथ जल्दी सौदा करने का दबाव बनाया।

इस घोषणा से रुपये, शेयर बाज़ार और बॉन्ड मार्केट पर लटकी अनिश्चितता की तलवार ज़रूर हटी है। निवेशकों को संकेत मिला है कि अमेरिका–भारत रिश्तों में ठंडापन कम होगा, लेकिन ज़मीनी स्तर पर सवाल बने हुए हैं। अगर भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए दरवाज़े खोलता है, तो इसका असर घरेलू किसानों पर पड़ेगा। सस्ती अमेरिकी दालें, मक्का या डेयरी उत्पाद भारतीय कृषि बाज़ार को झटका दे सकते हैं। अगर 'बाय अमेरिकन' नीति के तहत बड़े पैमाने पर आयात बढ़ता है, तो भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सेक्टर पर दबाव आ सकता है।

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि यह डील ट्रंप और मोदी की 'मज़बूत दोस्ती' का नतीजा है और कुछ तकनीकी दस्तावेज़ों पर जल्द दस्तखत होंगे। यही सबसे अहम बात है। अभी तक कोई संयुक्त लिखित समझौता सार्वजनिक नहीं हुआ है, इसलिए जब तक यह साफ़ न हो जाए कि किन उत्पादों पर टैरिफ घटेगा, समय-सीमा क्या होगी, कृषि जैसे संवेदनशील सेक्टर शामिल होंगे या नहीं और रूस से तेल पर भारत की वास्तविक प्रतिबद्धता क्या है, तब तक इसे अंतिम समझौता नहीं, बल्कि एक राजनीतिक घोषणा ही माना जाना चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम को अगर एक वाक्य में समेटें, तो यही कहा जा सकता है- भारत को जश्न मनाने में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए। 18% टैरिफ निश्चित रूप से राहत है। इससे निर्यात को सहारा मिलेगा और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, लेकिन 500 अरब डॉलर की खरीद, शून्य टैरिफ और रूसी तेल पर कथित प्रतिबद्धता- ये सब अभी दावों के स्तर पर हैं। असली पेंच डिटेल में छिपा है।

> भारत–अमेरिका टैरिफ डील के विवरण जैसे-जैसे सामने आए, साफ़ होने लगा कि तस्वीर उतनी सरल नहीं है। भारत के लिए उत्सव से ज्यादा सतर्कता की ज़रूरत है।

### आमने




माता–पिता अक्सर वही कफ सिरप बच्चों को दे देते हैं, जो वे खुद के लिए लाते हैं। इनमें कोडीन जैसे केमिकल होते हैं, जिनका ओवरडोज जानलेवा साबित हुआ। दवाई खराब होने से कोई डेथ नहीं हुई है। इस मामले में कोई बड़ी संख्या में मौतें नहीं हुई हैं।

–गजेंद्र सिंह खिमसर
स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान सरकार

### सामने

जब मंत्री खुद मान रहे हैं कि मौतें हुई हैं, तो इसकी गंभीरता को समझना चाहिए। जिस कंपनी की दवा पर सवाल उठ रहे हैं, वह कई जगह ब्लैकलिस्ट भी हुई है। मुमकिन है कि दवा पहले ठीक हो और बाद में उसकी गुणवत्ता खराब हो गई हो।

–टीकाराम जूली
नेता प्रतिपक्ष
राजस्थान सरकार



# टूरिज्म कंट्री का सरताज बनने की तरफ भारत



अजय दयाल
हल्द्वानी

जब हम टूरिस्ट की बात करते हैं, तो जेहन में उनका घूमना-फिरना और मौज-मस्ती ही आती है, जबकि पर्यटन या पर्यटक का अर्थ व्यापक है। इनमें देशी-विदेशी ऐसे लोग भी आ जाते हैं, जो अपने व्यवसाय को किसी अन्य देश या राज्य में स्थापित करने अथवा विकसित करने की मंशा से यात्रा करते हैं। स्वाभविक है, यात्रा करेंगे तो होटल, खानपान, घूमना-फिरना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बनेंगे। जहां हम पर्यटन को चिकित्सा और धार्मिक पर्यटन की भी संज्ञा देने लगे हैं, वहीं बिजनेस टूरिज्म भी इसमें जोड़ लेना चाहिए। संभवतः टूरिस्ट शब्द की इसी व्यापकता को ध्यान में रखते हुए हुए ही केंद्रीय बजट में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं की गईं।

ताजा घोषणाओं के अनुसार, देश के 50 शहरों का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास लेवल की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्ट के लिए तैयार किया जाना है। साफ है कि इसके पीछे सरकार की मंशा इंडिया को ऑल-सीजन डेस्टिनेशन और ग्लोबल टूरिस्ट-हब बनाना है। बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बजट में 2,438.40 करोड़ रुपये दिए गए हैं। लक्ष्य है कि 2047 तक 10 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आएं। 2034 तक भारत की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 43.25 लाख करोड़ रुपये तक हो सकता है। ऐसा हुआ तो हमारा देश 6.3 करोड़ लोगों को रोजगार देने में सक्षम बनेगा। पर्यटन मंत्रालय की इंडिया टूरिज्म स्टैटिक्स रिपोर्ट देखें, तो पाएंगे कि इंडिया में हर साल करीब एक करोड़ विदेशी पर्यटक आते हैं, जिनमें से 6–7 फीसद बौद्ध पर्यटक होते हैं, इसीलिए बजट का फोकस अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, असम, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बौद्ध सर्किट के विकास पर है।

वहीं धार्मिक पर्यटन को और गति देने के मद्देनजर टेंपल सिटी के तौर पर पहचाने जाने वाले शहरों में बुनियादी सुविधाएं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित की जानी है। इसमें उत्तर प्रदेश के वाराणसी और मथुरा, जम्मू-कश्मीर का जम्मू, उत्तराखंड के ऋषिकेश और हरिद्वार जैसे शहरों पर फोकस होगा। वहीं दक्षिण में तमिलनाडु के मदुरै और कांचीपुरम, कर्नाटक का हम्पी, आंध्र प्रदेश का तिरुपति, ओडिशा का भुवनेश्वर और पुरी को विकसित किया जाना है। इसी तरह पश्चिम बंगाल का बिश्नुपुर, मध्य प्रदेश का उज्जैन और खजुराहो, गुजरात का द्वारका और महाराष्ट्र का पंढरपुर शामिल रहेगा।

दिलचस्प तो यह है कि सरकार के थिंक टैंक ने पर्यटन उद्योग को इस बार गति देने को फुलप्रूफ योजना तैयार की है। बकायदा भारतीय पर्यटन स्थलों का डिजिटल डेटा तैयार होगा। इससे ऑनलाइन रिसर्च करने वाले विदेशी पर्यटक आकर्षित होंगे। उन पर्यटकों का भी योजना में ध्यान रखा जाएगा, जिनकी दिलचस्पी इतिहास जानने-समझने में होती है। ऐसे में पुरातात्विक स्थलों को भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल बनाया जाएगा। इनमें लोथल, धोलावीरा, राखीगढ़ी, सारनाथ, लेह पैलेस, आदिचनल्लूर, हस्तिनापुर जैसे देश के 15 पुरातात्विक स्थल एक्स्पीरियंशियल कल्चरल डेस्टिनेशन्स के रूप में विकसित होंगे।

स्पष्ट है कि टूरिज्म को लेकर ऐसी योजनाओं, व्यवस्थाओं से स्थानीय स्तर पर भी शोधार्थियों, इतिहासकारों, कंटेंट क्रिएटर्स, होटल, गाइड, ट्रांसपोर्ट, स्थानीय हस्तशिल्प, होम-स्टे और तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के मौके बढ़ेंगे। टूरिज्म का एक और भाग महत्वपूर्ण है। वह है एडवेंचर टूरिज्म। केवल एडवेंचर के लिए ही दुनिया भर में अपना पसंदीदा स्थान तलाशने वाले भी कम नहीं। सरकार की सोच इसी को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर में माउंटेन ट्रेल्स (ट्रैकिंग के रास्ते) विकसित किए जाने की है। स्वाभाविक है इसे एडवेंचर टूरिज्म के तौर पर प्रचारित किया जाएगा। पूर्वी घाट के अरकू वैली और पश्चिमी घाट के पोधीगई मलई जैसे दुर्गम क्षेत्र भी माउंटेन ट्रेल्स बनेंगे। वहीं, ओडिशा, कर्नाटक और केरल में टर्टल ट्रेल्स बनेंगे। इन दूरगामी विकास योजनाओं से पर्यावरण संरक्षण भी होता रहेगा।

बजट में विदेशी सैलानियों के लिए भी जिस तरह उनके टूअर पैकेज टैक्सेज में सुविधा दी गई है, उससे भी सरकार की दूरगामी टूरिज्म मॉडल की गंभीरता समझ में आती है। ट्रैकिंग पर्यटन की अपार संभावनाओं को विकसित कर विदेशी सैलानियों को आकर्षित किया जाना है। खासकर जो पर्यटको की पहुंच से बहुत दूर हैं, उन्हें विकसित करने की योजना बजट में है। इस तरह दूरस्थ ग्रामीण स्थान जो लोकल लोगों के लिए महज एक पिछड़ा गांव हैं, पर्यटक स्थल बन जाएंगे।

अगर यह योजना पूरी तरह से मूर्त रूप ले लेगी, तो इससे एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार होगा, जिससे तमाम शहरों और गांवों की भी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। फिर ग्रामीणों को भी घर बैठे रोजगार मिलेगा। अब सरकार की मंशा और बजट के उद्देश्यों को कितना जमीन पर उतारा जाएगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

> देश के 50 शहरों का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास लेवल की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्ट के लिए तैयार किया जाना है।

### सोशल फोरम

## नन्हें मेहमान के लिए थम गया ट्रैफिक

थाईलैंड में सामने आया एक दृश्य केवल एक खबर नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया के दिलों को जोड़ देने वाला ऐसा पल बन गया, जिसने यह याद दिला दिया कि इंसानियत आज भी ज़िंदा है। हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही, तेज़ ट्रैफिक के बीच एक चलती गाड़ी में जीवन ने जन्म ले लिया और कुछ ही सेकंड में वह सड़क एक साधारण रास्ता नहीं, बल्कि उम्मीद और संवेदना का मंच बन गई।



अंकित भारद्वाज
ब्लॉगर

जैसे ही गाड़ी में डिलीवरी होने की खबर फैली, ट्रैफिक थम सा गया, हॉर्न की आवाज़ें ख़ामोश हो गईं और हर दिशा से लोग मदद के लिए दौड़ पड़े, मानो सभी एक ही परिवार का हिस्सा हों। मां पहले घबराई हुई थीं, दर्द, डर और अनिश्चितता उनके चेहरे पर साफ़ झलक रही थी, लेकिन उसी पल जब उन्होंने अपने बच्चे की पहली आवाज़ सुनी, तो वही चेहरा खुशी के आंसुओं से भर उठा।

वह पल ऐसा था, जहां डर ने हार मान ली और ममता ने जीत हासिल कर ली, जहां आंसू तकलीफ के नहीं बल्कि जीवन की जीत के थे। सड़क पर खड़े अजनबी लोग अचानक अपने नहीं रहे, वे सब उस नवजीवन के स्वागत में शामिल हो गए, किसी ने पानी दिया, किसी ने कपड़ा, तो किसी ने बस दुआएं। ट्रैफिक जाम उस दिन बाधा नहीं बना, बल्कि वह एक ऐसी व्यवस्था बन गया, जिसने एक मां और बच्चे को सुरक्षा की चादर में लपेट लिया।

जब बच्चे की रोने की आवाज़ गूंजी, तो वह केवल एक शिशु की पुकार नहीं थी, वह इंसानियत की जीत की घोषणा थी। उस मां की घबराहट पल भर में गर्व और खुशी में बदल गई और उसकी मुस्कान ने वहां मौजूद हर आंख को नम कर दिया। आगे जो हुआ, वह दृश्य कैमरे में कैद ज़रूर हुआ, लेकिन उसका असर सीधे दिलों में उतरा, क्योंकि कुछ पल ऐसे होते हैं जिन्हें शब्द नहीं, सिर्फ़ महसूस किया जा सकता है।

यह घटना हमें सिखाती है कि जीवन कभी भी, कहीं भी, किसी भी हालात में जन्म ले सकता है और इंसानियत अगर साथ हो तो हर रास्ता अस्पताल बन सकता है। दुनिया चाहे कितनी भी तेज़ क्यों न भाग रही हो, कुछ पल ऐसे होते हैं, जहां समय खुद रुककर जीवन को सलाम करता है।

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## समानता व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगी महिलाएं

किसी भी देश के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। महिलाएं न केवल परिवार की आधारशिला होती हैं, बल्कि वे समाज, अर्थव्यवस्था और राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय योगदान देती हैं। इसके बावजूद लंबे समय तक महिलाओं को आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक अवसरों में समानता नहीं मिल पाई। इसी असमानता को दूर करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा बनाए जाने वाले बजट में महिलाओं की विशेष आवश्यकताओं और सशक्तिकरण पर ध्यान देना आवश्यक हो गया है। वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2026-27 का यूनियन बजट इसी दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

भारतीय समाज में आज भी महिलाओं को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शिक्षा में असमानता, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, रोजगार के सीमित अवसर, वेतन में भेदभाव, घरेलू हिंसा और सुरक्षा की समस्याएं आज भी गंभीर मुद्दे हैं। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति और भी दयनीय है। ऐसे में महिला-अनुकूल बजट की आवश्यकता इसलिए महसूस होती है, ताकि महिलाओं को समान अवसर प्रदान किए जा सकें, उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार हो, शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा मिले, आर्थिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिले तथा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। भारत सरकार ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'उज्ज्वला योजना', 'मुद्रा योजना', 'मिशन शक्ति' जैसी अनेक योजनाएं शुरू कीं, जिनका सीधा लाभ महिलाओं को मिलता है। ये योजनाएं महिला-अनुकूल बजट की भावना को मजबूत करती हैं।



प्रो. नीलिमा गुप्ता
पूर्व कुलपति

महिलाओं को स्थाई उद्यम, बेहतर फाइनेंसिंग और सीधे बाजार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शी (सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर) मार्ट स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिससे महिलाऐं टिकाऊ उद्यमिता की और अग्रसर हो सकेंगी और नारी सशक्तिकरण को बल मिलेगा। 'लखपति दीदी योजना' का विस्तार, महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिया के लिए प्रोत्साहन एक सार्थक पहल है। यह घोषणाएं समाज में अवश्य ही बदलाव लाएंगी। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों वर्गों की महिलाओं को सामान अवसर मिलेगा।

दूर-दराज से पढ़ने की लिए आने वाली छात्राओं और कामकाजी महिलाओं की लिए हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल खुलने से बहुत रहत मिलेगी। छात्राओं को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए नए शहर में रुकने की बहुत बड़ी समस्या होती है, इस समस्या के निदान के लिए यूनियन बजट द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में उच्च शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए हर जिले में (800) गर्ल्स हॉस्टल खुलने से छात्रों के सपनों को पंख लगेंगे।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को बढ़ावा दिया गया है, जिसमें महिला-अनुकूल बजट की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वयं सहायता समूहों, मुद्रा ऋण, स्टार्ट-अप योजनाओं और महिला उद्यमिता कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाएं घरेलू उद्योग, हस्तशिल्प, कृषि-आधारित व्यवसाय और सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रही हैं। इससे स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और 'लोकल से ग्लोबल' की अवधारणा साकार होगी।

यह स्पष्ट है कि महिला-अनुकूल बजट आत्मनिर्भर भारत का सहायक नहीं, बल्कि उसका मूल स्तंभ है। महिलाओं के बिना आत्मनिर्भर भारत की कल्पना अधूरी है। सशक्त महिला ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखती है। महिला-अनुकूल बजट केवल एक आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# आदिवासी लोक चित्रकला को देखने का बदलना होगा नजरिया

यह भी एक रोचक तथ्य है कि जिस प्रकार नगर कला पिछली सदियों में अनेक कला आंदोलनों एवं वैचारिक द्वंद्वों से गुजरती हुई अपने समकालीन रूप तक पहुंची है, इसी प्रकार लोक-आदिवासी कला भी अनेक धार्मिक-सामाजिक परिस्थितियों से गुजरती हुई अपने वर्तमान रूप तक पहुंची है। डब्ल्यूजी आर्चर, वेरीयर एल्विन एवं अन्य विद्वानों द्वारा प्रस्तुत किए गए पश्चिम बंगाल के पटुआ पटचित्र, ओडिशा के जात्री पटचित्र, महाराष्ट्र के चित्रकथी पोथी चित्र, सौंरा आदिवासियों के इडीतल भित्ति चित्र एवं बिहार के मधुबनी के भित्तिचित्र आदि के जो पुराने नमूने हैं, वे उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध अथवा बीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों के हैं। इनका स्वरूप वर्तमान में इन्हीं शैलियों के प्रचलित लोक चित्रों से बहुत भिन्न है।


मुश्ताक खान
लेखक, नई दिल्ली



**आदिवासी लोक चित्रकला का व्यवसायीकरण-** आदिवासी लोक चित्रों का एक रूप सन् 1960 के दशक में तब सामने आया, जब पारंपरिक लोक-आदिवासी चित्रकला के व्यवसायीकरण के प्रयास आरंभ हुए। उस समय पहली बार आदिवासी लोक चित्रकला में बाहरी विद्वानों द्वारा वैचारिक हस्तक्षेप आरंभ हुआ। पारंपरिक लोक चित्रकारों को यह समझाया गया कि उन्हें दीवार के बजाय कागज पर चित्रकारी करनी है तथा नए विषयों को सीमित आकार में चित्रित करने का प्रयास करना है। कुछ ही समय में सामग्री और तकनीक भी बदलवाई गई। इन प्रयासों के साथ ही पारंपरिक आदिवासी लोक चित्रकला के स्वरूप में बड़ी तेजी से परिवर्तन हुए। इससे पहले तक इसमें सामूहिकता एवं परंपरा के निर्वाह और उसकी पवित्रता तथा परिशुद्धता का महत्व सर्वोपरि था। लोक चित्रकार की व्यक्तिगत प्रतिभा और कल्पनाशीलता का स्थान गौण था। लोक चित्रकार की हेसियत पिंजरे में बंद पक्षी जैसी थी, परंतु अब उसे अपने पर खोलने के लिए प्रेरित किया जा रहा था।

सन 1960 के दशक तक की आदिवासी लोक चित्रकला को मैंने कुछ इस तरह समझा-अपने परंपरागत स्वरूप में आदिवासी लोक चित्रकला क्षेत्र विशेष या समुदाय विशेष के जन-सामान्य द्वारा किया गया वह कलाकर्म है, जिसके मूल में शुभ का विचार होता है और जो अवसर विशेष से जुड़े अनुष्ठान एवं मान्यताओं को संपन्न करने हेतु किया जाता है। मूलतः यह कलाकर्म आजीविका कमाने हेतु नहीं, बल्कि अपने जीवन को प्रचलित विश्वासों और मान्यताओं के अनुरूप सुख एवं शांतिमय बनाने हेतु पारलौकिक शक्तियों से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए किया जाता है। यह चित्र मानव का देवी-देवताओं को संबोधन है। यह चित्रित प्रार्थनाएं हैं, जिनके माध्यम से वे इस लोक एवं परलोक के मध्य संवाद स्थापित करते हैं। अपने इष्ट देवी-देवताओं का आह्वान करते हैं, उन्हें जाग्रत करते हैं, उन्हें शांत करते हैं, उनका धन्यवाद ज्ञापन करते हैं और उनकी आराधना करते हैं। यह चित्र मात्र प्रदर्शन की वस्तु नहीं, बल्कि आदिवासी-लोक जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं।

## पारंपरिक परिभाषा पर उठते प्रश्न

वर्तमान में, इक्कीसवीं सदी के परिवेश में प्रचलित आदिवासी लोक चित्रकला को क्या उसकी इस परिभाषा अथवा उसके प्रति इस पारंपरिक सोच से व्याख्यायित किया जा सकता है? मेरे लिए यह एक विचारणीय प्रश्न है। क्या हमें अब प्रचलित आदिवासी लोक चित्रकला के समकालीन रूप को नए सिरे से समझने और परिभाषित करने की आवश्यकता नहीं है? आदिवासी लोक चित्रकला का एक बड़ा भाग जो वर्तमान में शहरी कला बाजारों अथवा प्रदर्शनियों तथा इंटरनेट पर दिखाई देता है, वह उपरोक्त पारंपरिक परिभाषा से बहुत आगे जा चुका है। अब इन्हें बनाने के लिए न तो किसी विशेष अवसर की आवश्यकता है, न अनुष्ठान, त्योहार की और न ही इनके द्वारा किसी देव का आह्वान किया जाता है और न ही शमन। यह चित्र अपने पारंपरिक सामाजिक संदर्भ अथवा उत्तरदायित्व से मुक्त होकर केवल सौंदर्य सृजन एवं अर्थोपार्जन का माध्यम बन चुके हैं। ऐसा भी नहीं है कि समूचा परिदृश्य बदल गया हो, आज भी आंतरिक ग्रामीण अंचलों में कहीं-न-कहीं यह चित्र अपनी पारंपरिक पहचान और कलेवर बनाए हुए हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि लोककला की स्थिति अब बदल चुकी है।

## शहरी कला बाजार और चित्रों का नया स्वरूप

आदिवासी लोक चित्रों के इस समकालीन समूह में वे सभी चित्र सम्मिलित हैं, जिनका प्रचलन पारंपरिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु नहीं, बल्कि शहरी बाजारों में विक्रय हेतु बनाए जाने के साथ विकसित हुआ है। यह चित्र आदिवासी-लोक कलाकारों के परंपरा-सिंचित सौंदर्यबोध एवं उनकी व्यक्तिगत कला प्रतिभा की अभिव्यक्तियां हैं। इन चित्रों ने आदिवासी-लोक कलाकारों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं एवं आदिवासी-लोक कला को एक भिन्न धरातल पर प्रतिष्ठित कर दिया है। सामान्यतः आदिवासी-लोक चित्रकला को हम इनकी परंपरा के परिप्रेक्ष्य में ही देखते रहे हैं। रूपंकर कलाओं के संदर्भ में परंपरा का आशय केवल प्रचलित चित्रभाषा, अभिप्राय, प्रतीक, छवियां, रूपाकार, शैली आदि की पुनरावृत्ति तक सीमित नहीं रहता बल्कि इनमें सतत प्रवाहित जनचेतना का भी अपना महत्व है, जो इन्हें बदलते परिवेश में भी अपने मूल से जोड़े रखती है। इस समूचे परिदृश्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि आदिवासी-लोक समाजों में कलाकारों का योगदान यही है कि वे इन परंपरागत कलाकृतियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा से समकालीन रूप तथा महत्व प्रदान करते हैं।

## मौलिक कला प्रतिभा और शिल्प कौशल

आदिवासी लोक कला के व्यवसायीकरण की प्रक्रिया का एक परिणाम यह हुआ कि अब तक सामुदायिक अथवा सामूहिक समझी जाने वाली आदिवासी लोक कलाओं में कलाकारों के काम को व्यक्तिगत पहचान मिलना आरंभ हुआ। कलाकारों को अपनी सामुदायिक कला परंपरा के प्रतिनिधि के साथ-साथ एक निजी पहचान भी मिली। सामूहिक कलाकर्म में व्यक्ति का उदय हुआ। पारंपरिक ढर्रे पर कलाकर्म करते हुए कलाकार की व्यक्तिगत कला प्रतिभा को पहचान मिली, लेकिन आदिवासी लोक कलाकारों की यह यात्रा इतनी आसान नहीं रही। बदलते परिवेश में उनके कलाकर्म का उद्देश्य ही बदल रहा था। अब उन्हें अपने पारंपरिक चित्रों में धार्मिक-सामाजिक विश्वासों के अनुरूप पवित्रता नहीं बनाए रखनी थी, बल्कि उन्हें अपनी पारंपरिक शैलीगत पहचान बनाए रखते हुए निजी मौलिक कला प्रतिभा और शिल्प कौशल को व्यक्त करना था। अब वे समुदाय से निकलकर कला के बाज़ार में प्रवेश कर गए थे। उन्हें अब अपनी कल्पना को विस्तार देना था और नए-नए विषयों पर चित्रों का सृजन करना था। आदिवासी लोक कला को देखने का एक अलग नजरिया मिला सन् 1980 में, जब मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भारत भवन की स्थापना के साथ एक नए कला आंदोलन ने जन्म लिया। प्रसिद्ध चित्रकार एवं कलाचिंतक जगदीश स्वामीनाथन के मार्गदर्शन में यह एक ऐसा कला आंदोलन था, जो शहरी समकालीन और ग्रामीण आदिवासी लोक कला को एक साथ भारतीय समकालीन कला के दो अभिन्न अंग मानता था। यहां आदिवासी लोककला भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी, जितनी शहरी आधुनिक कला। यहां परंपरा का अर्थ केवल पुनरावृत्ति नहीं, बल्कि उसमें निजता और नवीनता का सहज स्वीकार था।


## असीम संभावनाएं

परिणामस्वरूप पारंपरिक आदिवासी लोक कला पर पारंपरिक पवित्रता के आग्रह की जकड़ कम होने से आदिवासी लोक कलाकारों को चित्र सृजन में उसका कथ्य और रूप कल्पित करने में अपेक्षाकृत स्वतंत्रता मिलने लगी। परंतु उन पर यह जिम्मेदारी भी आ पड़ी कि वे अभिव्यक्ति की इस स्वतंत्रता को उसी सीमा तक ले जाएं, जहां तक उनकी पारंपरिक शैलीगत पहचान विलुप्त न होने पाए। भले ही आदिवासी लोक कलाकारों को अपनी-अपनी समुदायगत विरासत में मिली परंपरा ने उन्हें कृति सृजन के लिए समान विषयवस्तु प्रदान की है या उनका सौंदर्यबोध एक ही परंपरा द्वारा सिंचित है। परंतु उनकी व्यक्तिगत कल्पनाशीलता, रंग और रूप के प्रति सहज प्रतिक्रिया, कलाकार की निजी संवेदना आदि अनेक तत्व हैं, जो उनके कलाकर्म को न केवल प्रभावित करते हैं, बल्कि उसे विशिष्टता भी प्रदान करते हैं। तब एक पारंपरिक निश्चित दायरे में काम करते हुए भी असीम संभावनाएं उभरकर सामने आती हैं, जो इन कलाकृतियों में आदिवासी लोक कलाकारों की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को रेखांकित करती हैं। आज अनेक आदिवासी लोक चित्रकारों ने अपनी चित्रकला की परंपरागत पहचान बनाए रखते हुए भी, अपनी व्यक्तिगत सृजनशीलता से इस पारंपरिक कला में नए आयाम जोड़े हैं, अपनी पहचान बनाई है। अतः हमें भी समकालीन आदिवासी लोक कला को देखने और समझने के नजरिये में वांछित बदलाव की जरूरत है।

---

**अनोखी परंपरा**

## नमक मांगना भी बन सकता है मुसीबत



दुनिया के हर देश की अपनी अलग सांस्कृतिक पहचान होती है, जो वहां के रीति-रिवाजों और सामाजिक व्यवहार में साफ झलकती है। ये परंपराएं पीढ़ी दर पीढ़ी चली आती हैं और स्थानीय लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाती हैं। कई बार बाहरी लोग अनजाने में इन परंपराओं का उल्लंघन कर बैठते हैं, जिससे वे असहज या मुश्किल स्थिति में फंस सकते हैं। ऐसा ही एक अनोखा सामाजिक नियम मिस्र में देखने को मिलता है, जहां भोजन करते समय अलग से नमक मांगना अपमान माना जाता है।

मिस्र की संस्कृति में भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, आतिथ्य और आपसी संबंधों का प्रतीक है। जब कोई मेजबान अपने अतिथि के लिए भोजन तैयार करता है, तो वह उसे पूरे मन और मेहनत से बनाता है। ऐसे में अगर अतिथि खाने के दौरान नमक मांग ले या पकवान में अतिरिक्त नमक डाल दे, तो इसे यह संकेत माना जाता है कि भोजन स्वादहीन है या मेजबान ने उसे ठीक से नहीं बनाया। यही कारण है कि नमक मांगना वहां मेजबान और भोजन—दोनों का अपमान समझा जाता है। अगर आप मिस्र में किसी के घर दावत पर जाते हैं, तो बेहतर यही होता है कि जो भोजन परोसा गया है, उसे उसी रूप में स्वीकार करें। चाहे स्वाद आपकी आदतों के अनुरूप न भी हो, फिर भी उसमें किसी तरह का बदलाव करना सामाजिक शिष्टाचार के विरुद्ध माना जाता है। वहां यह माना जाता है कि अतिथि का सम्मान इसी में है कि वह मेजबान के प्रयासों को बिना किसी टिप्पणी के स्वीकार करे।

यह परंपरा केवल घरों तक सीमित नहीं है। मिस्र के होटल और रेस्तरां में भी नमक मांगना लोगों को अटपटा लग सकता है। हालांकि कुछ जगहों पर टेबल पर सॉल्ट-स्प्रिंकलर रखा मिल जाता है, लेकिन स्थानीय लोग इसे शायद ही इस्तेमाल करते हैं। कई बार अगर कोई पर्यटक इसका उपयोग करता है, तो आसपास बैठे लोग हैरानी से उसे देखने लगते हैं। इसलिए मिस्र की यात्रा पर जाते समय वहां की इस सांस्कृतिक बारीकी को समझना बेहद ज़रूरी है। वहां भोजन के स्वाद से अधिक सम्मान, परंपरा और भावनाओं को महत्व दिया जाता है।

---

**आर्ट गैलरी**



## रेम्ब्रांट वैन रिजन की 'द नाइट वाच'

द नाइट वॉच रेम्ब्रांट वैन रिजन की सबसे मशहूर पेंटिंग्स में से एक है। इसे 1642 में डच गोल्डन एज के दौरान बनाया गया था। यह पेंटिंग कैप्टन फ्रांज बैनिंग कोक के नेतृत्व वाली एक कंपनी का ग्रुप पोर्ट्रेट है। यह पेंटिंग रोशनी और परछाई (टेनेब्रिज़्म) के नाटकीय इस्तेमाल और एक स्थिर सैन्य ग्रुप पोर्ट्रेट में गति के भ्रम के लिए जाना जाता है। 1808 में इस पेंटिंग को रिज्क्सम्यूजियम में ट्रांसफर कर दिया गया। वहां यह आज भी मौजूद है। इस पेंटिंग में 34 आकृतियां हैं, जिनमें वॉलंटियर गार्ड के सदस्य, एक झंडाबरदार, एक ड्रमर और एक छोटी लड़की शामिल हैं। चित्रित लोगों का मुख्य काम अपने शहरों में रक्षक के रूप में सेवा करना था। यह सत्रहवीं सदी की डच पेंटिंग का एक प्रतीक और खास उदाहरण बनी हुई है।



### रिजन के बारे में

रेम्ब्रांट वैन रिजन एक डच चित्रकार थे। वह बारोक शैली में अपनी असाधारण कला के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने पूरे करियर में धार्मिक और पौराणिक विषयों पर ध्यान केंद्रित किया और ऐसी उत्कृष्ट कृतियां बनाईं जिन्हें आज भी सराहा जाता है। उनका जन्म 1606 में हुआ और निधन 1669 में। रेम्ब्रांट की सबसे प्रसिद्ध कलाकृतियों में से एक 'द नाइट वॉच' है, जो प्रकाश और छाया पर उनकी महारत को दिखाती है। बारोक काल के चित्रकार रेम्ब्रांट ने कैरावैगियो जैसे इतालवी मास्टर्स से प्रेरणा ली। चियारोस्क्यूरो का उपयोग नाटकीय दृश्य बनाने के लिए प्रकाश और अंधेरे का कंट्रास्ट उनके काम की एक खास विशेषता बन गई। यह तकनीक न केवल 'द नाइट वॉच' में, बल्कि 'द एनाटॉमी लेसन ऑफ डॉ. निकोलेस टल्प' जैसी अन्य उल्लेखनीय पेंटिंग्स में भी देखी जा सकती है। अपनी कलात्मक प्रतिभा के लिए सराहे जाने के अलावा, रेम्ब्रांट का डच सांस्कृतिक विरासत में भी एक महत्वपूर्ण स्थान है।

---

**लोकायन**

## तमाशा : जीवंत लोक-नाट्य परंपरा

तमाशा लोक नृत्य और नाट्य प्रस्तुति का एक विशिष्ट रूप है, जिसकी उत्पत्ति 16वीं शताब्दी के आरंभ में महाराष्ट्र में मानी जाती है। अपने आरंभिक दौर से लेकर आज तक तमाशा न केवल महाराष्ट्र, बल्कि भारत के सबसे लोकप्रिय और जीवंत लोक कला रूपों में गिना जाता है। यह लोकनाट्य संगीत, नृत्य, अभिनय और कविता का ऐसा संगम है, जो जनसाधारण की भावनाओं को सीधे अभिव्यक्त करता है।

तमाशा की प्रस्तुति में गायन और नृत्य के साथ कई पारंपरिक वाद्ययंत्रों का प्रयोग किया जाता है। इनमें ढोलकी, तुनतुनी (एक तार वाला वाद्ययंत्र), मंजीरा, डफ, हल्गी, कड़े नामक धातु का त्रिकोण, लेजिम, हारमोनियम और गुंघरू प्रमुख हैं। ढोलकी और हल्गी की सशक्त ताल तमाशा की पहचान मानी जाती है, जो पूरी प्रस्तुति को ऊर्जा और लय प्रदान करती है।

तमाशा का गहरा संबंध महाराष्ट्र के कोल्हाटी और महार समुदायों से रहा है। इन समुदायों द्वारा पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस कला को जीवित रखा गया। तमाशा का इतिहास अन्य मराठी लोक कलाओं से भिन्न है, क्योंकि इसमें लोककथाओं, कविता और नाट्य का अनूठा मिश्रण देखने को मिलता है। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों में नृत्य और संगीत की परंपरा का प्रभाव तमाशा में स्पष्ट रूप से झलकता है।



मराठी लोक साहित्य पर संस्कृत साहित्य का गहरा प्रभाव भी इसकी रचनात्मकता को समृद्ध करता है।

राम जोशी (1762-1812) को तमाशा का जनक माना जाता है। वे संस्कृत पुराणों, कीर्तन और नाट्य गायन के लिए प्रसिद्ध थे। बाद में मराठी साहित्यकार मोरोपंत के साथ उनके जुड़ाव ने तमाशा को नई दिशा दी। 'शाहिर' कहलाने वाले कवि-गायक रवानी ने तमाशा के लिए अनेक प्रेम और लोकगीतों की रचना की, जिससे यह कला और अधिक लोकप्रिय हुई। तमाशा के दो अन्य रूपों-पारंपरिक पड़ा गायन और दशावतार नाट्य रूप का भी उल्लेख मिलता है। यह कला महाराष्ट्र के साथ-साथ कर्नाटक, गोवा और कोंकण क्षेत्रों में भी प्रचलित है। तमाशा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके लिए किसी विशेष मंच की आवश्यकता नहीं होती। गांव का चौक, घर का आंगन या खुला मैदान-हर स्थान इसका रंगमंच बन सकता है। संगीतकारों के प्रवेश से आरंभ होने वाला तमाशा आज भी लोक-संस्कृति की जीवंत धड़कन बना हुआ है।

---

# भारतीय कला शिक्षा, लोक परंपरा और समकालीन कला

यह लगभग निर्विवाद तथ्य है कि भारत में आज भी जिस औपचारिक कला शिक्षा पद्धति का अनुसरण किया जा रहा है, उसकी जड़ें औपनिवेशिक काल में स्थापित ब्रिटिश मॉडल में निहित हैं। जबकि आज यह स्पष्ट हो चला है कि मद्रास, कलकत्ता, बॉम्बे और लाहौर जैसे कला विद्यालयों की स्थापना का मूल उद्देश्य भारतीय कलाकार तैयार करना नहीं, बल्कि यूरोपीय बाजारों के लिए डिजाइन, कारीगरी और दृश्य सामग्री का उत्पादन था। परिणामतः इस शिक्षा प्रणाली में भारतीय कला परंपराओं को या तो 'क्राफ्ट' कहकर हाशिये पर रखा गया या फिर उन्हें आधुनिकता-विरोधी मानते हुए पाठ्यक्रम से बाहर कर दिया गया।


सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक



आश्चर्य की बात यह है कि स्वतंत्रता के सात दशक बाद भी कला शिक्षा के इस ढांचे में कोई बुनियादी वैचारिक पुनर्गठन नहीं हुआ। भारतीय कला इतिहास, जो सिंधु घाटी, मौर्य, गुप्त, मध्यकालीन, लोक, जनजातीय और शिल्प परंपराओं के माध्यम से हजारों वर्षों में विकसित हुआ। आज भी कला महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में केंद्रीय ज्ञान-स्रोत के रूप में स्थापित नहीं हो पाया है। लोक और पारंपरिक कलाएं अधिकतर वैकल्पिक, गौण या "फोक स्टडी" तक सीमित हैं, न कि समकालीन अभ्यास के सक्रिय स्रोत के रूप में।

इसी पृष्ठभूमि में समकालीन भारतीय कला जगत में एक विरोधाभासी स्थिति उभरती है। हाल के वर्षों में अनेक ख्यात और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय कलाकार अपनी कृतियों में भारतीय शिल्प, लोक कला, आदिवासी प्रतीकों और पारंपरिक तकनीकों का खुलकर उपयोग कर रहे हैं। विशेष रूप से विदेशी प्रदर्शनियों और बिएनाले संदर्भों में यह रुझान अधिक दिखाई देता है, जहां तथाकथित "इंडियननेस" (भारतीयता) एक सांस्कृतिक पूंजी के रूप में काम करती है। यहां भारतीय शैली के वस्त्र, कढ़ाई, गोंड, मिथिला, वारली या टेराकोटा जैसे दृश्य संकेत वैश्विक कला बाज़ार में विशेष पहचान और विशिष्टता प्रदान करते हैं।

ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि क्या इसे चोरी कहा जा सकता है? स्पष्ट है कि यदि चोरी से आशय शैली, प्रतीक और रूपों के उपयोग मात्र से है, तो कला इतिहास बताता है कि कोई भी कला परंपरा कभी भी पूर्णतः स्वायत्त नहीं होती। ऐसे में आधुनिक कला भी उधार, रूपांतरण और पुनर्संयोजन की प्रक्रिया से उत्पन्न अवधारणा या व्याख्या है। इस अर्थ में, केवल लोक रूपों के उपयोग को चोरी नहीं कहा जा सकता, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब यह उपयोग समान शक्ति-संबंधों के भीतर नहीं होता, बल्कि एक अभिजात्य, शहरी और संस्थागत कलाकार लोक या आदिवासी कला के दृश्य संसार को अपनाता है, लेकिन उन समुदायों को श्रेय नहीं देता, उनकी ऐतिहासिक, सामाजिक या आर्थिक स्थितियों से कोई संवाद नहीं करता और न ही उनके ज्ञान को समकालीन कला शिक्षा में स्थान दिलाने की कोशिश करता है, तो ऐसे में यह प्रक्रिया सांस्कृतिक उपभोग का रूप ले लेती है। इस हालात में लोक कला या प्रतीक प्रेरणा नहीं, बल्कि कच्चा माल बन जाती है।

इस संदर्भ में इस धारणा को आंशिक रूप से सही कहा जा सकता है, कि अभिजात्य कला समाज लोक कलाओं से चोरी कर रहा है, क्योंकि समस्या "उधार लेने" या प्रभावित होने में नहीं, बल्कि उस संस्थागत पाखंड में है। जहां एक ओर कला महाविद्यालयों और कला संकायों में लोक कलाओं को अकादमिक ज्ञान नहीं माना जाता, वहीं दूसरी ओर समाज में सदियों से प्रचलित लोक दृश्यता समकालीन कला की प्रतिष्ठा और कला बाजार का आधार बन जाती है। जाहिर है, ऐसे में यह असंतुलन लोक परंपराओं के प्रति एक संरचनात्मक अन्याय को उजागर करता है, जिसकी जड़ों में रचा बसा होता है अभिजात्य समाज का पाखंड।

वैसे यह कहना कि सभी अभिजात्य कलाकार "चोरी" कर रहे हैं या करते हैं, महज सरलीकरण होगा, किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि जब तक भारतीय कला शिक्षा अपने केंद्र में भारतीय कला परंपरा को पुनः स्थापित नहीं करती, तब तक लोक और शिल्प कलाओं का यह उपयोग नैतिक और वैचारिक सवालों से घिरा रहेगा। आवश्यकता है संरचनात्मक सुधार, न कि केवल शैलीगत समावेशन की। इस पूरे विमर्श का निष्पक्ष आकलन करते हुए यह स्वीकार करना आवश्यक है कि समकालीन भारतीय कला में लोक और पारंपरिक कलाओं का उपयोग न तो स्वभावतः गलत है और न ही स्वतः शोषणकारी। कला का इतिहास परस्पर ग्रहण, रूपांतरण और संवाद से ही निर्मित हुआ है। समस्या वहां उत्पन्न होती है, जहां यह ग्रहण असमान शक्ति-संरचना के भीतर होता है और संस्थागत स्तर पर लोक कलाओं को समान वैचारिक दर्जा नहीं मिलता। यदि कोई समकालीन कलाकार लोक या शिल्प परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए उनके ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों के साथ ईमानदार संवाद करता है, श्रेय और सहभागिता सुनिश्चित करता है, तो यह प्रक्रिया रचनात्मक और नैतिक कही जा सकती है। किंतु जब वही तत्व केवल वैश्विक दृश्यता या बाजार की मांग के लिए अपनाए जाते हैं, तब यह सांस्कृतिक उपभोग का रूप ले लेती है। ऐसे में आज सबसे आवश्यक कदम कला शिक्षा के पाठ्यक्रम मं संरचनात्मक सुधार होना चाहिए। साथ ही भारतीय लोक, जनजातीय और शिल्प परंपराओं को केवल सैद्धांतिक अध्ययन का विषय भर नहीं, बल्कि समकालीन अभ्यास के सक्रिय स्रोत के रूप में अपनाया जाना चाहिए। साथ ही कलाकारों और कला संस्थानों को भी लोक समुदायों के साथ दीर्घकालिक, समानतापूर्ण सहयोग की दिशा में बढ़ना होगा। तभी सदियों से जारी यह अंतर्विरोध रचनात्मक संवाद में बदल पाएगा।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,739.13 | 25,727.55 |
| बढ़त | 2,072.67 | 639.15 |
| प्रतिशत में | 2.54 | 2.55 |

सोना 1,57,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,84,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 4 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### केईसी इंटरनेशनल को भारत, विदेश में 1,020 करोड़ के ऑर्डर मिले

**नई दिल्ली।** केईसी इंटरनेशनल ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के नए कार्य ऑर्डर हासिल किए हैं। कंपनी ने बताया कि इन सफलताओं के साथ चालू वित्त वर्ष में कंपनी का कुल ऑर्डर प्रवाह 20,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है। आरपीजी ग्रुप की कंपनी केईसी इंटरनेशनल ने एक बयान में कहा कि ये ऑर्डर निर्माण, परिवहन, पारेषण और वितरण तथा केबल और कंडक्टर जैसे विभिन्न व्यवसायों में मिले हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ विमल केजरीवाल ने परियोजनाओं का विवरण साझा किया।

### टेस्ला ने भारत में ईएमआई, प्रोत्साहन योजना शुरू की

**नई दिल्ली।** दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी टेस्ला ने भारत में बिक्री को तेज करने के लिए मासिक किस्त योजना (ईएमआई) समेत कई पहल शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। टेस्ला इंडिया ने बयान में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन की तरफ जाने वाले ग्राहकों को पेट्रोल और डीजल वाहनों की अदला-बदली पर तीन लाख रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। कंपनी के मुताबिक, ग्राहक अब टेस्ला के मॉडल वाई को 49,000 रुपये प्रति माह से शुरू होने वाली किस्त (ईएमआई) पर खरीद सकते हैं। इसके लिए केवल छह लाख रुपये का शुरुआती भुगतान करना होगा। टेस्ला इंडिया ने सितंबर, 2025 में इस मॉडल की आपूर्ति शुरू की थी।

### आईएनएस ने अखबारी कागज की लगातार कमी पर चिंता जताई

**नई दिल्ली।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने देश में अखबारी कागज की कमी पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि इस वजह से प्रकाशकों को आयात पर निर्भर रहना पड़ रहा है। आईएनएस ने एक बयान में कहा, भारत में अखबारी कागज की सालाना खपत लगभग 12 लाख टन है, जबकि इसका घरेलू उत्पादन पांच लाख टन से अधिक नहीं हो पाया है। नतीजतन, भारतीय मिलें कुल मांग का सिर्फ 40 प्रतिशत ही पूरा कर पा रही हैं।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से उद्योगों को तेज वृद्धि की उम्मीद

## उद्योग जगत ने कहा- समझौता दोनों देशों के लिए बहुप्रतीक्षित महत्वपूर्ण उपलब्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय उद्योग जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत की वृद्धि महत्वाकांक्षाओं को गति प्रदान देगा। उन्होंने साथ ही कहा कि इससे देश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण एवं नवाचार केंद्र बनाने में मदद मिलेगी।

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सुनील मित्तल से लेकर आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला और महिंद्रा समूह के अनीश शाह तक भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश परिदृश्य को बदलने की इसकी क्षमता को रेखांकित करते हुए इस ऐतिहासिक समझौते पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। महिंद्रा ग्रुप के सीईओ और प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने इसे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत वृद्धि पथ पर होने के साथ, यह सौदा भारत की वृद्धि महत्वाकांक्षाओं को सार्थक गति प्रदान करता है।

भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए बहुप्रतीक्षित और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो निवेश और वृद्धि के लिए अपार अवसर खोलता है। मित्तल ने कहा, मुक्त व्यापार समझौतों की श्रृंखला यह प्रमाण है कि भारत वैश्विक ढांचों के केंद्र में अपनी भूमिका निभा रहा है, जिसका उद्देश्य मजबूत अंतरराष्ट्रीय व्यापार रूपरेखा तैयार करना है। आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि कम शुल्क से इन दो महान देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी और निवेश तथा सहयोग के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे।

टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन सुदर्शन वेणु ने भी कहा कि टैरिफ में कमी एक सकारात्मक कदम है, जो निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करता है और दीर्घकालिक द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में विश्वास पैदा करता है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में, व्यापार में खुलापन भारतीय उद्योग को विस्तार करने, नवाचार करने और नौकरियां पैदा करने में मदद करेगा। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने 'एक्स' पोस्ट किया, इससे संभलकर आगे बढ़ने के लाभों का पता चलता है। जब शोर थम जाएगा, तो दो स्वाभाविक साझेदार साथ आएंगे।



### बेहतर शर्तें अमेरिका में प्रतिस्पर्धा बढ़ाएंगीं : निर्यातक

**नई दिल्ली।** निर्यातकों ने उम्मीद जताई है कि भारत और अमेरिका के बीच घोषित व्यापार समझौते से श्रमप्रधान और एमएसएमई क्षेत्रों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन ए शक्तिवेल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में यह सफलता ऐसे वक्त में मिली है, जब भारतीय उद्योग उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण तनाव में थे। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारा सबसे बड़ा एकल निर्यात बाजार है और बेहतर व्यापारिक शर्तें अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधान उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगी। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के पार्टनर रुद्र कुमार पांडेय ने कहा कि यह कदम भारत के निर्यात-प्रतिस्पर्धी रुख को पुख्ता करता है और ऐसे समय में आया है जब अमेरिका अपनी आपूर्ति श्रृंखला को चीन से दूर ले जा रहा है।

### कुछ खास क्षेत्रों को होगा फायदा, धातु उद्योग को नहीं मिली कोई राहत : एएलईएमएआई

**नई दिल्ली।** एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न मैन्युफैक्चरर्स निकाय 'एएलईएमएआई' ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से सिर्फ कुछ खास क्षेत्र को फायदा होने की उम्मीद है, जबकि एल्युमिनियम, लोहा और इस्पात उत्पादों के निर्यात पर अमेरिकी बाजार में 50 प्रतिशत ज्यादा शुल्क लगता रहेगा।

- कहा- एल्युमिनियम, लोहा, इस्पात पर लगता रहेगा 50% शुल्क

पिछले साल अगस्त से, भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में 50 प्रतिशत ज्यादा शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, सेक्शन 232 के तहत एक अलग फैसले के जरिए अमेरिकी प्रशासन ने जून 2025 से इस्पात, एल्युमिनियम उत्पादों पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। एएलईएमएआई के अनुसार, यह बड़ा समझौता दूसरे उद्योगों को राहत देता है, लेकिन प्रमुख धातु उद्योग पर शुल्क का बोझ कम नहीं करता है।

एएलईएमएआई के अध्यक्ष, जितेंद्र चोपड़ा ने कहा, जवाबी शुल्क को 18 प्रतिशत करने से मुख्य रूप से कपड़ा और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे खास क्षेत्रों को फायदा होगा, लेकिन लोहा, इस्पात और एल्युमिनियम पर आमतौर पर अमेरिकी धारा 232 के तहत 50 प्रतिशत का शुल्क लगता रहेगा। एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग में एल्युमिनियम अयस्क का इस्तेमाल करके उत्पाद बनाने वाली कंपनियां शामिल हैं।

### गोल्डमैन सैक्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान बढ़ाया

**भारत और अमेरिका के समझौते का असर**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा के मद्देनजर भारत की जीडीपी में वास्तविक वार्षिक वृद्धि के अपने 2026 के अनुमान को 0.20 प्रतिशत बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि अमेरिका में भारतीय सामानों पर शुल्क कम होने से भारत की वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर की संभावनाएं बेहतर हुई हैं। भारत के जीडीपी के लगभग चार प्रतिशत के बराबर का वस्तु निर्यात अमेरिकी उपभोग मांग पर निर्भर करता है। भारत के निर्यात के लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार है।

## अपने-अपने दावे

### भारत निर्यात होंगे अमेरिका के कृषि उत्पादः अमेरिकी सांसद

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत के साथ घोषित व्यापार समझौते से अमेरिका के कृषि उत्पादों का विशाल भारतीय बाजार में निर्यात होगा और यह समझौता रूसी आक्रामकता का मुकाबला करने में भी मदद करेगा। अमेरिकी सांसदों ने यह बात कही।



सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष सीनेटर जिम रिश ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया, भारत के साथ व्यापार समझौते की शानदार उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को बधाई। अमेरिका की कृषि सचिव ब्रुक रॉलिन्स ने अमेरिकी किसानों के लिए एक बार फिर काम करने के लिए ट्रंप को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, नया अमेरिका-भारत समझौता भारत के विशाल बाजार में अधिक अमेरिकी कृषि उत्पादों का निर्यात करेगा, जिससे कीमतें बढ़ेंगी और ग्रामीण अमेरिका में नकदी का प्रवाह होगा।

### कृषि और डेयरी क्षेत्रों के हितों से कोई समझौता नहीं: गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को अमेरिका के साथ हुए समझौते का विवरण दिए बिना कहा कि भारत की अमेरिका के साथ एक अच्छे करार पर सहमति बनी है और इसमें कृषि और दुग्ध क्षेत्रों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।



गोयल ने कहा कि व्यापार समझौता अंतिम चरण में है और समझौते की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए जल्द ही भारत-अमेरिका का एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों पर समझौते को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन पर निशाना साधा। उन्होंने विशेष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए हुए कहा कि उनकी सोच नकारात्मक है और वह भारत की प्रगति के विरोधी हैं।

### सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया: संयुक्त किसान मोर्चा

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसानों के साथ ऐतिहासिक विश्वासघात बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर डोनाल्ड ट्रंप के आगे बेशर्मी से झुकने का आरोप लगाया। मोर्चा ने प्रधानमंत्री को पिछले साल के उनके स्वतंत्रता दिवस भाषण की याद दिलाते हुए कहा कि मोदी ने लाल किले की प्राचीर से घोषणा की थी कि वे किसानों के हितों की रक्षा के लिए व्यक्तिगत रूप से भारी कीमत चुकाने को तैयार हैं। किसान संगठन ने दावा किया कि इस समझौते से अमेरिका को भारतीय बाजारों में अत्यधिक सब्सिडी वाले कृषि उत्पादों की लाने की अनुमति मिल जाएगी, जिससे देश का कृषि क्षेत्र बर्बाद हो जाएगा।मोर्चा ने कहा, इस समझौते से भारतीय बाजारों में अत्यधिक सब्सिडी वाले अमेरिकी कृषि उत्पाद उतर जाएंगे और भारत के पूरे किसान वर्ग को तबाह कर देंगे।

### रूस से तेल की खरीद और सीमित करेगा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ समझौते पर बनी सहमति के तहत भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद और सीमित करेगा। इसके बदले व्यापार शुल्क को कम किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक नायरा एनर्जी जैसी रिफाइनरियां, जिनके पास कोई दूसरा स्रोत नहीं है, वे अभी आयात जारी रखेंगी। ट्रंप ने सोमवार रात द्विपक्षीय समझौते की घोषणा के साथ दावा किया कि यह समझौता भारत के रूसी तेल खरीद बंद करने, अमेरिका के खिलाफ शुल्क व गैरशुल्क अवरोध कम करने और 500 अरब डॉलर मूल्य की अतिरिक्त अमेरिकी ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि उत्पाद, कोयला और अन्य वस्तुओं की खरीद की प्रतिबद्धता जताने के बाद हुआ है।

### अमेरिकी शुल्क कटौती श्रमप्रधान क्षेत्रों के लिए सकारात्मकः मूडीज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कहा- भारत के वस्तु निर्यात में जान फूंकेगा यह समझौता

मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि अधिकांश भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क में कटौती से रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों की ऋण चुकाने की क्षमता बेहतर होगी। इन क्षेत्रों का देश के निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान है।

मूडीज ने कहा कि यह व्यापार समझौता अमेरिका को भारत के वस्तु निर्यात में नई जान फूंकेगा। अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा वस्तु निर्यात बाजार बना हुआ है, जो 2025 के पहले 11 महीनों में भारत के कुल वस्तु निर्यात का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा रहा। मूडीज ने कहा, कम शुल्क दर रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए भी ऋण चुकाने की क्षमता के लिहाज से सकारात्मक होगी, जो शीर्ष निर्यात क्षेत्रों में शामिल हैं।

#### रूस से तेल खरीद बंद की तो बढ़ेगी महंगाई

मूडीज ने कहा कि हाल में भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद कम की है, लेकिन तुरंत इसके पूरी तरह बंद होने की संभावना नहीं है, ऐसा करना भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बाधक हो सकता है। मूडीज ने कहा, रूसी तेल से पूरी तरह हटकर अन्य स्रोतों पर निर्भरता आपूर्ति को और कड़ा कर सकती है, कीमतें बढ़ा सकती है और महंगाई भी बढ़ सकती है।

# देश के 71 प्रतिशत नियोक्ता एआई की मदद से खोज रहे हैं प्रतिभाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- रिपोर्ट में दावा, भविष्य में एआई का इस्तेमाल और बढ़ने की संभावना

भारत में नियुक्ति प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण होती जा रही है, ऐसे में कंपनियां तेजी से कृत्रिम मेधा (एआई) का सहारा ले रही हैं। पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन की रिपोर्ट के अनुसार, 71 प्रतिशत नियोक्ताओं ने कहा कि एआई ने उन्हें सही कौशल वाले उम्मीदवार या छिपी हुई प्रतिभा खोजने में मदद की है।


रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि 80 प्रतिशत नियोक्ताओं के अनुसार एआई से उम्मीदवारों के कौशल को समझना आसान हुआ है, जबकि 76 प्रतिशत मानते हैं कि एआई भर्ती प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने में मदद कर रहा है। लिंक्डइन की यह रिपोर्ट नवंबर 2025 में 19,113 भारतीय उपभोक्ताओं और 6,554 वैश्विक एचआई पेशेवरों के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में भर्ती बाजार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन योग्य उम्मीदवार खोजने में 74 प्रतिशत नियोक्ता कठिनाई का सामना कर रहे हैं, जबकि नियुक्ति गतिविधि महामारी से पहले के स्तर से 40 प्रतिशत अधिक है।

नियोक्ता भर्ती में एआई-जनित आवेदनों (53 प्रतिशत) और मांग वाले कौशल की कमी (47 प्रतिशत) को चुनौतियों के रूप में बता रहे हैं। इसके अलावा, 48 प्रतिशत नियोक्ता कहते हैं कि वास्तविक और कम गुणवत्ता वाले या भ्रामक आवेदन अलग करने में समय लगता है। भविष्य में एआई का इस्तेमाल और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि 80 प्रतिशत भारतीय नियोक्ता इसे भर्ती लक्ष्यों, उम्मीदवार मूल्यांकन और शीर्ष प्रतिभाओं को खोजने के लिए बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।




### कर्मचारी की मान्यता मिले... महिला गिग वर्कर्स का देशव्यापी प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर समेत मंगलवार को देश भर के कई बड़े शहरों में गिग वर्कर्स ने कर्मचारी के रूप में मान्यता की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि डिजिटल मंचों पर मनमाने ढंग से खाते ब्लॉक किए जा रहे हैं, कमाई कम हो रही है और बुनियादी श्रम सुरक्षा का अभाव है। प्रदर्शन में अधिकतर महिलाएं थीं। यह प्रदर्शन गिग एंड प्लेटफॉर्म सर्विसेज वर्कर्स यूनियन की ओर से किया गया, जो महिलाओं के नेतृत्व वाला संगठन है। पंजाबी बाग में सुनीता ने बताया कि काम के घंटे और स्थिर कमाई के वादे की वजह से वह इस काम के प्रति आकर्षित हुई थीं लेकिन अब उन्हें लगातार अपना खाता ब्लॉक होने का डर सताता रहता है।




#### इसलिए आंदोलन

- श्रमिक एप कंपनियों द्वारा बिना पूर्व सूचना या वैध कारण वर्क आईडी को मनमाने ढंग से ब्लॉक करना।
- महिला वर्कर्स ने सुरक्षा और गरिमा की कमी का मुद्दा उठाया। असुरक्षित स्थानों पर भेजने का आरोप।
- गिरती आय, अपारदर्शी रेटिंग सिस्टम, एल्गोरिथम के जरिए किए जाने वाले कठोर नियंत्रण का विरोध।
- गिग वर्कर्स ने अनैतिक 10-मिनट डिलीवरी मॉडल का भी विरोध, जो उनकी जान जोखिम में डालता है।

- बेंगलुरु, नई दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई में हुए प्रदर्शन

### मौद्रिक नीति पर आज से होगी बैठक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार से शुरू हो रही है। बैठक में रेपो दर को यथावत रखने की उम्मीद है।

रेपो वह दर होती है जिस पर केंद्रीय बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है। इसमें कटौती बैंक ऋण सस्ता होता है, साथ ही बैंक जमा पर मिलने वाले ब्याज में भी कमी करते हैं। तीन दिन चलने वाली बैठक के बाद 6 फरवरी को समिति के फैसले की घोषणा की जाएगी।

### अदाणी समूह और लियोनार्डो भारत में स्थापित करेंगे हेलीकॉप्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र

**मेक इन इंडिया की ओर कदम**

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह और इटली की प्रमुख कंपनी लियोनार्डो ने मंगलवार को भारत में एक एकीकृत हेलीकॉप्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह कदम मेक इन इंडिया के प्रयासों को बढ़ावा देने दिशा में अहम बताया जा रहा है।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और लियोनार्डो ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में इस साझेदारी के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी भारतीय सशस्त्र बलों की जरूरतों को लक्षित करेगी, विशेष रूप से लियोनार्डो के उन्नत एडब्ल्यू169एम और एडब्ल्यू109 ट्रेकर हेलीकॉप्टरों के लिए ऐसा किया जाएगा। एक बयान में कहा गया कि यह सहयोग चरणबद्ध स्वदेशीकरण, मजबूत रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षमताओं तथा व्यापक पायलट प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगा। भारत में हेलीकॉप्टर की उपलब्धता काफी कम है, जहां देश की जनसंख्या के हिसाब से 250 से भी कम हेलीकॉप्टर हैं। अनुमान है कि देश को अगले 10 वर्षों तक सालाना लगभग 100 हेलीकॉप्टरों की आवश्यकता होगी।

### एयर इंडिया के बोइंग 787 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने बोइंग 787 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच की जांच शुरू कर दी है। यह कदम रविवार को लंदन हीथ्रो से बेंगलुरु के बीच एक विमान में स्विच के खराब होने के बाद उठाया गया है। इस समय एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787 या ड्रीमलाइनर विमान हैं।

कंपनी के उड़ान संचालन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष उप्पल ने बोइंग 787 पायलटों को बताया कि विमान के ईंधन नियंत्रण स्विच की बेड़े-वार फिर से जांच शुरू कर दी गई है। एयरलाइन की इंजीनियरिंग टीम ने प्राथमिकता के आधार पर मूल्यांकन के लिए मामले को बोइंग के पास भेजा है। उन्होंने एक ईमेल में कहा कि जब तक हम बोइंग की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, हमारे इंजीनियरों ने सामान्य संचालन को सत्यापित करने के लिए ईंधन नियंत्रण स्विच की एहतियाती बेड़े-वार फिर से जांच शुरू कर दी है।


### अंबुजा सीमेंट के एमडी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट के प्रबंध निदेशक अजय कपूर ने सेवानिवृत्ति की आयु पूरी होने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया।

अंबुजा की ओर से शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, कपूर ने 31 जनवरी 2026 को कारोबारी घंटे के समाप्त होने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। कपूर 1993 में अंबुजा सीमेंट में शामिल हुए और विभिन्न रणनीतिक भूमिकाओं में 25 साल का समय बिताया। मार्च, 2025 में अंबुजा सीमेंट ने सीईओ कपूर को एमडी के रूप में पुनः नियुक्त किया था।

# आने वाली संभावित मंदी का संकेत दे रहा है केंद्र सरकार का बजट

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**



- केरल के वित्त मंत्री ने कहा- राजस्व प्राप्तियों में एक लाख करोड़ रुपये की वृद्धि बेहद मामूली

केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री की ओर से प्रस्तुत केंद्रीय बजट में चिंताजनक प्रवृत्ति साफ दिख रही है, जिससे संकेत मिलता है कि अर्थव्यवस्था संभवतः मंदी की ओर बढ़ रही है।

केरल और केंद्रीय बजट की तुलना पर एक कार्यक्रम के दौरान बालगोपाल ने कहा कि इस वर्ष केंद्र सरकार की कुल राजस्व प्राप्तियों में केवल एक लाख करोड़ रुपये की मामूली वृद्धि हुई है, जो तीन प्रतिशत से कम की वृद्धि दर्शाती है। बालगोपाल ने कहा, केंद्र का बजट मंदी की ओर इशारा करता है। हालांकि, आर्थिक मंदी की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन अर्थव्यवस्था के धीमे होने के संकेत दिखाई दे रहे हैं। यह अत्यंत चिंता का विषय है। पिछले वर्ष केंद्र सरकार की कुल राजस्व प्राप्तियां 38 लाख करोड़ रुपये थीं और इस वर्ष केवल एक लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है, जो तीन प्रतिशत से कम की वृद्धि है।

उन्होंने कहा कि राजस्व प्राप्तियों में वार्षिक वृद्धि आमतौर पर तीन प्रतिशत से अधिक होती है। बालगोपाल ने कहा, बजट में शामिल कुछ अनुमान पूरे नहीं हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में अगले वर्ष केंद्र सरकार को वही राजस्व प्राप्तियां मिलेंगी जो इस वर्ष मिली हैं।

**प्रतिस्पर्धा कानून उल्लंघन** | कोर्ट ने मामला नए सिरे से सुनवाई के लिए एनसीएलएटी को वापस भेजा

# सुप्रीम कोर्ट ने फ्लिपकार्ट के खिलाफ जांच का आदेश रद्द किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के वर्ष 2020 का वह आदेश रद्द कर दिया जिसमें ई-कॉमर्स विक्रेता फ्लिपकार्ट के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन की जांच के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने मामला नए सिरे से सुनवाई के लिए राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) को वापस भेज दिया।



शीर्ष अदालत ने कहा कि एनसीएलएटी को फ्लिपकार्ट की इस दलील पर विचार करते हुए मामले पर फिर से फैसला करना होगा कि उसने आयकर कार्यवाही से जुड़े आकलन अधिकारी की जिन टिप्पणियों पर भरोसा किया था, उन्हें बाद में आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने निरस्त कर दिया था। हालांकि, पीठ ने स्पष्ट किया कि सभी मुद्दे एनसीएलएटी के समक्ष पुनर्विचार के लिए खुले रहेंगे। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम एनसीएलएटी से अनुरोध करते हैं कि वह इस अपील पर नए सिरे से फैसला करे। पक्षकार यह दलीलें रखने के लिए स्वतंत्र होंगे कि प्रथम दृष्टया मामला बनता है या नहीं और यदि बनता है, तो क्या मामले को फिर से प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) को भेजने की जरूरत है।

फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि न तो यह पाया गया है कि फ्लिपकार्ट संबंधित बाजार में प्रभुत्वशाली खिलाड़ी है और न ही उसने अपने प्रभुत्व का दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि एनसीएलएटी का आदेश मुख्यतः आयकर कार्यवाही में आकलन अधिकारी की टिप्पणियों पर आधारित था, जिन्हें बाद में आईटीएटी ने पलट दिया। इस मामले की शुरुआत चार मार्च, 2020 के एनसीएलएटी आदेश से हुई थी, जब उसने अखिल भारतीय ऑनलाइन विक्रेता संघ (एआईओवीए) की शिकायत को बंद करने वाले सीसीआई के आदेश को रद्द कर दिया था। एनसीएलएटी ने उस समय फ्लिपकार्ट के खिलाफ प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा चार के तहत प्रभुत्व के दुरुपयोग का प्रथम दृष्टया मामला मानते हुए प्रतिस्पर्धा आयोग के महानिदेशक को जांच का निर्देश दिया था।

# देश में दवाओं के अंधाधुंध उपयोग से कम हो रहा एंटीबायोटिक का असर

● केंद्र सरकार ने राज्यसभा में दी जानकारी, कहा-नजर रख रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में सरकार ने मंगलवार को बताया वह देश भर में एंटीबायोटिक के असर कम होने के बढ़ते रुझान पर नजर रख रही है तथा एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध और डॉक्टर के पर्चे के बिना इनके उपयोग को इसका एक प्रमुख कारण मान रही है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एक प्रश्न के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के माध्यम से औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 और इसके नियमों के प्रावधानों के तहत दवाओं की सुरक्षा, प्रभाव क्षमता और गुणवत्ता को नियंत्रित करती है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं को औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियमों की अनुसूची एच और एच1 में रखा गया है और केवल पंजीकृत चिकित्सक के पर्चे पर ही खुदरा बेचा जा सकता है। सरकार देश में एंटीबायोटिक का असर कम होने के बढ़ते रुझान से अवगत है, जिसमें निमोनिया/मूत्र मार्ग जैसे संक्रमणों में देखा गया प्रतिरोध भी शामिल है।

## प्रबंधन को उठाए गए हैं कई कदम

मंत्री ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रबंधन हेतु उठाए गए कई कदमों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री विकसित की गई है और तथा जन जागरूकता एवं प्रसार के लिए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की वेबसाइट पर इसे अपलोड किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मानक उपचार दिशानिर्देश (एसटीजी) जारी किए हैं, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

## धरती के फेफड़ों को सहेजने का संकल्प

आर्द्रभूमियां, जिन्हें अक्सर पृथ्वी की किडनी और जैविक सुपरमार्केट कहा जाता है, हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का वह महत्वपूर्ण हिस्सा हैं जो जल चक्र को संतुलित करने से लेकर कार्बन सोखने तक की अद्वितीय क्षमता रखती हैं। जब हम रामसर टैग की बात करते हैं, तो यह केवल एक तकनीकी नामकरण नहीं है, बल्कि यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी आर्द्रभूमि (वेटलैंड) की विशिष्टता और उसके वैश्विक महत्व की स्वीकृति है। रामसर कन्वेंशन एक अंतरसरकारी संधि है जो दुनिया भर में झीलों, नदियों, दलदलों और तटीय क्षेत्रों के संरक्षण के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती है। आधुनिक युग में जहां अंधाधुंध शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन ने प्राकृतिक जल स्रोतों को संकट में डाल दिया है, वहां रामसर टैग एक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है।

# रामसर टैग



### आर्द्रभूमि जीवन का आधार

● भारत जैसे विशाल विविधता वाले देश के लिए यह टैग अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां की सभ्यताएं हमेशा से नदियों और तालाबों के इर्द-गिर्द पनपी हैं। वर्तमान में, भारत ने अपनी आजादी के अमृत काल के बाद से आर्द्रभूमियों के संरक्षण में एक लंबी छलांग लगाई है। 2 फरवरी 2026 तक, भारत में रामसर स्थलों की संख्या बढ़कर 98 हो गई है, जो इस क्षेत्र में सरकार और समाज की सक्रियता को दर्शाता है। रामसर टैग मिलने का अर्थ केवल पहचान मिलना नहीं है, बल्कि यह उस देश के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है कि वह उस क्षेत्र के पारिस्थितिक चरित्र को बनाए रखेगा और उसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करेगा।

### टैग का वैश्विक महत्व

● अंतर्राष्ट्रीय मान्यता : रामसर टैग एक अंतर्राष्ट्रीय मान्यता है जो किसी आर्द्रभूमि को 'वैश्विक महत्व' की श्रेणी में रखती है।

● संरक्षण का दायित्व : इस टैग का मुख्य कार्य संबंधित देश को उस आर्द्रभूमि के वैज्ञानिक प्रबंधन और सुरक्षा के लिए कानूनी और नैतिक रूप से उत्तरदायी बनाना है।

● अंतर्राष्ट्रीय सहयोग : यह सदस्य देशों के बीच जल संसाधनों और प्रवासी पक्षियों के प्रबंधन में आपसी सहयोग को बढ़ावा देता है।

● जागरूकता और पर्यटन : टैग मिलने से संबंधित क्षेत्र को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर जगह मिलती है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होता है।

### सदस्य देश

● ऐतिहासिक पृष्ठभूमि : यह समझौता 2 फरवरी 1971 को ईरान के रामसर शहर में हुआ था। इसी कारण 2 फरवरी को 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस' मनाया जाता है।

● वैश्विक भागीदारी : वर्तमान में दुनिया के 172 देश इस संधि के हस्ताक्षरकर्ता हैं।

### किसे मिलता है यह टैग

● नौ विशिष्ट मानदंड : किसी क्षेत्र को रामसर स्थल घोषित करने के लिए नौ विशिष्ट मानदंड बनाए गए हैं जिसमें कम से कम एक को पूरा करना अनिवार्य होता है।

● अद्वितीय आर्द्रभूमि : जो अपने आप में दुर्लभ या प्राकृतिक प्रकार की हो।

● संकटग्रस्त प्रजातियां : जहां विलुप्त होने की कगार पर खड़ी प्रजातियाँ पाई जाती हों।

● जैव विविधता : जो किसी विशेष क्षेत्र की जैविक विविधता बनाए रखने में सहायक हो।

● प्रवासी पक्षी : जहां नियमित रूप से 20,000 या उससे अधिक जल-पक्षी निवास करते हों।

● आजीविका देय : स्थानीय समुदायों की आजीविका बनाए रखने में भूमिका निभाते हों।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में खनिज पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका बुधवार को अपने पहले महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस बैठक में तकनीकी नवाचार, आर्थिक मजबूती और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अनिवार्य महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति शृंखला की कमजोरियों से जुड़ी चिंताओं के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों को एक मंच प्रदान किया जाएगा। विदेश मंत्री मार्को रुबियो विदेश विभाग में इस बैठक की मेजबानी करेंगे, जो महत्वपूर्ण खनिजों पर केंद्रित पहला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन होगा। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इसमें शामिल होंगे।

### महिंदा राजपक्षे की पत्नी-बेटे से पूछताछ

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे की पत्नी और बेटे से मंगलवार को दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने पूछताछ की। पूर्व प्रथम महिला शिरंथी राजपक्षे से 2015 में उनके नेतृत्व वाली एक संस्था से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में पूछताछ की गई। अधिकारियों ने बताया कि विपक्षी सांसद नमल राजपक्षे से अंडरवर्ल्ड डॉन केहलबद्दारा पद्मे से कथित संबंधों के बारे में पूछताछ की गई। पद्मे को 2025 के मध्य में प्रत्यर्पण के तहत दुबई से लाया गया था। पुलिस ने बताया कि मां-बेटे से आपराधिक अन्वेषण विभाग ने चार घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

### फर्नांडीज होंगे कोस्टा रिका के राष्ट्रपति

**सैन जोस।** कोस्टा रिका में रूढ़िवादी जनवादी नेता लौरा फर्नांडीज ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने निवर्तमान राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस द्वारा शुरू किए गए देश की राजनीति के आक्रामक पुनर्गठन को आगे बढ़ाने का वादा किया है। प्रारंभिक और आंशिक नतीजों के अनुसार, फर्नांडीज ने पहले ही दौर में निर्णायक जीत हासिल की, जिससे दूसरे चरण की जरूरत नहीं पड़ी।

### द. अफ्रीका का जंगी पोत भारत रवाना

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीकी नौसेना का जंगी जहाज एसएएस अमाटोला भारत के लिए एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण तैनाती पर रवाना हो गया है, जहां यह भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित 2026 अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा अभ्यास मिलन में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करेगा। रविवार को जहाज के रवाना होने के बाद दक्षिण अफ्रीकी नौसेना ने कहा कि एसएएस अमाटोला की भारत यात्रा कई स्तरों पर महत्वपूर्ण है। यह द. अफ्रीका की समुद्री रणनीति के लिए एक अहम पड़ाव है।

# ट्रंप के दावों का रूस ने दिया जवाब भारत ने तेल क्रय से मना नहीं किया

## क्रेमलिन ने कहा, हमें इस मामले में नई दिल्ली से अभी तक कोई संदेश नहीं मिला

● रूस हर तरीके से भारत से संबंध मजबूत रखने का इच्छुक

मॉस्को, एजेंसी

रूस को भारत से रूसी तेल खरीद रोकने के संबंध में कोई संदेश नहीं मिला है। रूसी सत्ता के केंद्र क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को यह बात कही। उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस से तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका और संभवतः वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदने पर सहमत हो गए हैं।

क्रेमलिन के प्रवक्ता पेस्कोव ने कहा कि हमें इस मामले पर नई दिल्ली से अभी तक कोई संदेश नहीं मिला है। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि रूस हर संभव तरीके से भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना जारी रखने का इरादा रखता है। रूस के ऊर्जा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि उन्हें भारतीय रिफाइनरी कंपनियों से अनुबंध रद्द करने के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है। सोमवार को मोदी के साथ फोन पर बातचीत के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत अमेरिका जवाबी शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। पिछले साल ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए थे, जो दुनिया में किसी भी देश पर सबसे ज्यादा शुल्क था। इनमें रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का शुल्क भी शामिल था। तेल आपूर्ति पर नजर रखने वाली कंपनी केप्लर के अनुसार, इराक अब रूस के लगभग बराबर मात्रा में आपूर्ति कर रहा है, जो दिसंबर 2025 में औसतन 9,04,000 बैरल प्रति दिन से ज्यादा है। सऊदी अरब से भी तेल का उत्पादन जनवरी में बढ़कर 9,24,000 बैरल प्रतिदिन हो गया, जो दिसंबर में 7,10,000 बैरल प्रतिदिन था।



### 88 प्रतिशत कच्चा तेल दूसरे देशों से लेता है भारत

भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 88 प्रतिशत हिस्सा दूसरे देशों से खरीदता है, जिसे पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिवर्तित किया जाता है। वर्ष 2021 तक भारत द्वारा आयात किए गए कुल कच्चे तेल में रूसी तेल का हिस्सा मुश्किल से 0.2 प्रतिशत था। भारत फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया। तेल आपूर्ति पर नजर रखने वाली कंपनी केप्लर के अनुसार, जनवरी के पहले तीन हफ्तों में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 11 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जबकि पिछले महीने यह औसतन 12.1 लाख बैरल रोज था और 20 लाख बैरल रोज से अधिक होने का अनुमान था।

### रूस से तेल खरीद रोकेगा भारत : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से साथ टेलीफोन वार्ता के बाद कहा था कि भारत अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि करने, अमेरिकी सामानों पर आयात शुल्क शून्य करने तथा रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने पर सहमत हो गया है, बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर तत्काल प्रभाव से आयात शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए लिखा है कि मोदी रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका, तथा संभवत: वेनेजुएला, से खरीद बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं जिससे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में मदद मिलेगी।

# अमेरिका के साथ तर्कसंगत और न्यायसंगत बातचीत करेगा ईरान

● राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने दिया अपने विदेश मंत्री को निर्देश

दुबई, एजेंसी

ईरान के राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहा कि विदेश मंत्री को अमेरिका के साथ तर्कसंगत और न्यायसंगत बातचीत आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। यह तेहरान की ओर से अब तक का सबसे स्पष्ट संकेत है कि वह वाशिंगटन के साथ बातचीत की कोशिश करना चाहता है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब पिछले महीने देशभर में हुए प्रदर्शनों पर ईरानी सरकार की हिंसक कार्रवाई के बाद अमेरिका के साथ तनाव काफी बढ़ गया है। यह घोषणा सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के रुख में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

बीते कुछ हफ्तों से वह ईरानी जनता को चेतावनी दे रहे थे कि देश में हालात उनके नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं। यह बयान इस बात का भी संकेत देता है कि उन्हें अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खोमेनेई का समर्थन मिला है, जिन्होंने पहले ऐसे किसी भी संवाद को खारिज कर दिया था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान और अमेरिका किसी समझौते तक पहुंच पाएंगे या नहीं, खासकर इसलिए क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बातचीत की किसी भी प्रक्रिया में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपनी प्रमुख मांगों में शामिल कर रखा है। ट्रंप ने जून में इजराइल द्वारा शुरू किए गए 12 दिवसीय युद्ध के दौरान ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के आदेश दिए थे।

पेजेशकियान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अंग्रेजी और फ़ारसी में लिखा कि यह फैसला क्षेत्र के मित्र देशों की ओर से अमेरिका के राष्ट्रपति के बातचीत के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अनुरोध पर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि मैंने अपने विदेश मंत्री को निर्देश दिया है कि यदि उपयुक्त माहौल हो यानी धमकियों और अनुचित अपेक्षाओं से मुक्त वातावरण, तो वह गरिमा, विवेक और दूरदर्शिता के सिद्धांतों के अनुरूप तर्कसंगत और न्यायसंगत बातचीत को आगे बढ़ाएं। अमेरिका ने अभी यह स्वीकार नहीं किया है कि इस तरह की कोई बातचीत होने जा रही है।

### ईरान के गृहमंत्री सहित 30 पर नए प्रतिबंध

लंदन/कैनबरा। ब्रिटेन ने ईरान के गृह मंत्री सहित 10 लोगों और एक संगठन पर प्रतिबंधों का एक नया पैकेज लगा दिया है। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े 20 लोगों और तीन अन्य संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, ईरान में हालिया प्रदर्शनों में मानवाधिकारों के उल्लंघन में शामिल लोगों के खिलाफ ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, उनमें ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी, लोरिस्तान प्रांत के पुलिस प्रमुख मोहम्मद रजा हाशिमीफ़र, सार्वजनिक सुरक्षा पुलिस प्रमुख सैयद माजिद फ़ैज़ जाफ़री, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर में फ़ार्स प्रांत के कमांडर यादोल्लाह बौअली, कई अन्य सैन्य और न्यायिक कर्मी शामिल हैं।

### अमेरिका ने ईरानी ड्रोन को मार गिराया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना के एक लड़ाकू विमान ने अरब सागर में विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन की ओर बढ़ रहे एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यह जानकारी दी। मंगलवार को ई-मेल के जरिए जारी बयान में सेंट्रल कमांड ने बताया कि ड्रोन आक्रामक तरीके से और अस्पष्ट इरादे के साथ विमानवाहक पोत के करीब आ गया था।

## सारा फर्ग्यूसन की धर्मार्थ संस्था बंद

**लंदन।** इंग्लैंड के यॉर्क की पूर्व डचेस सारा फर्ग्यूसन द्वारा स्थापित धर्मार्थ संस्था, मानव तस्करी के मामले में दोषी करार दि गए कारोबारी जेफरी एपस्टीन के साथ उनकी गहरी दोस्ती को दर्शाने वाले ईमेल सामने आने के बाद अस्थायी रूप से बंद हो गई है। महिलाओं और बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने पर केंद्रित सारा ट्रस्ट ने अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी नवीनतम दस्तावेजों में हुए खुलासों के बाद निकट भविष्य के लिए बंद रहने की घोषणा की है। फर्ग्यूसन, पूर्व राजकुमार एंड्रयू की पूर्व पत्नी हैं, जिन्हें एप्स्टीन से संबंधों के कारण उनकी शाही उपाधियों से वंचित कर दिया गया था। सोमवार देर रात जारी एक बयान में ट्रस्ट ने कहा कि हमारी अध्यक्ष सारा फर्ग्यूसन और न्यासी मंडल ने खेद के साथ यह निर्णय लिया है।

## ईंधन में हुआ रिसाव, नासा ने टाला चंद्र रॉकेट का प्रक्षेपण

● स्पेस एजेंसी ने अब मार्च में रॉकेट के प्रक्षेपण का लिया निर्णय

केप केनरवल, एजेंसी

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को कहा कि एक दिन पहले किए गए निर्णायक परीक्षण के दौरान ईंधन के रिसाव की समस्या आने के कारण अब वह अपने नए चंद्र रॉकेट को मार्च में प्रक्षेपित करेगी। नासा ने कहा कि प्रक्षेपण में देरी होने से अब उड़ान परीक्षण से पहले डेटा की समीक्षा करने और दूसरा पूर्वाभ्यास करने का मौका मिलेगा। ये रिसाव सोमवार को कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में ईंधन भरने की प्रक्रिया शुरू होने के कुछ ही घंटों के भीतर हुए।

नासा ने कहा कि इस उड़ान के लिए चुने गए चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग दो सप्ताह के पृथकवास से बाहर निकाल लिया जाएगा। नासा ने कहा कि चंद्रमा की परिक्रमा के लिए अगली उड़ान के समय से लगभग दो सप्ताह पहले उन्हें फिर से पृथकवास में रखा जाएगा। हालांकि, अंतरिक्ष एजेंसी ने मार्च में आधिकारिक प्रक्षेपण लक्ष्य के बारे में कोई संकेत नहीं दिया। इसने कहा कि जांच से प्राप्त डेटा की पूरी तरह से समीक्षा करने प्रत्येक समस्या का समाधान करने और परीक्षण पर लौटने की आवश्यकता है। सोमवार को दोपहर के समय प्रक्षेपण नियंत्रकों ने 322 फुट लंबे रॉकेट में अत्यधिक शीतल हाइड्रोजन और ऑक्सीजन भरना शुरू किया। टंकियों में 7 लाख गैलन से अधिक ईंधन भरा जाना था।

## रूस ने यूक्रेन पर तेज किए हमले

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि रूस ने देर रात एक बड़े हमले में यूक्रेन पर लंबी दूरी के लगभग 450 ड्रोन और विभिन्न प्रकार की 70 मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय हुआ, जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में अमेरिका की मध्यस्थता से होने वाली वार्ता में भाग लेने वाले हैं, जिसका उद्देश्य लगभग चार साल पहले शुरू हुए युद्ध को समाप्त करना है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के कम से कम पांच क्षेत्रों पर बमबारी का निशाना विशेष रूप से बिजली ग्रिड था। अधिकारियों ने बताया कि रूस के हमलों में कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि रूस के लिए कूटनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है लोगों को आतंकित करना है।

## एक्स के फ्रांस में स्थित कार्यालयों में छापेमारी

● चाइल्ड पोर्नोग्राफी व डीपफेक सहित कई अपराधों में जांच

पेरिस, एजेंसी

पेरिस के अभियोजकों ने बाल यौन सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) और डीपफेक सहित कई कथित अपराधों की शुरुआती जांच के तहत एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के फ्रांस स्थित कार्यालयों पर मंगलवार को छापेमारी की। इस संबंध में जारी बयान में कहा गया कि पिछले साल जनवरी में अभियोजक कार्यालय की साइबर अपराध इकाई ने जांच शुरू की थी।

यह इकाई बच्चों को बंधक बनाने और उनकी अश्लील तस्वीरें फैलाने, इससे संबंधित डीपफेक, मानवता के खिलाफ अपराधों और एक संगठित समूह के हिस्से के तौर पर ऑटोमेटेड डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम में हेरफेर तथा दूसरे अपराधों में कथित मिलीभगत की जांच कर रही है। अभियोजकों ने एलन मस्क और एक्स की 2023 से 2025 तक मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) रहीं लिंडा याकारिनो से स्वैच्छिक पूछताछ के लिए अनुरोध किया है, जिसके लिए 20 अप्रैल की तारीख निर्धारित है। इस संबंध में एक्स के एक प्रवक्ता ने टिप्पणी के लिए किए गए अनुरोध पर तुरंत जवाब नहीं दिया। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने एक्स पर छापेमारी की पुष्टि की। कहा कि वह इस मंच को छोड़ रहा है और फॉलोअर्स से भी कहा कि वे किसी दूसरे सोशल मीडिया मंच से जुड़ें।


## आर्मेनिया से भारत सुदृढ़ करेगा संबंध

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने आर्मेनिया के रक्षा मंत्री सुरेन पापक्यान से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और दोनों देशों से संबंधित सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। जनरल चौहान के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल इस समय आर्मेनिया की यात्रा पर है। एकीकृत रक्षा मुख्यालय ने एक्स पर सीडीएस की यात्रा की जानकारियां साझा की हैं। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, आर्मेनिया के रक्षा मंत्री सुरेन पापक्यान से मुलाकात के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों देशों से संबंधित विभिन्न सुरक्षा मुद्दों पर रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई। सीडीएस ने आर्मेनिया की राजधानी येरेवन में राष्ट्रीय रक्षा अनुसंधान विवि का दौरा किया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 4 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 5 फरवरी 12.09 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 10.12 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** — आज आपकी क्षमताओं में विस्तार होगा। वकालत के पेशे से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। परिवार के छोटे सदस्यों के विचारों पर अवश्य ध्यान दें। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद दूर होंगे।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। आक्रामक व्यवहार से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। आपसी सूझबूझ से विवादों का समाधान कर पायेंगे। अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज आप लोगों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हो रहे हैं। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है। प्रत्येक परिस्थिति में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। धार्मिक क्रियाकलापों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे।

**कर्क** — आज आपके नेतृत्व कौशल की लोग प्रशंसा करेंगे। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। आयात-निर्यात संबंधी व्यापार से उत्तम धन लाभ होगा। काम के प्रति उत्साह भाव बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा कर सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रखें।

**सिंह** — आज व्यापार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में तय लक्ष्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। दोपहर के बाद आपकी परिस्थितियां काफी अच्छी रहने वाली हैं। परिजन आपसे मिलने घर आ सकते हैं। मित्रों की सलाह आपके काम आयेगी।

**कन्या** — आज परिवार में लोगों के बीच कलह की भावना हो सकती है। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में धन का अपव्यय हो सकता है। गर्दन में दर्द उभरने की आशंका है। रहन-सहन में दिखावा न करें। बच्चे गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

**तुला** — आज अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। कारोबार की गुणवत्ता में सुधार होगा। व्यायाम और ध्यान को अपनी जीवनशैली में अवश्य सम्मिलित करें। अटके हुए काम को दोबारा शुरू करने में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज यदि किसी को कर्ज दे रहे हैं तो परिजनों से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। घर के नवीनीकरण को लेकर योजना बनायेंगे। संकीर्ण विचारों के कारण आप लोगों के निशाने पर आ सकते हैं।

**धनु** — आज व्यापार को लेकर आप प्रयोग कर सकते हैं। काम को लेकर दबाव धीरे-धीरे कम होगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आप अपने मन की करने को स्वतंत्र रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती हैं।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आपके अनुसार होते जायेंगे। आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी। व्यापार में अपनी उन्नति से संतुष्ट रहेंगे। विलासिता के साधनों में आप धन खर्च करेंगे। धन की कमी दूर होगी। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — आज नया काम शुरू कर सकते हैं। आपके स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। दूसरों के भरोसे रहना उचित नहीं है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतरीन रहेगा। भूमि संपत्ति को लेकर अनुबंध कर सकते हैं। विदेश में व्यापार करने वाले लोगों की आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — आज अपने कार्यों को लेकर अत्यंत सावधान रहेंगे। रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंता रहेगी। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। दोपहर के बाद अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

## सुडोकू-51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 4 | | | 2 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| 5 | | | 9 | | | 6 | | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | 3 | 2 | | | | 5 | 1 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 3 |
| | | 4 | | | 5 | | 2 | |
| | 7 | | | 8 | | | | |
| 6 | | | 1 | | | 3 | | 4 |

### सुडोकू - 50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 7 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |




"हम विश्व कप में सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं। हम विश्व कप जीतने की कोशिश करने जा रहे हैं और हमारा पूरा ध्यान इसी पर केंद्रित है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के रूप में हमें वहां के लोगों पर भरोसा है कि वे हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। मैं बस इतना ही कहूंगा।

**मिचेल मार्श, कप्तान, ऑस्ट्रेलिया**



## हाईलाइट

### साई की परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे खेल मंत्री मांडविया



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 120 करोड़ की लागत वाली परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद मंगलवार को कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तहत चल रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में जवाबदेही, समय पर पूरा होने और उचित रखरखाव को सुनिश्चित करने को वह तिमाही समीक्षा करेंगे।संतुलित और समावेशी खेल अवसंरचना विकास सुनिश्चित करने को नई परियोजनाएं देश भर में साइ केंद्रों में फैली हुई हैं। इसमें पूर्वोत्तर और पूर्वी क्षेत्र भी शामिल हैं। इनमें बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में एक नये सिंथेटिक हॉकी टर्फ का निर्माण शामिल है।

### नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में खेलेंगे डी गुकेश



**ओस्लो।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से पांच जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे। गुकेश ने कहा, मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।

### ईएफआई ने बिना ट्रायल राइडर्स को दी एनओसी

**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए चार घुड़सवारों को बिना किसी चयन ट्रायल्स के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने से जांच के दायरे में आ गया है और इससे हितों के टकराव से जुड़ी चिंताएं पैदा हो गई हैं। ईएफआई ने दो जनवरी 2026 को एनओसी जारी की थी, जिसमें 61 कैवलरी के चार अधिकारियों को सक्रिय घुड़सवारी खिलाड़ी के रूप में प्रमाणित किया गया है और उन्हें एफईआई की तरफ से यूरोप में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी गई है। जिन राइडर्स को विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी गई है।

# अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा भारत

हरारे, एजेंसी

- **प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम, पांच बार खिताब जीते**



अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत छठी बार खिताब जीतने की दिशा में आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।

भारत ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी पांच मैच जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी है। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन अच्छा रहा है। उसने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने से अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित 196 रन) भी अच्छे फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और भारतीय बल्लेबाज हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज की फॉर्म भी भारत के लिए चिंता का विषय है क्योंकि दाएं हाथ का बल्लेबाज तीन पारियों में 46 रन ही बना सका है। भारतीय गेंदबाजी की कमान हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश के हाथ में है। इन दोनों तेज गेंदबाजों को स्पिनर खिलन पटेल का भी अच्छा सहयोग मिला है, जिन्होंने पांच मैचों में आठ विकेट लिए हैं। म्हात्रे और मल्होत्रा गेंदबाजी में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मल्होत्रा ने अभी तक टूर्नामेंट में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से पांच विकेट लेने के अलावा भारत की तरफ से एकमात्र शतक भी लगाया है।


**भारत अंडर-19 :** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।

**अफगानिस्तान अंडर-19 :** महबूब खान (कप्तान), अजीजुल्लाह मियाखिल, फैसल शिनोजादा, खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, उजैरुल्लाह नियाजई, अब्दुल अजीज, अकील खान, खातिर स्टानिकजई, नाजीफुल्लाह अमीरी, नूरिस्तानी उमरजई, रूहुल्लाह अरब, सलाम खान, वहीदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन। **मैच दोपहर 1:00 बजे।**

## भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी20 विश्व कप मैच को लेकर विवाद

# कटघरे में पीसीबी, मैच के बहिष्कार पर अदालत जा सकता है जियोस्टार

कराची/नई दिल्ली, एजेंसी



- **आईसीसी ने दी चेतावनी, कहा- टूर्नामेंट का आधिकारिक प्रसारक कर सकता है कानूनी कार्रवाई**
- **पीसीबी ने सरकार के निर्देश पर कोलंबो में होने वाले मुकावले के बहिष्कार का फैसला कर रखा है**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार के कारण उसे टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक जियोस्टार की ओर से कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। यह जानकारी पीसीबी के एक सूत्र ने मंगलवार को दी।

पाकिस्तान ने अपनी सरकार के निर्देश पर 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया है, लेकिन अभी तक उसने इस फैसले के कारणों को औपचारिक रूप से आईसीसी को नहीं बताया है। पहले ही सूत्रों के हवाले से खबर दी जा चुकी है कि आईसीसी पाकिस्तान का सालाना राजस्व हिस्सा (लगभग 3.5 करोड़ डॉलर) रोक सकता है और उसी रकम से प्रसारकों को भुगतान कर सकता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पिछले सप्ताह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को जानकारी देने से पहले बोर्ड के कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली थी, लेकिन इसके बावजूद बोर्ड गंभीर नतीजों के लिए तैयार है।

पीसीबी के सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ नहीं खेलने पर अड़ा रहा तो उसे वित्तीय जुर्माने के साथ प्रसारकों की ओर से मुकदमा भी झेलना पड़ सकता है। इसके अलावा आईसीसी की विवाद निपटान समिति (डीआरसी) में जाने की कोशिश भी शायद नाकाम रहे। आईसीसी की डीआरसी एक आंतरिक समिति है, जो आईसीसी के फैसलों के खिलाफ अपील नहीं सुनती।

### अनुबंध के उल्लंघन पर पीसीबी को अदालत में ले जाने का प्रसारक के पास पूरा अधिकार

सूत्र ने बताया कि आईसीसी ने जब अपने सभी आयोजनों के लिए प्रसारक के साथ चार साल का करार किया था, तब उसमें भारत-पाकिस्तान मैच भी शामिल थे, जिसके आधार पर प्रसारक ने आईसीसी को भुगतान किया। इसलिए प्रसारक को अनुबंध के उल्लंघन के आधार पर पीसीबी और आईसीसी को अदालत में ले जाने का पूरा अधिकार होगा। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि पीसीबी ने इस मामले में अन्य सदस्य बोर्डों से समर्थन मांगा था, लेकिन उसे कहीं से भी समर्थन नहीं मिला। कई लोगों का मानना है कि पाकिस्तान के गृह मंत्री नकवी 12 फरवरी को बांग्लादेश में आम चुनाव होने और मौजूदा मोहम्मद यूनुस सरकार की जगह लोकतांत्रिक सरकार बनने के बाद अपना फैसला बदल सकते हैं।

### नकवी एक क्रिकेट प्रशासक से ज्यादा नेता

एक सूत्र ने कहा कि नकवी एक क्रिकेट प्रशासक से ज्यादा नेता हैं और उन्हें राष्ट्रीय टीम के हितों की खास चिंता नहीं है। वह राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं और चुनाव के बाद यू-टर्न ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ मैच से पहले दो दिन का वक्त रहेगा और हालात बदल सकते हैं। वरना वह जानते हैं कि पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग किया जा सकता है।

### पीसीबी ने अब तक आईसीसी को नहीं दी है लिखित सूचना

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अन्य सूत्र ने बताया कि सरकार के निर्देश के बावजूद पीसीबी को परेशानी हो सकती है, क्योंकि पाकिस्तान अपनी इच्छा के अनुसार भारत में नहीं बल्कि तटस्थ स्थल श्रीलंका में अपने सभी मैच खेल रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरी बात यह है कि भारत सरकार ने अपनी टीम को पाकिस्तान में खेलने की अनुमति नहीं दी है, लेकिन मई में हुए टकराव के बाद भी एशिया कप या आईसीसी के टूर्नामेंटों में तटस्थ स्थानों पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से भी नहीं रोका है। पीसीबी ने अभी तक लिखित रूप में आईसीसी को कोई सूचना नहीं दी है, लेकिन इस बहिष्कार के फैसले को बांग्लादेश को विश्व कप से हटाए जाने के बाद उसके समर्थन में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

# सभी टेस्ट खेलने की इच्छा से टी20 विश्व कप से बाहर हुआ : कमिंस

मेलबर्न, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने कहा कि चोटिल होने से टी20 विश्व कप से बाहर होने का उनका फैसला आगामी टेस्ट सत्र के लिए फिट होने की इच्छा से प्रेरित था, जिसमें वह सभी मैच खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और वनडे के कप्तान कमिंस पीठ की चोट से नहीं उबर पाने से टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। उनकी जगह बेन ड्वार्शियस को टीम में शामिल किया गया है।

कमिंस ने कहा कि यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण था। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, बस एक मामूली सी परेशानी हुई और उससे उबरने के लिए समय कम पड़ गया। मैं कुछ हफ्तों तक आराम करूंगा और फिर आगे की योजना बनाऊंगा। एडिलेड टेस्ट मैच के बाद हमें पता था कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने में चार से आठ सप्ताह का समय लगेगा। शुरू में हमें लगा था कि इसमें चार सप्ताह ही लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन अभी-अभी एक स्कैन करवाया है और चिकित्सकों का मानना है कि इसे पूरी तरह ठीक होने में कुछ सप्ताह और लगेंगे। इसलिए समय की थोड़ी कमी पड़ गई। ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट मैचों का कार्यक्रम अगस्त से शुरू होगा, जब वह डार्विन और मैकाय में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलेगा।

### फॉर्म में चल रहे भारत को हराना मुश्किल होगा : क्लिंगर

**वडोदरा।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और अब कोच माइकल क्लिंगर ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया शृंखला में भारत के प्रदर्शन से पता चलता है कि सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में आखिर क्यों गत चैंपियन को हराना बहुत मुश्किल होगा। डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात जाइंट्स के मुख्य कोच क्लिंगर के अनुसार भारत का आक्रामक शीर्ष क्रम उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत टीम बनाता है। क्लिंगर ने कहा कि जिस फॉर्म में वे हैं और मैंने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ जो देखा उससे भारत को हराना बहुत मुश्किल होगा।

### टी20 विश्व कप के तीसरे चरण के टिकटों की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी20 विश्व कप की टिकटों की बिक्री के तीसरे चरण की शुरुआत की घोषणा की। इससे पहले 11 दिसंबर 2025 और 14 जनवरी 2026 को शुरुआती दो चरण में टिकटों की बिक्री हुई जो सफल रही। बीसीसीआई ने कहा कि नवीनतम चरण प्रशंसकों को दुनिया की शीर्ष टीमों की मौजूदगी वाले इस टूर्नामेंट के दौरान होने वाले मुकाबलों के लिए सीट सुरक्षित का एक और मौका देता है। शनिवार से शुरू होने वाला टी20 विश्व कप भारत के कुछ सबसे जाने-पहचाने क्रिकेट स्थलों पर खेला जाएगा, जिससे ऐसा माहौल बनेगा जहां प्रशंसक पूरे टूर्नामेंट के दौरान शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और टी20 प्रारूप से जुड़े जज्बे को देख सकेंगे। जैसे-जैसे मेजबान शहरों में तैयारियां आखिरी चरण में पहुंच रही हैं तो बीसीसीआई संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर आयोजन स्थलों की तैयारी, संचालन योजना और मैच के दिन के अनुभव पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# गुजरात को हराकर दिल्ली चौथी बार फाइनल में

वडोदरा, एजेंसी

**डब्ल्यूपीएल एलिमिनेटर**

- **26 गेंद शेष रहते सात विकेट से कैपिटल्स ने मैच जीता**

शिनेल हेनरी (35 रन पर तीन विकेट) और नंदिनी शर्मा (44 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी के बाद ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपीएल के एलिमिनेटर मैच में मंगलवार को गुजरात जायंट्स को 26 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर लगातार चौथी बार फाइनल में प्रवेश किया। कैपिटल्स के सामने गुरुवार को खेले जाने वाले फाइनल में पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की चुनौती होगी।

गुजरात को 7 विकेट पर 168 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 15.4 ओवर में तीन विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए लिजेल ली ने 43, शेफाली वर्मा ने 31, कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 41 और लौरा वोल्वार्डट ने नाबाद 32 रन बनाए। ली और शेफाली ने पहले विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी के साथ मैच का रुख तय किया तो वहीं वोल्वार्डट और जेमिमा ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत को जाया नहीं होने दिया। गुजरात की जॉर्जिया वेयरहम ने दो जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ को एक सफलता मिली। सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी की नाबाद 62 रन की पारी के दम पर गुजरात ने 7 विकेट 168 रन बनाये। मूनी ने 51 गेंदों पर छह चौके जड़ने के साथ पांचवें विकेट के लिए वेयरहम के साथ 61 और आखिरी ओवरों में काश्वी गौतम के साथ 39 रन की साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। वेयरहम ने 35 और काश्वी ने 18 रन बनाए।

लिजेल ली और शेफाली वर्मा ने लक्ष्य का पीछा करते हुए कैपिटल्स को तेज शुरुआत दिलाई। ली ने शुरुआती दो ओवरों में रेणुका सिंह और काश्वी गौतम के खिलाफ चौके लगाये तो वही शेफाली ने राजश्वरी गायकवाड़ के ओवर में दो बार गेंद का सीमा रेखा के पार भेजा। ली ने रेणुका के खिलाफ पांचवे ओवर में हैट्रिक चौका जड़ा तो वही शेफली ने ओवर को लगातार दो चौके के साथ खत्म किया। टीम ने इस ओवर से 21 रन बटोरे। ली ने अगले ओवर में राजश्वरी के खिलाफ आक्रामक तेवर जारी रखते हुए चौका और पारी का पहला छक्का लगाया जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर बिना किसी नुकसान के 75 रन हो गया।



लिजेल ली शेफाली वर्मा

# एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग निशानेबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- **2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे**
- **एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने एनआरएआई के अध्यक्ष को लिखे पत्र में की पुष्टि**

भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है।

एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की।

एनआरएआई ने बताया कि इसका आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। एएससी ने पत्र में कहा कि हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।

**टेनिस रैंकिंग**

**अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग रखी बरकरार**

# सबालेंका शीर्ष पर बरकरार, जोकोविच तीसरे स्थान पर पहुंचे



एरीना सबालेंका

मेलबर्न, एजेंसी

कार्लोस अल्काराज से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं।

डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रिबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रिबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर काबिज हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।



कार्लोस अल्काराज

- **रिबाकिना की दो पायदान की छलांग, इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर काबिज**

### अल्काराज ने रॉटरडैम से नाम वापस लिया

**रॉटरडैम।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने रॉटरडैम में होने वाले एबीएन एमरो ओपन से नाम वापस ले लिया है, टूर्नामेंट ने यह घोषणा की है। पिछले सीजन में एटीपी 500 इनडोर हार्ड-कोर्ट टाइटल जीतने वाले स्पेन के अल्काराज, एटीपी वेबसाइट के अनुसार, 9 से 16 फरवरी तक होने वाले इस इवेंट में अपना खिताब बचाने के लिए वापस नहीं आएंगे। अल्काराज की गैरमौजूदगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर 2 अलेक्जेंडर ज्वेरेव, फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और एलेक्स डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे। अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया है। अल्काराज ने रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जोकोविच को हराकर मेलबर्न में पहला टाइटल जीता था।

### भांबरी एटीपी युगल टॉप 20 में शामिल



युकी भांबरी

**चंडीगढ़।** राउंडग्लास टेनिस एकेडमी के एथलीट युकी भांबरी एटीपी रैंकिंग में नंबर 20 पर पहुंच गए हैं, जिससे वह रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बन गए हैं और भारत के टॉप रैंक वाले डबल्स खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। युकी ने कई एटीपी टूर फाइनल में हिस्सा लिया है और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्वीडन के आंद्रे गोरान्सन के साथ जोड़ी बनाकर, युकी ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम, मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में शानदार प्रदर्शन किया, तीसरे राउंड में पहुंचकर रैंकिंग पॉइंट्स हासिल किए जो उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी थे।